



दैनिक

# छत्तीसगढ़ गौरव

डाक पंजीयन क्रमांक :जी2-112/सी.जी/बी.एल.पी./032/ 2023-2026

website:- chhattisgarhgaurav.in



इंदौर स्वीट्स

नमकीन और मिठाईयों की लंबी श्रृंखला के बाद अब केशर कुल्फी और दही कचौड़ी

हमारा विश्वास हैं

एक बार खायेगें, बार-बार आयेगें...

पावर हाऊस रोड, कोरबा
फोन-222833,222733



वर्ष 25 अंक 193 पृष्ठ 8 मूल्य 2.00 रूपये    गुरूवार 16 अक्टूबर 2025    डाक-शुक्रवार 17 अक्टूबर 2025    chhattisgarhgaurav@rediffmail.com


## प्रथमेश

### गाजा शांति समझौते के बाद डोनाल्ड ट्रंप की हमास को सीधी चेतावनी, 'हथियार डाल दो, वरना हम डलवा देंगे

वाशिंगटन ,16 अक्टूबर । गाजा में शांति स्थापित करने के प्रस्ताव पर सहमति बनने के अगले ही दिन, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आतंकी संगठन हमास को बेहद कड़े शब्दों में चेतावनी दी है। उन्होंने साफ कहा है कि अगर हमास ने समझौते के तहत अपने हथियार नहीं डाले, तो अमेरिका उन्हें ऐसा करने पर मजबूर कर देगा, चाहे इसके लिए हिंसक तरीका ही क्यों न अपनाना पड़े। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान जब ट्रंप से सवाल पूछा गया कि अगर हमास शांति प्रस्ताव की शर्त के मुताबिक हथियार डालने से इनकार करता है तो अमेरिका क्या करेगा? इस पर ट्रंप ने अपने चिर-परिचित अंदाज़ में जवाब देते हुए कहा, उन्हें ( हमास को ) हथियार डालने ही होंगे। अगर वे खुद ऐसा नहीं करेंगे, तो हम उनसे हथियार डलवा देंगे। ट्रंप ने आगे दावा किया कि उनके करीबी सहयोगियों ने हमास के शीर्ष नेतृत्व से बात की है और संगठन ने हथियार छोड़ने पर सहमति जताई है। उन्होंने कहा, मैंने हमास से बात की है। मैंने कहा कि आप हथियार छोड़ने जा रहे हैं, ठीक है? उन्होंने कहा कि 'यस सर, हम सारे हथियार खत्म कर देंगे।' उन लोगों ने मुझसे यही कहा है। इसके बाद भी यदि वे हथियार नहीं छोड़ेंगे तो हम सख्ती से निपटेंगे और यह तरीका थोड़ा हिंसक भी हो सकता है।

# 'हमारी आयात नीति हितों के आधार पर', रूस से तेल खरीद बंद करने के ट्रंप के दावों पर बोला विदेश मंत्रालय

नई दिल्ली ,16 अक्टूबर [ एजेंसी ]। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के इस बयान के बाद कि भारत जल्द ही रूस से तेल खरीदना बंद कर देगा, भारत सरकार ने इस पर आधिकारिक प्रतिक्रिया दी है। गुरुवार को विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने स्पष्ट किया कि भारत की ऊर्जा नीति पूरी तरह से राष्ट्रीय हितों और उपभोक्ताओं की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाई जाती है।



जयसवाल ने कहा कि भारत तेल और गैस का एक बड़ा आयातक देश है, और मौजूदा अस्थिर वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य में भारतीय उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि भारत की आयात नीति इसी लक्ष्य के अनुरूप तैयार की जाती है। मंत्रालय के अनुसार, स्थिर ऊर्जा मूल्य और विश्वसनीय आपूर्ति सुनिश्चित करना भारत की ऊर्जा रणनीति के मुख्य उद्देश्य हैं। इसके तहत भारत अपने ऊर्जा स्त्रोतों का विस्तार और विविधीकरण लगातार कर रहा है ताकि किसी एक बाजार पर निर्भरता कम हो सके। विदेश मंत्रालय ने आगे कहा कि अमेरिका के साथ भारत की ऊर्जा साझेदारी लंबे समय से मजबूत हो रही है। पिछले दस वर्षों में इस क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है, और मौजूदा अमेरिकी प्रशासन ने भी भारत के साथ ऊर्जा सहयोग बढ़ाने में रुचि दिखाई है। जयसवाल ने बताया कि इस विषय पर दोनों देशों के बीच बातचीत जारी है और भारत अपने ऊर्जा हितों की रक्षा के लिए संतुलित दृष्टिकोण बनाए रखेगा।

## महानगर में फर्जी डेटिंग ऐप का खुलासा, 16 महिलाएं सहित 17 गिरफ्तार

कोलकाता ,16 अक्टूबर [ एजेंसी ]। महानगर कोलकाता में फर्जी डेटिंग ऐप का खुलासा हुआ हुआ है। पुलिस ने बताया कि, सीआईडी ने दक्षिण कोलकाता के मिंटो पार्क इलाके में डेटिंग ऐप के जरिये धोखाधड़ी में कथित संलिप्तता के लिए 16 महिलाओं समेत 17 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस घटना से मिंटो पार्क और आसपास के इलाकों में काफी सनसनी फैल गई है। इस घटना से मिंटो पार्क और आसपास के इलाकों में काफी सनसनी फैल गई है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने कथित तौर पर दोस्त बनने का प्रस्ताव देकर उपयोगकर्ताओं को झांसा दी और फिर धोखाधड़ी की।

# भारत के पहले मानव मिशन गगनयान की लॉन्च डेट आई सामने, इसरो प्रमुख वी. नारायणन ने किया खुलासा

नई दिल्ली ,16 अक्टूबर [ एजेंसी ]। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ( इसरो ) ने अपने भविष्य के मिशनों को लेकर एक बड़ी घोषणा की है। इसरो प्रमुख वी. नारायणन ने बुधवार को बताया कि एजेंसी ने 2040 तक किसी भारतीय को चंद्रमा की सतह पर उतारने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। यह घोषणा भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम में एक नए युग का संकेत है।



नारायणन ने यह भी स्पष्ट किया कि भारत का पहला मानवयुक्त अंतरिक्ष मिशन 'गगनयान' 2027 में लॉन्च किया जाएगा। इस ऐतिहासिक मिशन से पहले, इसरो तीन मानवरहित 'गगनयान' मिशन भी भेजेगा। इनमें से पहला मिशन दिसंबर 2025 में लॉन्च होने की उम्मीद है, जिसमें 'व्योममित्र' नामक एक अर्ध-मानवीय रोबोट को अंतरिक्ष में भेजा जाएगा।

इसरो प्रमुख ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा निर्धारित किए गए दिशा-निर्देशों का हवाला देते हुए कहा, प्रधानमंत्री ने 2040 तक एक स्वदेशी मानवयुक्त चंद्र मिशन का लक्ष्य दिया है, जिसके तहत हमें अपने नागरिकों को चंद्रमा पर उतारना होगा और उन्हें सुरक्षित वापस भी लाना होगा।

इसके अलावा, भारत 2035 तक अपना खुद का अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने की भी योजना बना रहा है। नारायणन ने यह भी जानकारी दी कि शुक्र ग्रह के अध्ययन के लिए एक 'वीनस ऑर्बिटर मिशन' को भी मंजूरी दे दी गई है, जो भारत के अंतरग्रहीय अभियानों को और मजबूती देगा।

# बाड़मेर में ट्रेलर-स्कॉर्पियो की भीषण टक्कर, चार युवकों की जिंदा जलकर मौत, एक गंभीर

बाड़मेर ,16 अक्टूबर [ एजेंसी ]। राजस्थान के बाड़मेर जिले से आज सुबह दर्दनाक सड़क हादसे की खबर सामने आई है। बालोतरा के पास ट्रेलर और स्कॉर्पियो की आमने-सामने भीषण भिड़ंत हो गई। हादसा इतना भयानक था कि स्कॉर्पियो में आग लग गई और उसमें सवार चार युवकों की मौके पर ही जिंदा जलकर मौत हो गई। एक युवक गंभीर रूप से घायल है, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जोधपुर रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार, गुड़ामालानी के डाबड़ गांव के पांच दोस्त स्कॉर्पियो में सवार होकर सिणधरी आए थे। रात को होटल में खाना खाने के बाद वे वापस लौट रहे थे। इसी दौरान बालोतरा-सिणधरी मेगा हाईवे पर उनकी स्कॉर्पियो की टक्कर सामने से आ रहे ट्रेलर से हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि गाड़ी में आग लग गई और दरवाजे जाम हो गए, जिससे चार युवक भीतर ही फंस गए।

आग की लपटों में फंसे युवकों को निकालना संभव नहीं हो सका और चारों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं ट्रेलर चालक ने साहस दिखाते हुए स्कॉर्पियो के चालक को बाहर निकालने में सफलता पाई। घायल चालक को सिणधरी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद जोधपुर रेफर किया गया।

प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा- घटना की सूचना मिलते ही जिला कलेक्टर सुशील कुमार यादव, पुलिस अधीक्षक रमेश, अतिरिक्त जिला कलेक्टर भुवनेश्वर सिंह चौहान, डिप्टी निरज शर्मा, उपखंड अधिकारी समंदर सिंह भाटी, मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी वाकाराम चौधरी और परिवहन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। हादसे में जले शवों की हालत इतनी खराब है कि पहचान मुश्किल हो गई है। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान डीएनए जांच के बाद ही संभव हो पाएगी।

# बुजुर्गों के लिए आसान होगा वंदे भारत स्लीपर का सफर

## नई गाड़ियों के लिए रेलवे ने डिजाइन में किए बड़े बदलाव, पहली ट्रेन में ही नया फीचर

नई दिल्ली ,16 अक्टूबर [ एजेंसी ]। भारतीय रेलवे की फ्लैगशिप ट्रेन सीरीज वंदे भारत एक्सप्रेस अब एक और नए और अधिक आरामदायक रूप में सामने आने वाली है - वंदे भारत स्लीपर ट्रेन के तौर पर। इस ट्रेन में अब यात्रियों को अपर बर्थ तक पहुंचने में कोई दिक्कत नहीं होगी, क्योंकि रेलवे ने सीढियों के डिजाइन में बड़ा बदलाव किया है। काइनेट में वंदे भारत प्रोजेक्ट के निदेशक निशुंक गर्ग ने जानकारी दी कि नई स्लीपर वंदे भारत में सीढियों का डिजाइन पूरी तरह नया और आरामदायक बनाया गया है। निशुंक गर्ग ने बताया कि इस डिजाइन के साथ यात्रियों को न केवल सुविधा मिलेगी, बल्कि ट्रेन का लुक और इंटीरियर भी आधुनिक और प्रीमियम होगा। उन्होंने कहा कि अकसर यात्रियों की शिकायत होती थी कि अपर बर्थ पर चढ़ना मुश्किल होता है।



खासतौर पर बुजुर्ग यात्रियों और बच्चों को परेशानी होती थी। इसी बात को ध्यान में रखते हुए हमने सीढियों को इस तरह डिजाइन किया है कि सभी आयु वर्ग के लोग आसानी से ऊपर जा सकें। गर्ग ने बताया कि यह फीचर पहली ही वंदे भारत स्लीपर ट्रेन में देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि अगले साल पहली ट्रेन डिलीवर की जाए और उस पर तेजी से काम जारी है। इससे संकेत मिलता है कि 2026 की शुरुआत तक यात्रियों को यह नया वंदे भारत स्लीपर अनुभव मिल सकता है।

रूस-भारत की संयुक्त साझेदारी से हो रहा निर्माण-वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का निर्माण काइनेट रेलवे सॉल्यूशंस कर रही है, जो रूस की ट्रांसमाशहोल्डिंग और भारत की सरकारी कंपनी रेल विकास निगम लिमिटेड के बीच एक ज्वाइंट वेंचर है। इस साझेदारी के तहत कुल 1,920 स्लीपर कोच ( 120 ट्रेन सेट ) तैयार किए जाएंगे। इन ट्रेनों का डिजाइन, निर्माण और 35 साल तक रखरखाव किया जाएगा। काइनेट के चीफ डिजाइनर एवगेनी मास्लोव ने बताया कि कंपनी का फोकस भारतीय यात्रियों को 'नेक्स्ट लेवल' का अनुभव देना है।

## मणिपुर में 10 किलोग्राम ब्राउन शुगर मादक पदार्थ के साथ तीन गिरफ्तार

मणिपुर। मणिपुर के कांगपोकपी जिले में सुरक्षा बलों ने तीन संदिग्ध मादक पदार्थ तस्करों को करीब 10 किलोग्राम ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तीनों को कांगपोकपी थाना क्षेत्र के अंतर्गत एलेक्स फार्म से बुधवार को गिरफ्तार किया गया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर सुरक्षा बलों ने एक करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की 9.8 किलोग्राम ब्राउन शुगर जब्त की जिसे 225 साबुन के डिब्बों में छिपाकर रखा गया था।

# मुंबई में बांग्लादेशी 'गुरु मां' गिरफ्तार, फर्जी दस्तावेजों पर 30 सालों से भारत में रह रही थी, कई मामले हैं दर्ज

मुंबई ,16 अक्टूबर [ एजेंसी ]। मुंबई पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई में बांग्लादेशी ट्रांसजेंडर 'गुरु मां' के नाम से मशहूर ज्योति को गिरफ्तार किया है, जो पिछले 30 सालों से फर्जी दस्तावेजों के सहारे भारत में रह रही थी। यह मामला तब सामने आया जब पिछले कुछ महीनों से अवैध रूप से भारत में रह रहे बांग्लादेशियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। मार्च 2025 में शिवाजी नगर पुलिस ने रफीक नगर से कुछ बांग्लादेशी ट्रांसजेंडरों को गिरफ्तार किया था। इस दौरान ज्योति को भी हिरासत में लिया गया था, लेकिन उस समय उसके पास आधार कार्ड, पैन कार्ड सहित सभी भारतीय दस्तावेज मौजूद थे, इसलिए उसे छोड़ दिया गया था।



इसके बाद पुलिस ने ज्योति की ओर से तैयार किए गए भारतीय जन्म प्रमाण पत्र और अन्य दस्तावेजों की जांच कराई, जिसमें वे सभी दस्तावेज फर्जी निकले। इसके बाद पुलिस ने बाबू अयान खान उर्फ ज्योति उर्फ गुरु मां को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, ज्योति का असली नाम बाबू अयान खान है। वह 300 से अधिक फॉलोअर्स की 'गुरु मां' थी और मुंबई के रफीक नगर, गोवंडी व अन्य इलाकों में उसके 20 से ज्यादा घर बताए जा रहे हैं।

पुलिस के मुताबिक, ज्योति के खिलाफ मुंबई के शिवाजी नगर, नारपोली, देवनार, ट्रॉम्बे और कुर्ला पुलिस स्टेशनों में भी कुछ अन्य मामले दर्ज हैं। फिलहाल, पुलिस ने उसे पासपोर्ट अधिनियम की धाराओं के साथ भारतीय न्याय संहिता की अन्य धाराओं के तहत गिरफ्तार किया है। मुंबई पुलिस ने कहा कि यह गिरफ्तारी उन लोगों के लिए एक बड़ी चेतावनी है जो फर्जी दस्तावेजों के आधार पर भारत में अवैध रूप से निवास कर रहे हैं। इसके साथ के कितने लोग अभी रह रहे हैं? पुलिस इसके बारे में पता लगा रही है। पुलिस यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि इसने जो भी फर्जी दस्तावेज बनवाए थे, वे कहां से बनवाए थे और अभी तक किस-किस के बने हैं।

# भारतीय मूल का अमरीकी विशेषज्ञ गिरफ्तार चीनी अफसरों से सीक्रेट मुलाकात का आरोप

नई दिल्ली,16 अक्टूबर [ एजेंसी ]। भारतीय मूल के अमरीकी विशेषज्ञ एशले टेलिस को एफबीआई ने गिरफ्तार किया है। एशले टेलिस एक रणनीतिकार और विदेश नीति विशेषज्ञ हैं। एशले टेलिस को राष्ट्रीय रक्षा जानकारी को अवैध रूप से रखने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उन पर चीनी अधिकारियों से सीक्रेट मुलाकात का भी आरोप है।

वाशिंगटन की विदेश नीति संस्था में सम्मानित व्यक्ति, टेलिस वर्तमान में कार्नेगी एंडोमेंट फॉर इंटरनेशनल पीस में एक सीनियर फेलो हैं और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा, रक्षा एवं एशियाई सामरिक मुद्दों में विशेषज्ञता रखते हैं। 64 साल के टेलिस के वर्जीनिया वाले घर से एफबीआई को 1,000 से ज्यादा पेज के सीक्रेट दस्तावेज मिले हैं। अगर वह दोषी पाए गए तो 10 साल जेल और 2.5 लाख डॉलर ( करीब 2 करोड़ रुपए ) का जुर्माना हो सकता है।




## वाह वाह

०० सास ( दामाद से )- जिम जाया करो, खा-खाकर पेट निकल आया है

पति- पेट तो आपकी बेटी का भी निकल आया है

सास- वो तो मां बनने वाली है

दामाद- तो मैं भी तो बाप बनने वाला हूं

सास ने अपना सिर पकड़ लिया.....

## रायपुर में हिट एंड रन, चेकिंग कर रहे ट्रैफिक आरक्षक को रौंदा, कार सवार दो आरोपी हिरासत में लिए गए

रायपुर,16 अक्टूबर [ एजेंसी ]। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के वीआईपी रोड पर बुधवार की देर रात दर्दनाक हादसा हो गया। ड्रिंक एंड ड्राइव की चेकिंग से बचने के चक्कर में तेज रफ्तार कार सवार ने बैरिकेड तोड़ते हुए ट्रैफिक सिपाही को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ट्रैफिक आरक्षक हेम कुमार पटेल गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। उनकी एक टांग टूट गई है और उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है।

घटना तेलीबांधा थाना क्षेत्र की है। जानकारी के मुताबिक पुलिस की ड्रिंक एंड ड्राइव चेकिंग के दौरान एक कार चालक ने रुकने के बजाय स्पीड बढ़ा दी। उसने बैरिकेड समेत ट्रैफिक आरक्षक को काफी दूर तक घसीटा। कुछ दूरी पर जाकर कार अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद पुलिसकर्मियों ने तत्काल घायलों को अस्पताल पहुंचाया। कार में सवार चालक सिद्धांत दान और उसका साथी आदित्य चौधरी भी चोटिल हुए हैं। दोनों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि चालक नशे की हालत में था और पुलिस की ड्रिंक एंड ड्राइव चेकिंग से बचने के लिए तेज रफ्तार में वाहन भगाया। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर कार जब्त कर ली है। तेलीबांधा पुलिस आरोपी कार चालक से पूछताछ कर रही है।

# मलकानगिरी में नक्सलियों की बंदूक फैक्ट्री का भंडाफोड़ विस्फोटक के साथ हथियार बनाने के सामान किए बरामद

जगदलपुर,16 अक्टूबर [ एजेंसी ]। ओडिसा के मलकानगिरी पुलिस को नक्सल विरोधी अभियान में एक बड़ी सफलता मिली है, कालीमेला थाना क्षेत्र के धूमल और चिलकलामुडी रिजर्व फॉरेस्ट इलाके में चलाए गए सर्च ऑपरेशन में तलाशी के दौरान नक्सलियों की एक गुप्त बंदूक फैक्ट्री का पता चला.

आंध्र-ओडिशा सीमा पर सिलुरु थाना क्षेत्र में डीवीएफ के जवानों की छापेमारी में कई अर्धनिर्मित बंदूकें, मरम्मत के उपकरण, और हथियार बनाने की पूरी सामग्री बरामद की गई, इसके साथ ही नक्सलियों द्वारा छिपाई गई तीन बारूदी सुरंगें



जिनका वजन तीन, दो और एक किलो है, उसे भी जब्त की गईं है. यही नहीं पांच डेटोनेटर, कॉर्डेक्स वायर, वेल्डिंग मशीन, जनरेटर और वेल्डिंग रॉड जैसे उपकरण भी बरामद किए गए हैं. पुलिस का मानना है कि यह फैक्ट्री नक्सलियों के हथियार मरम्मत और निर्माण का अहम ठिकाना थी, बरामद सभी विस्फोटक और सामग्री को सुरक्षा बलों ने नष्ट कर दिया है, जबकि जब्त किए गए सामानों को आज जिला पुलिस कार्यालय में प्रदर्शित किया गया, मलकानगिरी पुलिस ने इसे नक्सल नेटवर्क पर बड़ा प्रहार बताया है और आगे भी ऐसे अभियानों को तेज करने की बात कही है.

## नशे में स्कूल पहुंचा टीचर, शिक्षकों और बच्चों के सामने शर्ट उतारकर बैठा, वीडियो वायरल



बिलासपुर,16 अक्टूबर [ एजेंसी ]। जिले के मस्तूरी क्षेत्र से एक नशेड़ी शिक्षक का वीडियो सामने आया है, जिसमें वह क्लास रूम में शिक्षिका और बच्चों के सामने अपनी शर्ट उतारकर बैठा नजर आ रहा है। आरोप है कि टीचर आए दिन शराब का नशा कर स्कूल आता है और बच्चों के साथ गाली-गलौज व मारपीट करता है। मामला मस्तूरी ब्लॉक के ग्राम सोन के प्राइमरी स्कूल का है। दरअसल, मस्तूरी क्षेत्र के ग्राम सोन स्थित प्राइमरी स्कूल में विश्वकर्मा प्रसाद कश्यप शिक्षक के पद पर कार्यरत है। बीते 14 अक्टूबर को वह शराब के नशे में स्कूल पहुंचा था। दोपहर करीब एक बजे टीचर ने पहले स्कूल के शिक्षकों से अभद्रता करते हुए गाली-गलौज की। इसके बाद महिला शिक्षकों व बच्चों के सामने अपनी शर्ट उतारकर कुर्सी में बैठ गया। इसका वीडियो किसी ने बनाया, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा। आरोप है कि टीचर रोज शराब पीकर स्कूल आता है। वायरल वीडियो में कुर्सी पर बैठा टीचर इतने नशे में दिख रहा कि उसके मुंह से सही तरीके से आवाज तक नहीं निकल रही। उसकी जुबान लड़खड़ा रही। शिक्षा विभाग के अफसरों ने वायरल वीडियो की सच्चाई की जांच कर दोषी टीचर पर कार्रवाई करने की बात कही है।

# आयुक्त पहुंचे विभिन्न छठघाटों पर, किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं के दिए दिशा निर्देश

## आगामी 25 अक्टूबर से हो रही भगवान सूर्य की उपासना व छठी मईया की पूजा अर्चना के महान पर्व छठ पर्व की शुरूआत



कोरबा (छ.ग.गौरव)। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय आज कोरबा नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न स्थलों पर स्थित छठघाटों में पहुंचे, उन्होने छठघाटों का निरीक्षण किया, वहॉ की जाने वाली विविध व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं छठघाटों की साफ-सफाई, चेजिंग रूम स्थापना, पानी व प्रकाश व्यवस्था, छठघाटों तक पहुंचने हेतु मार्ग की सफाई एवं आवश्यक मरम्मत सुधार कार्य सहित अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में त्वरित कार्यवाही हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

यहॉ उल्लेखनीय है कि भगवान सूर्यदेव की उपासना व छठी मईया की पूजा अर्चना के महान पर्व छठपर्व की शुरूआत इस वर्ष 25 अक्टूबर को '' नहाय खाय '' से हो रही है तथा अगले दिनों क्रमशः खरना, छठ पूजा, संध्या अर्ध्य आदि के साथ 28 अक्टूबर प्रातः भगवान सूर्य को प्रातः अर्ध्य प्रदान कर पर्व का समापन होगा। नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र के अंतर्गत स्थित समस्त छठघाटों में आवश्यक व्यवस्थाएं किए जाने के संबंध में मंगलवार को महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने निगम के अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए थे। आज आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने ढेगुरनाला स्थित छठघाट, बालको बेलगरी नाला राममंदिर के समीप स्थित छठघाट एवं पम्प हाउस स्थित छठघाट का अधिकारियों की टीम के साथ निरीक्षण किया तथा विभिन्न छठघाटों में की जाने वाली आवश्यक व्यवस्थाओं व सुविधाओं के संबंध में स्थल का जायजा लेते हुए अधिकारियों को समुचित दिशा निर्देश दिए। आयुक्त श्री पाण्डेय ने छठघाटों में आवश्यकतानुसार मरम्मत व सुधार कार्य एवं विशेष साफ-सफाई के साथ-साथ छठघाटों में पानी की पर्याप्त उपलब्धता बाबत आवश्यक कार्यवाही त्वरित रूप से प्रारंभ किए जाने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि छठघाटों में स्नान के पश्चात चेजिंग हेतु चेजिंग रूम स्थापित कराएं एवं छठघाटों में आने-जाने के मार्गो में रात्रि के समय पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था रहे यह भी सुनिश्चित करें, स्ट्रीट लाईटों को चेक कर लें एवं आवश्यकतानुसार स्ट्रीट लाईट की व्यवस्था भी करें। आयुक्त श्री पाण्डेय ने छठघाट तक आने जाने के मार्ग की साफ-सफाई व आवागमन को सुगम बनाए जाने के संबंध में भी त्वरित रूप से कार्यवाही किए जाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

छठघाटों के निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त विनय मिश्रा, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, जोन कमिश्नर भूषण उरांव, अखिलेश शुक्ला, एन.के.नाथ, सहायक अभियंता राहुल मिश्रा, लीलाधर पटेल, सहायक राजस्व अधिकारी सुमित गुप्ता, दिलेश्वर सिंह, वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक सुनील वर्मा, उपअभियंता सोमनाथ डेहरे, अश्वनी दास, पुरूषोत्तम शर्मा, रामू पाण्डेय आदि के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन की ऑनलाईन तिथि तीन दिन बढ़ी

## अब 17 अक्टूबर शाम पांच बजे तक भरे जा सकेंगे आवेदन

कोरबा (छ.ग.गौरव)। राज्य के नर्सिंग महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवनेदन करने की तिथि तीन दिन बढ़ा दी गई है। विद्यार्थी अब 17 अक्टूबर शाम पांच बजे तक नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन भर सकेंगे। नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए काउंसलिंग समिति के अध्यक्ष ने इस बारे में सूचना भी जारी कर दी है। इस वर्ष 2025 में काउंसलिंग के जरिए बी.एस.सी. नर्सिंग, एम.एस.सी. नर्सिंग, पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग, और पोस्ट बेसिक डिप्लोमा इन साईकियाट्रिक नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिया जाएगा। पहले इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि 14 अक्टूबर थी जिसे बढ़ाकर 17 अक्टूबर कर दिया गया है। काउंसलिंग, आवंटन और प्रवेश संबंधी सभी जानकारियां चिकित्सा शिक्षा संचालनालय की वेबसाईट www.cgdme.in पर भी उपलब्ध कराई गई है।

चिकित्सा शिक्षा संचालनालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार ऑनलाईन आवेदन के लिए अनारक्षित और अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों को 1 हजार रूपए और अनुसूचित जाति-जनजाति के उम्मीदवारों को 500 रूपए शुल्क जमा करना होगा। ऑनलाईन आवेदन में किसी तरह की गलती हो जाने पर त्रुटि सुधार के लिए एक हजार रूपए शुल्क निर्धारित किया गया है। त्रुटि सुधार के समय पहले दिए गए ई-मेल एवं मोबाईल नंबर में कोई परिवर्तन नहीं हो सकेगा। ऑनलाईन आवेदन के समय ही अभ्यर्थियों को संस्था का चयन करना होगा। इसके लिए अतिरिक्त समय नहीं दिया जाएगा। ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि तक अभ्यर्थियों को सभी आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध रखने होंगे। अपूर्ण आवेदन या पंजीयन फीस के बैंक गेटवे से जमा नहीं होने पर अभ्यर्थी अपात्र घोषित किये जा सकेंगे। अतः अभ्यर्थियों को ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि से 17 अक्टूबर से 24 घंटे पहले आवेदन भरने की कार्यवाही पूरी कर लेनी चाहिए।

पहली काउंसलिंग में आवंटित अभ्यर्थियों को संवीक्षा कराना एवं पात्र होना जरूरी होगा। शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय में प्रवेश लेना अनिवार्य किया गया है। शासकीय नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश नहीं लेने पर अभ्यर्थी अपात्र घोषित किये जा सकेंगे। ऑनलाईन आवेदन के बाद आगे की कार्यवाही के लिए काउंसलिंग शेड्यूल का अवलोकन विभागीय वेबसाईट पर किया जा सकता है।

# पटाखा दुकानो में आग से बचाव हेतु एडवाईजरी जारी

कोरबा (छ.ग.गौरव)। दीपावली पर्व पर संचालित होने वाले स्थाई व अस्थाई पटाखा दुकानो में आग से बचाव के लिए नगर सेना अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाऐं तथा एस.डी.आर.एफ. रायपुर से एडवाईजरी जारी किया गया है। जारी एडवाईजरी में साफ कहा गया है कि पटाखा दुकानो का निर्माण बांस बल्ली और कपडे के बजाय टीन (शेड) के रूप में किया जाएं, इसके अलावा दुकानों पर 5 किग्रा क्षमता का डी.सी.पी अग्निशमन यंत्र अनिवार्य रूप से उपलब्ध रहे, जांच के दौरान जारी एडवाईजरी का पालन नही करने पर छत्तीसगढ़ अग्निशमन एवं आपातकालीन नियमावली 2021 के तहत कार्यवाही की जाएगी।

पटाखा दुकानो में किसी भी ज्वलशील पदार्थ जैसे कपड़ा, बांस, रस्सी, टेंट इत्यादी का ना हो कर अज्वलनशील सामग्री से बने टीन शेड द्वारा निर्मीत होना चाहिए। पटाखा दुकान एक दुसरे से कम से कम तीन मीटर की दुरी पर एवं एक दुसरे के सामने न बनाई जाए। पटाखा दुकानो में प्रकाश व्यवस्था हेतु किसी भी प्रकार के तेल का लैंप, गैस लैंप एवं खुली बिजली बत्ती का उपयोग प्रतिबंधित होना चाहिए। किसी भी पटाखा दुकान से 50 मीटर के अंदर आतिशबाजी प्रदर्शन प्रतिबंधित होनी चाहिए। विद्युत तारां में ज्वाईंट खुला नहीं होना चाहिए एवं प्रत्येक मास्टर स्वीच में फ्यूज या सर्किट ब्रेकर लगा होना चाहिए जिससे सार्ट शर्किट की स्थिति में विद्युत प्रवाह स्वतः बंद हो जाए। दुकाने ट्रांसफार्मर के पास न हो और उनके उपर से हाई टेशंन पावर लाईन न गुजरती हो। प्रत्येक पटाखा दुकान में 6 फीट की मारक क्षमता वाली 5 किग्रा का डी.सी.पी अग्नि शामक यंत्र होना चाहिए। दुकानो के सामने कुछ अंतराल में 200 लीटर क्षमता के ड्रम की व्यवस्था बाल्टियो के साथ होनी चाहिए। पटाखा दुकानो के सामने बाईक या कार की पार्किंग प्रतिबंधित होना चाहिए। अग्नि शमन विभाग एवं एम्बूलेंस का फोन नम्बर दुकान परिसर के कुछ स्थानो मे लगाया जाए। अग्निशमन मुव्हमेंट के लिए पर्याप्त स्थान होना चाहिए।

आम जनता लाईसेंस प्राप्त विक्रेताओ से ही पटाखे खरीदें, यह सुनिश्चित करें आप गुणवत्ता वाले पटाखे खरीद रहें है, जो दुर्घटनाओ के जोखिम को कम करने के लिए अनुमोदित हो। इमारतो, वाहनो और ज्वलनशील पदार्थो से दूर पार्क बडे मैदान जैसे खुले मैदान में पटाखे जलाऐ। पटाखे जलाते समय संभावित आपातकालीन स्थिति के लिए पानी की बाल्टी निकट रखे। आग से संबंधित चोटो के जोखिम को कम करने के लिए सूती वस्त्र पहनने के लिए प्राथमिकता दे, क्योंकि सिंथेटिक कपड़े आसानी से आग पकड़ सकते है। एक बार में एक ही पटाखा जलाए, आग लगने की आशंका को देखते हुए एक सांथ कई पटाखे जलाने से बचे। घर के अंदर खिडकियो के पास या अन्य बंद स्थानो पर कभी पटाखे न जलाऐ। पटाखे जलाते समय ढ़ीले या लटकने वाले वस्त्र पहनने से बचे क्योंकि वे आसानी से आग पकड़ सकते है। ज्वलशील पदार्थो के पास पटाखों का उपयोग न करें, पटाखो को सुखी पत्तियो गैर सिलेण्डर या वाहनो जैसी वस्तुओ से दूर रखें। यदि कोई पटाखा जलने में विफल रहता है तो उसे पुनः जलाने का प्रयास न करें अपितु कुछ देर प्रतिक्षा करने के उपरांत उसका सुरक्षित निपटान करें।

# तसर रेशम के विपणन को मिली नई दिशा: मेरा रेशम मेरा अभिमान अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम सह क्रेता–विक्रेता मिलन संपन्न





कोरबा (छ.ग.गौरव)। रेशम तकनीकी सेवा केंद्र, केंद्रीय रेशम बोर्ड, बिलासपुर द्वारा आज मेरा रेशम मेरा अभिमान अभियान के अंतर्गत डिंगापुर, कोरबा में एक विशाल जागरूकता कार्यक्रम सह क्रेता-विक्रेता मिलन का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम ने तसर रेशम उद्योग से जुड़े हितधारकों को एक साझा मंच प्रदान किया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़, ओडिशा एवं झारखंड राज्यों से आए 13 से अधिक तसर व्यापारियों सहित कुल 130 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य तसर रेशम क्षेत्र में विपणन से जुड़ी समस्याओं पर गहन चर्चा कर उनके समाधान हेतु ठोस रणनीतियाँ तैयार करना था। साथ ही, राज्य रेशम विभाग एवं रेशम तकनीकी सेवा केंद्र द्वारा विकसित ऑनलाइन विपणन प्लेटफॉर्म के बारे में भी प्रतिभागियों को जानकारी प्रदान की गई। इसका लक्ष्य एकल एवं स्व-सहायता समूहों के रीलर, स्पिनर और बुनकर और व्यापारियों के बीच सीधा संबंध स्थापित करना, मार्केटिंग नेटवर्क को मजबूत करना, राज्य में निर्मित तरह-तरह के धागों को अधिक से अधिक क्रेताओं तक पहुंचाना एवं भविष्य में व्यापार के लिए अधिक विकल्प उपलब्ध करवाना रहा।

कार्यक्रम के पहले सत्र में श्री अशोक कुमार, वैज्ञानिक-बी, रेशम तकनीकी सेवा केंद्र, बिलासपुर द्वारा मुख्य अतिथि डॉ. राजेश बघेल, अपर संचालक, ग्रामोद्योग विभाग (रेशम प्रभाग), छत्तीसगढ़ शासन, एवं श्री बालभद्र सिंह भंडारी, जिला रेशम अधिकारी, कोरबा का स्वागत किया गया।

अशोक कुमार ने बताया कि कोरबा जिले में किए गए 8 कार्यक्रमों के दौरान यह पाया गया कि तसर रेशम धागे की मार्केटिंग एक मुख्य समस्या है, जिससे अधिकतर धागा उत्पादक प्रभावित हैं। इस समस्या के समाधान के लिए ही केंद्रीय रेशम बोर्ड-रेशम तकनीकी सेवा केंद्र, बिलासपुर द्वारा इस जागरूकता एवं क्रेता-विक्रेता मिलन का आयोजन किया गया है। उन्होंने व्यापार में सुगमता के लिए बनाए गए व्हाट्सएप ग्रुप की भी जानकारी दी।

डॉ. राजेश बघेल, अपर संचालक ने प्रतिभागियों को कोसे एवं धागे की उपलब्धता एवं बिक्री के लिए राज्य रेशम विभाग द्वारा बनाए गए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म की जानकारी दी, जिसकी। श्री बालभद्र सिंह भंडारी, जिला रेशम अधिकारी, कोरबा ने सभी प्रतिभागियों को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस दौरान व्यापारियों, स्व-सहायता समूह के अध्यक्षों, वैज्ञानिकों, एवं प्रतिनिधियों के साथ तसर रेशम धागे की गुणवत्ता, किस्म, मूल्य एवं मांग को लेकर विस्तृत पैनल चर्चा भी की गई।

दूसरे सत्र में आयोजित क्रेता-विक्रेता मिलन के दौरान राज्य के विभिन्न जिलों से आई महिला स्व-सहायता समूहों एवं एकल विक्रेताओं द्वारा तसर रेशम धागा एवं कपड़ों की बिक्री की गई। यह सत्र अत्यंत सफल रहा, जिसमें लगभग 2.75 लाख रूपये का व्यापार हुआ, जिसमें मुख्य रूप से तसर रेशम का स्पन धागा शामिल है।

कार्यक्रम के अंत में, प्रतिभागियों ने ऐसे आयोजनों की निरंतरता की मांग की ताकि तसर रेशम उद्योग से जुड़े कारीगरों, स्व-सहायता समूहों और व्यापारियों को एक साझा मंच पर आने का अवसर मिले तथा उनके उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल सके। मेरा रेशम मेरा अभिमान अभियान के अंतर्गत आयोजित यह कार्यक्रम न केवल तसर रेशम के क्षेत्र में कार्यरत हितग्राहियों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच सिद्ध हुआ, बल्कि इससे तसर रेशम के विपणन को नए आयाम देने की दिशा में ठोस कदम उठाने का मार्ग भी प्रशस्त हुआ है। ऐसे आयोजन ग्रामीण उत्पादकों, महिला स्व-सहायता समूहों और व्यापारियों के बीच मजबूत नेटवर्क स्थापित करने में सहायक होंगे, जिससे तसर रेशम उद्योग को नई ऊर्जा और पहचान मिलेगी।

## राशिफल

मेष-मेष राशि के जातकों के लिए आज का दिन करियर में परिवर्तन लाने वाला साबित हो सकता है। विद्यार्थियों को किसी बड़ी उपलब्धि का संकेत मिलेगा और उन्हें भविष्य के लिए नई दिशा मिलेगी। पारिवारिक वातावरण में आनंद रहेगा और आप अपनों के साथ समय बिताकर सुकून महसूस करेंगे। आज किसी बड़ी कंपनी से जुड़ने का अवसर मिल सकता है, जो आपकी आर्थिक स्थिति को मजबूती देगा। मन प्रसन्न रहेगा और मानसिक संतुलन अच्छा बना रहेगा।

वृषभ-वृषभ राशि वालों को आज सेहत के क्षेत्र में राहत मिलेगी। पुरानी थकान और कमजोरी दूर होगी। आपकी दिनचर्या व्यवस्थित रहेगी, जिससे आप पूरे दिन ऊर्जावान महसूस करेंगे। हालांकि घर में खर्चों को लेकर थोड़ी चिंता रह सकती है और किसी योजनाबद्ध कटौती की आवश्यकता पड़ सकती है। आज आप अपने किसी रचनात्मक कौशल को विकसित करने का प्रयास करेंगे, जिससे आत्मविश्वास में भी वृद्धि होगी।

मिथुन-मिथुन राशि के लोगों को आज पारिवारिक रिश्तों में मजबूती मिलेगी। माता-पिता के साथ भावनात्मक संबंध बेहतर होंगे और जीवनसाथी से भी सहयोग प्राप्त होगा। हालांकि थोड़ी चिड़चिड़ाहट या ग़लतफहमी की स्थिति बन सकती है, जिससे घर का वातावरण प्रभावित हो सकता है। कार्यक्षेत्र में नई ज़िम्मेदारियाँ मिलेंगी और आप उन्हें निपुणता से निभाएंगे। दिन के अंत तक आत्मसंतोष की भावना रहेगी।

कर्क-कर्क राशि के जातकों के लिए आज का दिन नई प्रेरणा और उपलब्धियों से भरा रहेगा। आप उत्साहित महसूस करेंगे और किसी बड़े प्रोजेक्ट को लेकर सकारात्मक कदम उठाएंगे। मीडिया या कंसल्टेंसी से जुड़े जातकों के लिए दिन काफी फलदायक रहेगा। प्रेम संबंधों में नयापन और समझदारी आएगी। पारिवारिक शांति बनी रहेगी, लेकिन किसी वरिष्ठ सदस्य की राय लेना फायदेमंद रहेगा।

सिंह-सिंह राशि वालों के लिए आज घर में उल्लास और सक्रियता का वातावरण रहेगा। नजदीकी रिश्तेदारों के आगमन से पारिवारिक मेल-मिलाप बढ़ेगा। बच्चों के साथ समय बिताना सुखद अनुभव देगा और रिश्तों में नई ऊर्जा भर देगा। मानसिक एकाग्रता बनी रहेगी, जिससे आप अटके हुए कार्यों को पूरा करने में सक्षम रहेंगे। पुराने मतभेदों को आज आप पीछे छोड़ सकते हैं।

कन्या-कन्या राशि के जातकों के लिए आज का दिन मिश्रित रहेगा। किसी पारिवारिक समस्या का समाधान संभव है, जिससे मन का तनाव कम होगा। कामकाज में गंभीरता और अनुशासन आवश्यक रहेगा। ऑफिस में किसी सहयोगी से मतभेद की आशंका है, इसलिए संवाद में सावधानी बरतें। शिक्षा या करियर से जुड़ा कोई निर्णय लेने से पहले वरिष्ठों की राय अवश्य लें।

तुला-तुला राशि वालों के लिए दिन की शुरुआत थोड़ी धीमी हो सकती है लेकिन दोपहर बाद परिस्थितियां आपके पक्ष में आ जाएंगी। कार्यक्षेत्र में आपकी योग्यता की सराहना होगी और आप किसी महत्वपूर्ण कार्य में अग्रणी भूमिका निभा सकते हैं। खर्चों पर नियंत्रण बनाना आवश्यक है, वरना बजट प्रभावित हो सकता है। पारिवारिक या सामाजिक गतिविधियों में सक्रियता लाभकारी सिद्ध होगी।

वृश्चिक-वृश्चिक राशि के जातकों के लिए आज का दिन लाभदायक सिद्ध होगा। आप अपनी ऊर्जा का सही दिशा में उपयोग कर पाएंगे। आध्यात्मिक गतिविधियों में रुचि बढ़ेगी और किसी धार्मिक स्थल पर जाने की संभावना भी बन सकती है। व्यवसाय में थोड़ी सुस्ती रहेगी लेकिन कर्मचारियों का सहयोग संतोषजनक रहेगा। आत्मिक संतुलन बना रहेगा।

धनु-धनु राशि के जातकों के लिए आज का दिन उन्नति देने वाला रहेगा। नौकरी या व्यापार में प्रमोशन या विस्तार का योग है। आप नई उपलब्धियों को प्राप्त करेंगे और अपनी पहचान मजबूत बनाएंगे। जीवनसाथी से मधुर संबंध बने रहेंगे। ध्यान रहे कि भावुकता में निर्णय न लें, विशेष रूप से वित्तीय मामलों में। सफलता के साथ थोड़ी विनम्रता भी आवश्यक होगी।

मकर-मकर राशि वालों के लिए आज का दिन आत्मविश्वास से भरपूर रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत रंग लाएगी और किसी रुके हुए प्रोजेक्ट को गति मिलेगी। वरिष्ठों की सलाह से बड़ा निर्णय ले सकते हैं। प्रेम जीवन में भी सकारात्मकता बनी रहेगी। किसी प्रिय के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा, जिससे मानसिक सुकून प्राप्त होगा। दिन के अंत में थकान महसूस हो सकती है, लेकिन संतोष की भावना रहेगी।

कुंभ-कुंभ राशि वालों के लिए आज राहत और शुभ समाचार का दिन है। किसी लंबे समय से रुके हुए कार्य की शुरुआत हो सकती है। विदेश से संबंधित कोई अच्छी खबर मिलेगी या यात्रा की योजना बनेगी। कार्यक्षेत्र में आप अपने व्यवहार से सभी का दिल जीतेंगे। हालांकि निवेश करने से पहले वरिष्ठों की राय लेना जरूरी होगा। किसी पुराने मित्र से मिलकर दिन और बेहतर बन सकता है।

मीन-मीन राशि के लिए आज का दिन संतुलित और सामंजस्यपूर्ण रहेगा। आप दिनचर्या को व्यवस्थित रूप से अपनाएंगे और कार्यों में पूरी निष्ठा दिखाएंगे। परिवार के साथ कोई मनोरंजक योजना बन सकती है, जिससे घर में खुशी का माहौल रहेगा। व्यवसायिक मामलों में किसी अनुभवी व्यक्ति का मार्गदर्शन लाभ देगा। जीवनसाथी के साथ तालमेल बेहतर रहेगा, जिससे आपसी समझ मजबूत होगी।

# खाद वितरण में अनियमितता समिति प्रबंधक को पड़ा महंगा

## एफआईआर दर्ज कराने व सेवा से बर्खास्त करने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

कोरबा (छ.ग.गौरव)। आदिम जाति सेवा सहकारी समिति केंद्र मोरगा, के प्रबंधक के विरूद्ध खरीफ वर्ष 2025-26 में खाद वितरण में गड़बड़ी एवं अनिमियतता करने संबंधी शिकायत प्राप्त होने के पश्चात की गई जांच में शिकायत सही पाये जाने पर कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा समिति प्रबंधक महेन्द्र शर्मा के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराने, आरोपी कर्मचारी को सेवा से पृथक करने और गबन की गई राशि आरोपी से वसूलने के निर्देश दिया गया है। कलेक्टर ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पोंड़ी उपरोड़ा द्वारा दिये गये जांच प्रतिवेदन के आधार पर उक्त कार्यवाही के निर्देश दिये हैं।

पोंड़ी उपरोड़ा मोरगा क्षेत्र के किसानों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा आदिम जाति सेवा सहकारी समिति केंद्र मोरगा के प्रबंधक के विरूद्ध खरीफ वर्ष 2025-26 में खाद वितरण में गड़बड़ी एवं अनिमियतता करने संबंधी शिकायत की गई थी। कलेक्टर द्वारा प्राप्त शिकायत की जांच कराई गई। जांच के लिए राजस्व व कृषि विभाग के 4 सदस्यीय संयुक्त जांच दल गठित किया गया, जिसमें सुमनदास मानिकपुरी नायब तहसीलदार पोड़ी उपरोड़ा, अखिलेश देंवागन प्रभारी वरिष्ठ ग्रामीण कृषि विकास अधिकारी विकास खण्ड पोड़ी उपरोड़ा, रंजीत भगत राजस्व निरीक्षक एवं राकेश यादव ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी मोरगा शामिल थे। संयुक्त जांच दल द्वारा मोरगा समिति में संधारित अभिलेखो, बिक्री पंजी, डिलवरी मेमो, पीओएस मशीन की एन्ट्री का अवलोकन एवं जांचोपरांत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित मोरगा में उपलब्ध डिलवरी मेमो एवं चालान के अनुसार 1 अप्रैल से 1 सितंबर 2025 तक समिति को 9 ट्रक खाद (उर्वरक) का प्राप्त हुए, जिसमें यूरिया 45 किलोग्राम-2180 बोरी, सुपर फास्फेट-400 बोरी, डीएपी-320, एनपीके-1800, पोटाश-160, नैनो यूरिया 480 तथा नैनो डीएपी 240 बोरी प्राप्त हुई थी।

संयुक्त जांच दल ने जांच कर अपने निष्कर्ष में बताया है कि समिति द्वारा संधारित वितरण पंजी एवं पीओएस पंजी में खाद (उर्वरक) की मात्रा यूरिया-164 बोरी, डीएपी 44 बोरी, एनपीके 79 बोरी, पोटाश (एमओपी) 8 बोरी का अंतर पाया गया है। यह घोर अनिमियतता की श्रेणी में आता है एवं उर्वरक नियंत्रण आदेश-1985 की धारा 35 और आवश्यक वस्तु अधिनियम-1955 की धारा 3 व 7 का उल्लघंन होने पर प्रबंधक को तत्काल प्रभाव से हटाने एवं उचित कार्यवाही किए जाने की अनुशंसा किया गया है। इसके साथ ही प्रबंधक जिसके विरूद्ध शिकायत किया गया है वह प्रबंधक एवं डाटा एन्ट्री ऑपरेटर दोनों पद पर कार्यरत है। जिन्होंने अपने बयान कथन में स्वीकार किया है कि धान खरीदी एवं खाद बिक्री से संबंधित समस्त कार्य का निष्पादन एवं स्टॉक अद्यतन का कार्य प्रबधंक अर्थात स्वयं के द्वारा ही किया जाता है। प्रबंधक द्वारा स्कंद पंजी का संधारण नहीं किया गया है, केवल डिलवरी चालान एवं इनवॉरस की मूल प्रति की उपलब्धता है। प्रबंधक द्वारा यह तथ्य स्वीकार किया गया है कि केवल 9 ट्रक खाद (उर्वरक) आया है, जिसमें से 5 ट्रक खाद (उर्वरक) का वितरण किया जा चुका है एवं शेष खाद (उर्वरक) को अन्य किसानो के खाते में जोड़ा गया है, जिसका भुगतान प्रबंधक द्वारा स्वयं किया जाएगा। ग्रामीणो के द्वारा जिन दो व्यक्तियों का फौत होना बताया गया है, उनके खाते से मृत व्यक्ति का फर्जी हस्ताक्षर कर खाद (उर्वरक) का उठाव किया गया है, उक्त संबंध में प्रबंधक द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया। इस प्रकार संयुक्त जांच दल द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन एवं संलग्न दस्तावेजो के अवलोकन से यह स्पष्ट है कि आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित मोरगा के प्रबंधक द्वारा स्कंध पंजी का संधारण नहीं किया गया है। समिति द्वारा संधारित पंजी, पीओएस मशीन से किये गये खाद (उर्वरक) की बिक्री रजिस्टर तथा कृषकों के लिखित बयान (कथन) भिन्नता होने से प्रबंधक के विरूद्ध कृषकों द्वारा की गयी शिकायत की पुष्टि हो रही है। यह घोर अनियमितता की श्रेणी में आता है। समिति के प्रबंधक महेन्द्र शर्मा द्वारा उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 की धारा 35, आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3 व 7 तथा सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 की धारा 74 (झ), (ट), (ठ) के उपबंधो का अनुपालन में गंभीर चूक की गई है। प्रबंधक के विरूद्ध एफआई आर दर्ज कराते हुए तत्काल प्रबंधक को पद से हटाते हुए वसूली की कार्यवाही किये जाने की अनुशंसा पर कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा समिति प्रबंधक महेन्द्र शर्मा के विरूद्ध संबंधित विभाग को एफआईआर दर्ज कराने, आरोपी कर्मचारी को सेवा से पृथक करने और गबन की गई राशि आरोपी से वसूलने के निर्देश दिया गया है।

# एचटीपीएस के विभागीय अस्पताल में विद्युतकर्मियों के लिए खून व पेशाब जांच की सुविधा शुरू



कोरबा (छ.ग.गौरव)। हसदेव ताप विद्युत गृह (एचटीपीएस) कोरबा पश्चिम के विभागीय चिकित्सालय में अब खून व पेशाब की जांच की सुविधा विद्युत कर्मचारियों एवं पेंशनरों को मिल सकेगी। बुधवार को मुख्य अभियंता पीके श्रीवास्तव के हाथों चिकित्सालय स्थित पैथोलॉजी लैब में जांच मशीनों का शुभारंभ किया गया।

अस्पताल प्रबंधन के अनुसार इन मशीनों की स्थापना के बाद मरीजों को खून व पेशाब की जांच की सुविधा का लाभ अपने ही चिकित्सालय परिसर में मिल सकेगा। यहां अब सीबीसी, एलएफटी, आरएफटी, लिपिड प्रोफाइल, इएसआर, यूरिन की जांच की सुविधा का लाभ विद्युतकर्मियों को मिलेगा। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य अभियंता एमके गुप्ता, पीके स्वैन, राजेश पांडे, केएनबी राव, सुधीर पंड्या, एससी पाठक एवं अधीक्षण अभियंता जीडी बर्वे समेत चिकित्साधिकारी एवं स्टॉफ उपस्थित रहे।



उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने नवा रायपुर स्थित विश्राम भवन में वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर कार्यों की समीक्षा की।



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सभी जिलों के कलेक्टरों की कॉन्फ्रेस ली। मुख्यमंत्री साय ने कलेक्टरों को धान खरीदी की तैयारियां करने के निर्देश।




केंद्रीय श्रम एवं रोजगार और युवा मामले एवं खेल मंत्री, डॉ. मनसुख मंडाविया नई दिल्ली में इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में उद्गार युवा महोत्सव के दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए।



भारत के उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति, श्री सी. पी. राधाकृष्णन ने नई दिल्ली में उपराष्ट्रपति एन्क्लेव में पश्चिम बंगाल
के राज्यपाल डॉ. सी. वी. आनंद बोस से मुलाकात की।



भारत रत्न लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी की 123वीं जयंती पर उनका बिहार दौरा नायक श्री जयप्रकाश नारायण जी, भारत के उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति, श्री सी. पी. राधाकृष्णन का माननीय राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खान और अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा लोक नायक जयप्रकाश नारायण पटना अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया।



भारत के उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति श्री सी. पी. राधाकृष्णन ने भारत रत्न लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी की 123वीं जयंती पर बिहार के सारण जिले में उनके पैतृक गाँव सिताब दियारा में उनके स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की।

# सेना ने वर्षों तक सरकारों को अस्थिर करने के लिए टीएलपी का किया इस्तेमाल, अब गले की हड्डी बना वही हथियार

इस्लामाबाद,16 अक्टूबर। लाहौर में हिंसक झड़पें और इस्लामाबाद में भारी तनाव की वजह बना अति-दक्षिणपंथी इस्लामी संगठन तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान (टीएलपी) पाकिस्तानी फौज की तरफ से पोषित एक खतरनाक आतंकवादी संगठन है। जिस संगठन को कभी पाकिस्तानी सेना ने अपनी राजनीतिक चालों के मोहरे के रूप में इस्तेमाल किया था, वही आज उसके लिए गले की हड्डी बन गया है।फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) की खुफिया रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तानी आर्मी ने वर्षों तक टीएलपी को सरकारों को अस्थिर करने और देश को कट्टर शरिया शासन की दिशा में धकेलने के लिए प्रयोग किया, लेकिन अब वही संगठन सड़कों पर सेना और सरकार दोनों के खिलाफ उतर आया है। अति- दक्षिणपंथी बरेलवी सुन्नी विचारधारा पर आधारित तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान की स्थापना 2015 में मौलाना खादिम हुसैन रिजवी ने की थी।कट्टरपंथी गुटों की तर्ज पर सेना ने ही बढ़ाया

रिपोर्ट के अनुसार टीएलपी को उसी तर्ज पर खड़ा किया गया जिस तरह लश्कर-ए-तैयबा और अन्य कट्टरपंथी गुटों को पाकिस्तानी सेना ने अपनी घरेलू राजनीति और सामरिक हितों के लिए बनाया था। सेना ने टीएलपी जैसे संगठनों को कभी सक्रिय तो कभी निष्क्रिय रखकर देश की राजनीतिक दिशा को प्रभावित किया। अटलांटिक काउंसिल की रिपोर्ट के मुताबिक 2017 में टीएलपी का इस्लामाबाद धरना तभी समाप्त हुआ जब सेना ने खुद बीच में आकर नवाज शरीफ सरकार से समझौता करवाया। बाद में सामने आए एक वीडियो में एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी को प्रदर्शनकारियों के बीच पैसे बांटते हुए देखा गया था।2017 में ठप कर दिया था इस्लामाबादयह समूह पहली बार 2017 में सुर्खियों में आया, जब इसने इस्लामाबाद को 21 दिनों तक घेर लिया था। उस समय टीएलपी ने सरकार पर ईशनिंदा कानून में बदलाव का आरोप लगाते हुए राजधानी को ठप कर दिया था। 2020 में जब फ्रांस में



पैगंबर मोहम्मद के कथित ईशनिंदा कार्टून छपे तो टीएलपी ने पूरे पाकिस्तान में हिंसक प्रदर्शन शुरू कर दिए। उन्होंने फ्रांसीसी राजदूत को निष्कासित करने की मांग की और सार्वजनिक रूप से फ्रांस के झंडे जलाए। अप्रैल 2021 में पाकिस्तानी सरकार ने टीएलपी पर प्रतिबंध लगाया और इसके मौजूदा प्रमुख साद हुसैन रिजवी (संस्थापक खादिम रिजवी के बेटे) को आतंकवाद-निरोधी क़ानूनों के तहत जेल में डाल दिया गया। लेकिन कुछ महीनों बाद ही प्रतिबंध हटा लिया गया।अब सेना के खिलाफ वही हथियारआज हालात उलट चुके हैं। टीएलपी जिसे कभी सेना की ताकत कहा जाता था, अब उसी के नियंत्रण से बाहर हो चुकी है। लाहौर, कराची और इस्लामाबाद में टीएलपी के प्रदर्शन सेना और पुलिस दोनों के खिलाफ हिंसक हो चुके हैं। राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि जिस संगठन को सेना ने अपनी सुविधा से पैदा किया था, वही अब उसके लिए सबसे बड़ा खतरा बन गया है। अब टीएलपी पाकिस्तान के उस गहरे संकट का प्रतीक बन चुकी है जहां राजनीति, धर्म और फौज की सीमाएं एक-दूसरे में उलझ चुकी हैं। कभी आर्मी का औजार रहा यह संगठन अब उसके गले की हड्डी बन गया है जिसे न निगला जा सकता है, न उगला।



## भारत-कनाडा के साथ व्यापारिक संबंध में दिखेगा बदलाव, अनीता आनंद के नई दिल्ली दौरे पर बोले विशेषज्ञ

वेंकुवर ,16 अक्टूबर। कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद रविवार को भारत दौरे पर नई दिल्ली पहुंचीं। अनीता आनंद के इस दौरे से दोनों देशों के रिश्तों में बेहतरी होने की उम्मीद की जा रही है। खासकर व्यापार के क्षेत्र में दोनों देश सहयोग बढ़ा सकते हैं। अनीता आनंद के भारत दौरे को लेकर कनाडा के राजनीतिक विशेषज्ञ क्लाइड निकोल्स का कहना है कि %जस्टिन ट्रूडो के कार्यकाल में हमने जो देखा है, उससे यह थोड़ा अलग होगा। ट्रूडो सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि हर देश के साथ व्यापारिक संबंधों के मामले में विचारधारा को प्राथमिकता देते थे। उनका नजरिया थोड़ा अलग था और मार्क कार्नी के कार्यकाल में, हम थोड़ा बदलाव देखेंगे।

## ये सही नहीं', ट्रंप के 100प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाने पर भड़का चीन, 'दोहरे मापदंड' का लगाया आरोप

न्यूयॉर्क ,16 अक्टूबर। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा चीन पर 100 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाने की घोषणा के बाद दोनों देशों के बीच व्यापार युद्ध के नए दौर की आशंका बढ़ गई है। ट्रंप की इस घोषणा के बाद चीन ने अमेरिका पर दोहरे मापदंड अपनाने का आरोप लगाया है।

## ट्रंप के फैसले के खिलाफ निर्वस्त्र होकर लोगों ने निकाली बाइक रैली, सैनिकों की तैनाती का कर रहे विरोध

वॉशिंगटन ,16 अक्टूबर। साल 2004 से, ओरेगन के सबसे बड़े शहर पोर्टलैंड की सड़कों पर हर साल निर्वस्त्र बाइक रैली निकाली जाती है। इस बाइक राइड में भीड़ स्पीकर पर संगीत बजाते हुए साइकिल चलाती है। पोर्टलैंड वर्ल्ड नेकेड बाइक राइड के अनुसार, कुछ वर्षों में लगभग 10,000 लोग इसमें शामिल हुए हैं। डोनाल्ड ट्रंप के फैसले के खिलाफ ओरेगन के पोर्टलैंड शहर में अनोखा विरोध प्रदर्शन हुआ। इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में लोगों ने निर्वस्त्र होकर बाइक रैली निकाली। राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा पोर्टलैंड में नेशनल गार्ड्स की तैनाती के विरोध में ये बाइक रैली निकाली गई। अमेरिका के कई शहरों में संघीय बल नेशनल गार्ड्स की तैनाती के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं।



पोर्टलैंड में हर साल आयोजित की जाती है ये खास बाइक रैली

पोर्टलैंड में हर साल विश्व नग्न बाइक राइड का आयोजन किया जाता है, लेकिन ट्रंप प्रशासन द्वारा पोर्टलैंड में अप्रवासियों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई और नेशनल गार्ड्स की तैनाती के फैसले की खिलाफ इस बार समय से पहले ही इस अनोखी बाइक रैली का आयोजन किया गया। पोर्टलैंड में बीते कई दिनों से अप्रवासियों के खिलाफ आव्रजन विभाग की कार्रवाई का विरोध हो रहा है। आव्रजन केंद्र के बाहर कई बार प्रदर्शनकारी और सुरक्षाकर्मियों की भिड़ंत हो चुकी है।

रैली में शामिल हुए एक प्रदर्शनकारी जेनेन किंग ने निर्वस्त्र बाइक राइड को विरोध करने का पोर्टलैंड का विशिष्ट तरीका बताया। 51 वर्षीय महिला ऊनी मोजो, जो एक विग और एक टोपी के अलावा पूरी तरह निर्वस्त्र थी, उसने गर्म चाय की चुस्की लेते हुए कहा कि उसे लगातार हो रही बारिश से कोई परेशानी नहीं है। उन्होंने कहा कि %हम बिल्कुल नहीं चाहते कि हमारे शहर में सैनिक आएं। साल 2004 से, ओरेगन के सबसे बड़े शहर पोर्टलैंड की सड़कों पर हर साल नग्न निकाली जाती है। इस बाइक राइड में भीड़ स्पीकर पर संगीत बजाते हुए साइकिल चलाती है। पोर्टलैंड वर्ल्ड नेकेड बाइक राइड के अनुसार, कुछ वर्षों में लगभग 10,000 लोग इसमें शामिल हुए हैं।

अपीलीय अदालत के फैसले का इंतजार

बाइक सवार सड़कों से होते हुए शहर के आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन भवन तक पहुंच गए। पोर्टलैंड के लोगों को शहर की एक अपीलीय अदालत के फैसले का इंतजार है, जो जल्द ही यह फैसला करेगी कि क्या ट्रम्प संघीय सैनिकों को भेज सकते हैं? बीती 5 अक्टूबर को एक संघीय न्यायाधीश ने नेशनल गार्ड्स की तैनाती पर अस्थायी रोक लगाने का आदेश दिया था।

# यह आंसुओं और खुशी की शाम, नेतन्याहू का भावनात्मक संदेश; बंधकों की रिहाई को लेकर तैयार है इस्राइल

इस्राइली,16 अक्टूबर। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बच्चों की वापसी पर भावुक संदेश दिया। उन्होंने कहा यह आंसुओं और खुशी की शाम है। अमेरिका की मध्यस्थता में इस्राइली-हमास के बीच हुए समझौते के तहत बंधकों की रिहाई सोमवार को होगी।



इस्राइल-हमास संघर्ष के बीच बंधकों की रिहाई की तैयारियों के बीच इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार शाम एक भावुक संदेश साझा किया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा यह आंसुओं और खुशी की शाम है, क्योंकि कल हमारे बच्चे अपनी सीमा पर लौटेंगे। बता दें कि सोमवार को शांति योजना के तहत हमास 20 बंधकों को रिहा करेगा।

नेतन्याहू ने अपने संबोधन में कहा कि इस्राइल के नागरिकों, मेरे भाइयों और बहनों, यह एक भावनात्मक शाम है- आंसुओं की भी और खुशी की भी। क्योंकि कल बच्चे अपनी सीमा पर लौटेंगे।

बंधकों की रिहाई को लेकर इस्राइल तैयार

प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने बताया कि इस्राइल सभी बंधकों को तुरंत वापस लेने के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने जानकारी दी कि नेतन्याहू ने बंधक और लापता लोगों के समन्वयक ब्रिगेडियर जनरल (रि.) गैल हिर्श से इस संबंध में बातचीत की। पोस्ट में लिखा गया प्रधानमंत्री नेतन्याहू- इस्राइल पूरी तरह तैयार है- हम अपने सभी बंधकों को तुरंत वापस लेने के लिए तत्पर हैं।

अमेरिका की मध्यस्थता में ऐतिहासिक समझौता

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा कराए गए युद्धविराम समझौते के तहत इस्राइल लगभग 2,000 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा और गाजा को पूर्ण मानवीय सहायता की अनुमति देगा। गाजा इस समय गंभीर खाद्य संकट और भुखमरी का सामना कर रहा है।

इस्राइल के राष्ट्रपति आईजैक हर्ज़ॉग ने तेल अवीव में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि यह ऐतिहासिक क्षण है, जो मध्य पूर्व में नई उम्मीदों की दिशा दिखा सकता है। उन्होंने कहा यह समझौता आसान नहीं है, इसमें कई दर्दनाक पहलू हैं, लेकिन यह एक ऐसा पल है जो असली बदलाव की उम्मीद जगाता है।

ट्रंप की यात्रा को लेकर उत्साह

राष्ट्रपति हर्ज़ॉग ने कहा कि इस्राइल अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सोमवार को होने वाले दौरे का बेसब्री से इंतजार कर रहा है। उन्होंने कहा हम उनका स्वागत करने के लिए तैयार हैं और इस ऐतिहासिक प्रयास में उनकी भूमिका के लिए उन्हें दिल से धन्यवाद देते हैं।

इस्राइल चाहता है कि अमेरिका इस समझौते के अगले चरणों में भी भूमिका निभाए, ताकि गाजा और पूरे मध्य पूर्व में स्थायी शांति स्थापित हो सके। 2000 फिलिस्तीनी कैदियों को छोड़ेगा इस्राइलइस्राइल ने घोषणा की है कि बंधकों की रिहाई के बाद वह लगभग 2,000 फिलिस्तीनी कैदियों को भी छोड़ने के लिए तैयार है। इनमें 250 लोग आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं, जबकि लगभग 1,700 लोग गाजा से बिना आरोप के हिरासत में लिए गए हैं।

## तालिबानी लड़ाकों ने बरपाया कहर.. पाक सेना के 12 जवान मारे गए, 5 ने हथियार डाले

काबुल ,16 अक्टूबर। अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच तनाव अब खुली भिड़ंत में बदल गया है। गुरुवार देर रात पाकिस्तान द्वारा काबुल पर किए गए कथित हवाई हमले के बाद शनिवार रात अफगान सेना ने पलटवार करते हुए पाकिस्तानी सीमा चौकियों पर हमला किया। अफगान मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस हमले में पाकिस्तान के 12 सैनिक मारे गए हैं।सुरक्षा सूत्रों के अनुसार, अफगानिस्तान की इस्लामिक अमीरात सेना ने नंगरहार और कुनार प्रांतों में डुरंड लाइन के नजदीक स्थित पाकिस्तानी ठिकानों पर गोलाबारी की। झड़प में एक पाकिस्तानी बख्तरबंद टैंक अफगान बलों के कब्जे में चला गया। वहीं, कंधार के मैवंद जिले में 5 पाकिस्तानी सैनिकों ने तालिबान सेना के सामने आत्मसमर्पण किया।तालिबान के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई पाकिस्तान द्वारा अफगान क्षेत्र में हवाई हमले के जवाब में की गई है। तालिबान ने दावा किया कि उन्होंने हेलमंद प्रांत के दक्षिणी हिस्से में पाकिस्तान की दो चौकियों पर नियंत्रण हासिल कर लिया है। पाकिस्तान की ओर से भी सीमा पर हुई झड़प की पुष्टि की गई है। एक वरिष्ठ पाकिस्तानी अधिकारी ने बताया कि तालिबान बलों ने रात में कई चौकियों पर गोलीबारी शुरू की, जिसके बाद पाकिस्तानी सेना ने जवाबी कार्रवाई की।गुरुवार को काबुल और दक्षिण-पूर्वी अफगानिस्तान में हुए धमाकों के बाद तालिबान सरकार ने पाकिस्तान पर अपनी संप्रभुता का उल्लंघन करने का आरोप लगाया था। इस्लामाबाद ने इन हमलों की जिम्मेदारी तो नहीं ली, लेकिन उसने अफगानिस्तान से टीटीपी (तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान) को समर्थन देना बंद करने की मांग की है। बताया जा रहा है कि टीटीपी के लड़ाके अफगानिस्तान में शरण लिए हुए हैं और उनका अफगान तालिबान से वैचारिक जुड़ाव भी है।

# दक्षिण चीन सागर में चीन की दादागिरी, तटरक्षक बल ने फिलीपींस के सरकारी जहाज को निशाना बनाया

फिलीपींस,16 अक्टूबर। तटरक्षक बल द्वारा जारी एक वीडियो में चीनी जहाज को पानी की तेज धार से हमला करते और फिलीपींस के झंडे को निशाना बनाते हुए देखा जा सकता है। वीडियो में फिलीपींस का जहाज हमले से बचने के लिए दिशा बदलता भी दिखाई देता है।

चीन और फिलीपींस के बीच दक्षिण चीन सागर में टकराव का एक और गंभीर मामला सामने आया है। बताया गया है कि चीनी तटरक्षक बल (कोस्ट गार्ड) के जहाजों ने फिलीपींस के एक सरकारी पोत पर पानी की तेज बौछार से हमला किया और इसके बाद में उसे टक्कर मार दी। इस घटना में जहाज को हल्का नुकसान पहुंचा, हालांकि किसी भी चालक दल के सदस्य को चोट नहीं आई।

फिलीपींस तटरक्षक बल के अनुसार, यह घटना दक्षिण चीन सागर के विवादित इलाके में स्थित थीटू द्वीप के पास हुई। यह द्वीप फिलीपींस के कब्जे में है और वहां फिलीपींस के नागरिकों और मछुआरों की बस्ती भी है। घटना के समय फिलीपींस का सरकारी जहाज बीआरपी दातु पगबुआया वहां दो अन्य मछली पालन विभाग के जहाजों के साथ लंगर डाले हुए था। तीनों जहाज मछुआरों को सहयोग देने के लिए उस इलाके में मौजूद थे।

तटरक्षक बल के प्रवक्ता कमोडोर जे टारिएला ने बताया कि अचानक चीनी तटरक्षक जहाज और कुछ संदिग्ध सैन्य नौकाएं तेजी से वहां पहुंचीं और खतरनाक ढंग से उसके जहाजों के बहुत करीब आ गईं। इसके बाद एक चीनी जहाज, जिसका नंबर 21559 था, ने दातु पगबुआया पर सीधा पानी की तेज बौछारें दागीं। कुछ ही मिनटों बाद उसी जहाज ने फिलीपींस के पोत के पिछले हिस्से में टक्कर मार दी, जिससे उसे हल्का नुकसान हुआ। उन्होंने बताया



कि किसी भी चालक दल को चोट नहीं आई और जहाज बाद में सुरक्षित स्थान पर चला गया।फिलीपींस ने घटना का वीडियो जारी कियाफिलीपींस तटरक्षक बल द्वारा जारी एक वीडियो में चीनी जहाज को पानी की तेज धार से हमला करते और फिलीपींस के झंडे को निशाना बनाते हुए देखा जा सकता है। वीडियो में फिलीपींस का जहाज हमले से बचने के लिए दिशा बदलता भी दिखाई देता है। फिलीपींस तटरक्षक बल के प्रमुख एडमिरल रॉनी गिल गवान ने कहा कि ऐसी घटनाएं उनके मनोबल को कमजोर नहीं कर सकतीं। उन्होंने कहा, ऋफिलीपीनी मछुआरों की आजीविका इन जलक्षेत्रों पर निर्भर है। चाहे पानी की तोप चले या जहाजों से टक्कर मारी जाए, हम अपने क्षेत्र की एक इंच जमीन भी किसी विदेशी ताकत को नहीं सौंपेंगे।चीन बोला- फिलीपींस ने की हमारे जलक्षेत्र में घुसपैठ

उधर, बीजिंग में चीनी तटरक्षक बल के प्रवक्ता लियू देजुन ने बयान जारी कर कहा कि फिलीपींस के जहाजों ने बिना अनुमति चीन के टियेशियान रीफ (जिसे चीन सैंडी के कहता है) के पास उसके जलक्षेत्र में घुसपैठ की। उन्होंने कहा, ऋफिलीपींस के जहाज ने चीनी जहाज के बहुत नजदीक आने की कोशिश की, जिससे मामूली टक्कर हुई। लियू ने पूरे मामले की जिम्मेदारी फिलीपींस पर डालते हुए कहा कि इस तरह की हरकतें क्षेत्र की शांति और स्थिरता को नुकसान पहुंचाती हैं।

अमेरिका ने की चीन के कदम को बताया खतरनाक

इस घटना पर अमेरिका ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। अमेरिका ने चीन की कार्रवाई को अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन बताते हुए फिलीपींस का समर्थन किया है। मनीला स्थित अमेरिकी राजदूत मैरी के कार्लसन ने कहा कि फिलीपीनी दल ने कठिन परिस्थितियों में भी अद्भुत साहस और दक्षता दिखाई। उन्होंने चीन की आक्रामकता को खतरनाक और अस्वीकार्य बताया।क्या है थीटू द्वीप, इस पर क्या है विवाद?दक्षिण चीन सागर पर चीन लगभग पूरे क्षेत्र पर अपना दावा करता है, जबकि 2016 में अंतरराष्ट्रीय पंचाट ने उसके ऐतिहासिक दावों को अवैध ठहराया था। इसके बावजूद चीन ने उस फैसले को मानने से इनकार कर दिया। दूसरी तरफ अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया, यूरोपीय संघ और कनाडा जैसे देशों ने फिलीपींस के दावे और उसके अधिकारों का समर्थन किया है।थीटू द्वीप, जिसे फिलीपींस में पग-आसा कहा जाता है, स्पार्टली द्वीप समूह में फिलीपींस के नियंत्रण वाले नौ द्वीपों में सबसे बड़ा है। इस द्वीप पर एक सैन्य चौकी और मछुआरों की बस्ती है। यह चीन के कृत्रिम द्वीप सुबी रीफ से करीब बीस किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, जहां चीन ने रनवे और मिसाइल तैनाती की हुई है। यह ताजा घटना दोनों देशों के बीच बढ़ते समुद्री विवाद की एक और कड़ी है, जिसने दक्षिण चीन सागर को एशिया का सबसे तनावग्रस्त समुद्री क्षेत्र बना दिया है।

## सम्पादकीय...

# रेखा गुप्ता बनाम ममता बनर्जी

मेडिकल छात्रा से हुए गैंगरेप के बाद पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने छात्रावास में रहने वाली छात्राओं को नसीहत देते हुए विशेषतया पं. बंगाल में बाहर से आई छात्राओं को कहा कि उन्हें छात्रावास के नियमों का पालन करना चाहिए और देर रात बाहर नहीं निकलना चाहिए। मुख्यमंत्री ममता ने कहा कि पुलिस हर व्यक्ति की आवाजाही पर नजर नहीं रख सकती। अधिकारियों को नहीं पता होता कि रात में कौन घर से निकल रहा है और वह घर के बाहर पहरा नहीं दे सकते। ममता बनर्जी ने गैंगरेप की घटना को स्तब्ध करने वाली करार दिया और कहा कि किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। इस मामले में 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और पुलिस अन्य की तलाश कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राइवेट कॉलेजों को अपने परिसरों के भीतर और आसपास सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। दिल्ली में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व वाली सरकार ने शहर की लाइसेंसिंग व्यवस्था को और अधिक व्यवसाय-अनुकूल बनाने के लिए कई सुधार लागू किए हैं। सरकार ने हाल ही में रेस्टोरेंट और होटल सहित कई प्रकार के व्यवसायों के लिए दिल्ली पुलिस के अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) की आवश्यकता को समाप्त कर दिया है। गुप्ता ने दुकान एवं प्रतिष्ठान अधिनियम में एक ऐतिहासिक नीतिगत बदलाव भी पेश किया है, जिसके तहत दिल्ली में पहली बार महिलाओं को दुकानों, रेस्टोरेंट और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में रात्रि पाली (24म7) में काम करने की अनुमति दी गई है। चूंकि महिलाएं तेजी से बढ़ते सेवा क्षेत्र की कुंजी हैं, इसलिए नए नियम में सुरक्षित परिवहन, सीसीटीवी कवरेज और रात के समय महिला सुरक्षा कर्मचारियों की उपस्थिति अनिवार्य है। गुप्ता ने सुधार की घोषणा करते हुए कहा कि यह दिल्ली को 24म7 व्यापार केंद्र बनाने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि फैसले से न केवल महिलाओं को बढ़ावा मिलेगा और न केवल काम में तेजी आएगी बल्कि राजधानी में कारोबार करने में भी आसानी होगी। इस वर्ष अगस्त में उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना ने प्रस्ताव पर अपनी सहमति दी थी, जिसमें सिफारिश की गई थी कि नियोक्ता सार्वजनिक परिवहन को प्राथमिकता दें, यौन उत्पीड़न रोकथाम (पॉश) अधिनियम पैनल लागू करें, तथा व्यापारियों के बीच जागरूकता पैदा करें। गुप्ता ने कहा कि यह फैसला सिर्फ काम के घंटे बढ़ाने का नहीं है, बल्कि अवसरों को बढ़ाने का भी है। महिलाओं को चौबीसों घंटे काम करने की अनुमति देने से दिल्ली की अर्थव्यवस्था ज्यादा समावेशी, कार्यस्थल ज्यादा सुरक्षित और रातें ज्यादा जीवंत होंगी। एक सच्चा वैश्विक शहर सोता नहीं है और न ही उसकी क्षमता को सोना चाहिए। उद्योग जगत के अनुमानों के अनुसार, अगर दिल्ली की नाइटलाइफ अर्थव्यवस्था पूरी तरह से साकार हो, तो यह सालाना 50,000 करोड़ से 80,000 करोड़ रुपये के बीच आर्थिकता पैदा कर सकती है, जो शहर-राज्य के अनुमानित सकल राज्य घरेलू उत्पाद का 5-7 प्रतिशत है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस क्षमता को साकार करने के लिए न केवल लाइसेंसिंग सुधारों की आवश्यकता होगी, बल्कि परिवहन, सुरक्षा और सांस्कृतिक बुनियादी ढांचे में भी निवेश की आवश्यकता होगी। दो महिला मुख्यमंत्रियों की नीतियों से उनकी सोच का पता चलता है। दिल्ली में बढ़ती रात की हलचल को देखते हुए वहां की मुख्यमंत्री ने नीतियों में बुनियादी बदलाव किया है, जिससे महिलाओं की भागीदारी बढ़े जबकि दूसरी तरफ पं. बंगाल की मुख्यमंत्री लड़कियों को नसीहत दे रही हैं कि देर रात बाहर न निकलें। पं. बंगाल में बिगड़ती कानून व्यवस्था चिंता का विषय है। ममता को नसीहत देने के साथ-साथ प्रदेश में कानून व्यवस्था को बेहतर करने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए।

## फिर वही पुराना दर्दे-जिगर

सुरेश सेठ

इस देश के लोगों को उन कतारों में खड़े होने की आदत हो गई है, जो आगे नहीं सरकती। वैसे कतारों में खड़े होने की आदत यहां है भी नहीं। कतार तोड़ कर आगे बढ़ जाने की धक्कमपेल है। धक्का-मुक्की यहां शूरवीरता मानी जाती है और चोर दरवाजे खोल कर गद्दी पर आसीन हो जाना नए युग का धर्म। फिर जो आसीन हो गया, वह नीचे उतरता कहां है। संन्यास लेने का वक्त आ जाए तो भी देश की चिंता उसे इतना सताती है कि उसका संन्यास मुल्तवी होता जाता है। यहां त्याग और तपस्या एक मुखौटा बन गयी है, और जीवन जीने का उपदेश देना एक रिवाज। जो जिंदगी जी नहीं पाये वे अपनी असफलता को रण छोड़ना नहीं अपनी त्याग भावना का प्रतीक मानते हैं। कला संस्कृति की बात करने वाली उवाच प्रशस्ति के तराजुओं में तोल कर हर धान एक ही कीमत बिकता है। वह कीमत है, थोथा चना बाजे घना। बड़े आदमी के साथ फोटो खिंचवा कर फेसबुक से लेकर सांस्कृतिक समाचारों में घुसपैठ कर जाना एक ऐसा प्रिय शगुन है कि जिसे हर स्थापना का भी तलाशना है। यह स्थापना कहीं भी हो सकती है कहीं लेकन हो नहीं, खेल के मैदान में, खोज तलाश के अन्वेषण में और ऊंचे स्वर में चिल्ला कर उनकी ऐसी उपलब्धियों की चीखो-पुकार में जो कभी आपके पास फटकी नहीं। लेकिन उनकी प्राप्ति की घोषणा करने में आपने कभी कमी नहीं की। वैसे जब आर्थिक प्रगति के दावे हैं तो लगता है ऊंची अटारियों वालों के घर और भी ऊंचे हो गए और गुदड़ बस्तियों के क्रंदन को कोई सुनता नहीं। अचानक सुन लेते हैं लीजिये असाध्य रोगों का इलाज मिल गया है। दवा कोई नयी नहीं है, बाबा आदम के जमाने में दूसरी बीमारियों के लिए इस्तेमाल होती थी, अचानक उत्सव धर्मी लोगों ने घोषणा कर दी कि यह दवा फलां जानलेवा रोग में भी कारगर है। आइए! अपनी-अपनी पीठ थपथपा लें और दवा को अंधी सुरंग के रास्ते काला बाजार में पहुंचा दें। औषधि की असली कीमत मत पूछिए, अगर उसे चार गुणा दाम पर न बेचा तो उसकी महत्ता ही क्या। संघर्ष, प्रगति और निरन्तर चलते रहना कितने अच्छे शब्द लगते हैं, लेकिन उनका खोखलापन अजनबी नहीं लगता। क्योंकि यहां संघर्ष का अर्थ है रेंगना, प्रगति का अर्थ खोखले आंकड़ें का मायाजाल और निरन्तर चलते रहने का अर्थ है एक ही वृत्त में निरन्तर गोलाकार घूमते रहना। यहां रोज परिभाषाएं बदल जाती हैं। यहां समाजवाद को उल्टे रास्ते से पकड़ने का प्रयास शुरू हो गया। पहले कहते थे निर्धन और वंचित को रोजी, रोजगार और धनियों के अनावश्यक शोषण पर रोक ही नये समाज का निर्माण करेगी। लेकिन बन्धु, समाज का निर्माण तो हुआ नहीं, बल्कि बढ़ते भुखमरी सूचकांकों के बीच भी धनकुबेरों के धन का रिकार्ड बनने लगा, नई ऊंचाइयां मिलने लगीं। लीजिये सब पुराने रास्ते दरकिनार हो गये और सार्वजनिक क्षेत्र के नौकरशाही का पुलिंदा कह कर नकारा जाने लगा, अब उसके स्थान पर निजी क्षेत्र को तरक्की का जामिन बना दिया गया, प्रगति दर के बढ़ने का ऊंचा मीनार बता दिया गया। आज लाखों हाथ नौकरी मांगते हैं, उन्हें पकौड़े तलने की सलाह दे दी जाती है। टूटे हुए हाथों को अपना हाथ जगन्नाथ का उपदेश मिल गया। योजनाबद्ध आर्थिक विकास की पंचवर्षीय योजना का आसरा लेकर आर्थिक विकास की दर वहां पहुंचा देनी थी, जहां अर्थव्यवस्था स्वतः स्फूर्त कहला देती थी। लेकिन यह कैसा स्वतः स्फूर्त कि देश का उत्पादन बढ़ने के बावजूद आम आदमी की थाली में भरपेट रोटी मयस्सर नहीं। इन योजनाओं को बनाने वाला योजना आयोग कब का सफेद हाथी करार दे दिया गया था। उसकी जगह प्रकट हुआ नीति आयोग भी आज तक सोच रहा है कि नई योजनाएं बनायें या इसे भी निजी क्षेत्र की सरदारी के हवाले कर दें?

# इस्राइल-हमास युद्धविरामः आशा की किरण या अस्थायी विराम?

ललित गर्ग

गाज़ा की धरती लम्बे दौर से संघर्ष, हिंसा, विनाश और तबाही की त्रासदी की गवाह रही है, आज फिर एक ऐसे मोड़ पर खड़ी है जहाँ शांति की एक हल्की किरण दिखाई तो देती है, परंतु उसके चारों ओर धुएँ और राख का अंधकार अब भी विद्यमान है। हाल ही में हुए युद्ध-विराम ने न केवल मध्यपूर्व बल्कि समूचे विश्व को राहत की एक साँस दी है। गाजा में अमन-चैन की ओर जो सुखद कदम बढ़े हैं, उनका स्वागत होना चाहिए। परंतु यह सवाल भी उतना ही प्रासंगिक है कि क्या यह शांति स्थायी होगी, या यह केवल अगली लड़ाई से पहले का ठहराव भर है? समूची दुनिया चाहती है कि यह युद्ध विराम स्थायी हो क्योंकि इस्राइल और हमास के संघर्ष ने करीब बाइस लाख से अधिक लोगों को बेघर करके भुखमरी के कगार पर पहुंचा दिया है। ऐसे में दोनों पक्षों के लिये समझौते के पहले चरण को पूरी तरह से लागू करना बेहद जरूरी होगा। जिसमें बंधकों व कैदियों की रिहाई, गाजा में मानवीय सहायता को अनवरत जारी रखना और इस्राइली सेनाओं की गाजा के मुख्य शहरों से आंशिक वापसी सुनिश्चित करना भी शामिल है। यह सब दूसरे चरण की बातचीत पर निर्भर हैं।

यदि सब कुछ ठीक-ठाक रहा तो इसके बाद ही दूसरे चरण की बातचीत की प्रक्रिया शुरू हो सकती है। यह बेहद मुश्किल चुनौतियों वाला चरण होगा। इस दौरान कई संवेदनशील मुद्दे सामने होंगे। सबकी निगाह इस पर होगी कि शांति समझौते के अगले चरण कब पूरे होते हैं और वे सही तरह पूरे होते भी हैं या नहीं? इस पर संशय इसलिए है, क्योंकि यह स्पष्ट नहीं कि इजरायली सेना गाजा में कितना पीछे हटेगी और वहां के प्रशासन को संचालित करने का कैसा तंत्र तैयार होगा और क्या उस पर हमास सहमत होगा? इसके अतिरिक्त जहां हमास को हथियार छोड़ने हैं, वहीं इजरायल को स्वतंत्र फिलस्तीन देश की राह आसान करनी है। हमास का कहना है कि हथियार तब छोड़े जाएंगे, जब स्वतंत्र फिलस्तीन का रास्ता साफ होगा। इस पर इजरायल तैयार नहीं दिख रहा है। यह ठीक है कि स्वयं की ओर से प्रस्तावित गाजा शांति समझौते पर अमल शुरू होने के अवसर पर मिस्त्र जाने के पहले इजरायल पहुंचे अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपनी पहल को पश्चिम एशिया में शांति की स्थापना का पथ करार दिया और इजरायली प्रधानमंत्री से ईरान से समझौता करने को कहा। ऐसे किसी समझौते की सूरत तब बनेगी, जब ईरान इजरायल को मिटाने की अपनी जिद छोड़ेगा।

गाज़ा की वर्तमान स्थिति किसी एक राष्ट्र या एक नीति की देन नहीं है; यह दशकों से चली आ रही अविश्वास, असमानता और राजनीतिक स्वार्थों की परिणति है। इस बार के संघर्ष ने जिस तरह से निर्दोष नागरिकों, बच्चों और महिलाओं को अपना शिकार बनाया, उसने यह स्पष्ट कर दिया कि युद्ध चाहे किसी भी नाम पर लड़ा जाए, उसका परिणाम हमेशा मानवीय त्रासदी ही होता है। अस्पताल, विद्यालय, धार्मिक स्थल-कोई भी स्थान सुरक्षित नहीं रहा। अमेरिकी मध्यस्थता वाले युद्धविराम समझौते के बाद हमास ने आखिरकार शेष जीवित बचे बीस इस्त्राइली बंधकों को रिहा कर दिया। जिसके बाद इस्त्राइल में किसी बड़े उत्सव जैसा जश्न दिखा। बहरहाल, इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि अभी भी इस्त्राइल-हमास जोखिमभरा युद्धविराम समझौता नाजुक बना हुआ है। इसकी वास्तविक परीक्षा आने वाले दिनों में होगी। इस संघर्षरत क्षेत्र में स्थायी शांति सुनिश्चित करने के लिये जरूरी है कि प्रमुख हितधारकों की ओर से गंभीर एवं ईमानदार प्रयास लगातार होते रहें। वर्तमान समय में सबसे बड़ी चुनौती भूतहा खण्डहर एवं तबाही में तब्दील हो चुके गाजा के पुनर्निर्माण की होगी। दो साल से लगातार जारी युद्ध के चलते यह इलाका मलबे के ढेर में तब्दील हो चुका है।

एक नाजुक समय में जब युद्धविराम की घोषणा हुई, तो यह केवल एक राजनीतिक निर्णय नहीं है, बल्कि मानवीय विवेक का पुनर्जागरण भी है। यह समझना आवश्यक है कि शांति कोई समझौता नहीं, बल्कि एक अनिवार्य आवश्यकता है। यही कारण है कि यह युद्धविराम पूरी मानवता के लिए एक 'आशा की किरण' बनकर उभरा है। यह उस संभावना का प्रतीक है कि जब दुनिया के शक्तिशाली देश, विशेषकर अमेरिका, यूरोप, और अरब राष्ट्र अपनी राजनीतिक प्राथमिकताओं से ऊपर उठकर मानवीय सरोकारों को महत्व देते हैं, तो समाधान की दिशा में रास्ता बनता है। फिर भी इस शांति की वास्तविकता पर प्रश्नचिह्न बने हुए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भले ही इस युद्धविराम को अपने कूटनीतिक प्रयासों की उपलब्धि के रूप में प्रस्तुत किया हो, पर सच यह है कि युद्ध तब रुका जब उसकी भयावहता अपनी चरम सीमा पर पहुँच चुकी थी। यह विराम किसी की कूटनीति की जीत से अधिक, मानवीय विवशता की उपज है। अंतरराष्ट्रीय दबाव, मानवीय संगठनों की सक्रियता और आम नागरिकों की पुकार ने मिलकर इस विराम को संभव बनाया। अब सबसे बड़ी चुनौती यह है कि यह शांति टिके, युद्ध का अंधेरा नहीं, शांति का उजाला फैले। क्योंकि जब तक गाज़ा के लोगों को जीवन की मूलभूत सुविधाएँ-पानी, भोजन, दवा, शिक्षा और सम्मानजनक जीवन नहीं मिलते, तब तक शांति केवल कागज़ों पर दर्ज रहेगी। वास्तविक शांति केवल तब संभव है जब अन्याय, दमन और असमानता के ढाँचे टूटें। शांति का अर्थ केवल हथियारों का मौन नहीं, बल्कि हृदयों का परिवर्तन है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने इजरायली संसद को संबोधित करते हुए गाजा शांति समझौते को पश्चिम एशिया की ऐतिहासिक सुबह की संज्ञा दी। वे कुछ भी दावा करें, फिलहाल यह कहना कठिन है कि प्रमुख मुस्लिम देश इजरायल को मान्यता देने के लिए तैयार होंगे। भले ही ट्रंप यह कह रहे हों कि गाजा शांति समझौते को सभी मुस्लिम देशों का समर्थन मिला, लेकिन वस्तुस्थिति इससे अलग है। जब यह समझौता सामने आया था, तब उसे समर्थन देने और ट्रंप की प्रशंसा करने वालों में पाकिस्तान भी था, पर अब वह इस समझौते को समर्थन देने से केवल पीछे ही नहीं हट गया, बल्कि उसने अपने यहां ऐसा माहौल बनाया कि उसके विरोध में कट्टरपंथी तत्व सड़क पर उतर आए। यह मानने के अच्छे-भले कारण हैं कि पाकिस्तान ने गाजा शांति समझौते को नकारने के लिए ही कट्टरपंथी तत्वों को सड़कों पर उतरने के लिए उकसाया और फिर उन पर गोलियां भी चलवाईं, ताकि दुनिया और विशेष रूप से अमेरिका को यह संदेश जाए कि उसके लिए गाजा शांति समझौते को स्वीकार करना संभव नहीं। यहां अमेरिका को पाक के दोहरे चरित्र को समझ लेना चाहिए।

(यह लेखक के अपने विचार है)

# रावण हैं हम !

सिद्ध गुरु प्रमोद निर्वाण

हम अक्सर अपने आप में ही इतने व्यस्त रहते हैं कि खुद ही खुद से अनजान रहते हैं। हमारी अपनी जरूरत क्या है, इसे भी नहीं समझ पाते। आज के समाज में जितनी भी व्याधियां हैं, इनके मूल में हमारा अज्ञान ही तो है। हम इतने मूढ़ हैं कि अपने ही शरीर की आवश्यकताओं के बारे में अनजान हैं, अपने ही मन की आवश्यकताओं के बारे में अनजान हैं। हमारा शरीर और मन दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं, एक-दूसरे से अलग नहीं हैं। मन खराब हो तो शरीर सुस्त पड़ जाता है और शरीर में दर्द हो या बीमारी हो, तो मन शिथिल हो जाता है। अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए हमें इन दोनों को जानना और समझना हमारी अनिवार्य आवश्यकता है। अलग-अलग वैज्ञानिक शोधों से सिद्ध हुआ है कि हमारी पूरी त्वचा सांस लेती है, ऑक्सीजन भीतर खींचती है और कार्बन डाईऑक्साइड बाहर छोड़ती है, सिर्फ हमारी नाक ही नहीं। अगर हमारे शरीर पर मोटा रंग पोत दिया जाए और भीतर-बाहर सांस लेने की सारी संभावना रोक दी जाए और केवल हमारी नाक खुली रहे तो हम शायद तीन-चार घंटे में ही मर जाएं। सिर्फ नाक से काम नहीं चलता, नाक सबसे जरूरी अंग है, लेकिन खुद अकेला नाक ही पर्याप्त नहीं है। हमारा पूरा शरीर लगभग सात अरब जीवित कोशिकाओं से बना है।

उन सबको ऑक्सीजन चाहिए, उन सबको कार्बन डाइऑक्साइड बाहर निकालनी है। हम यह नहीं समझ पाते कि हमारे कपड़े इस प्रक्रिया में बाधा डालते हैं। हमारे कपड़े हमारे मित्र नहीं हैं। लेकिन हजारों वर्षों से कपड़े पहनने के कारण हमारा शरीर दुर्बल हो गया है, बदलते मौसम की मार बर्दाश्त नहीं कर पाता, इसलिए हमें उन्हें पहनना पड़ता है। सामाजिक वर्जनाओं के कारण भी वस्त्रहीन रहना संभव नहीं है, पर बीच-बीच में, जब मौसम अनुमति दे और आसपास कोई दूसरा ऐसा व्यक्ति न हो हमारे वस्त्रहीन होने से जिसकी भावनाएं आहत होती हों, तब वैसे ही, जैसे भगवान ने हमें भेजा था, पूर्णतः वस्त्ररहित रहकर हम जीवन की, यौवन की और ताजगी की एक नयी मुक्ति का अनुभव कर सकते हैं। सूरज हमारा मित्र है। हवा हमारी मित्र है। वर्षा हमारी मित्र है। हमारे कपड़े हमारे शत्रु हैं। लेकिन अभी क्योंकि हम दुर्बल हो चुके हैं, हमें कपड़े पहनने ही पड़ेंगे। आज का मनुष्य सबसे दुर्बल प्राणी है और कपड़ों को सभ्यता की निशानी मान लिया गया है, इसलिए भी हमें कपड़े पहनने ही पड़ेंगे। कपड़े पहनें मगर बीच-बीच में शरीर को उसके स्वाभाविक अधिकार का आनंद उठाने का अवसर भी दें। हमारे शरीर में कहीं दर्द हो, हमें जुकाम हो जाए या बुखार हो जाए तो हम फटाफट डाक्टर के पास जाकर दवाई लेना शुरू कर देते हैं। हमारे शरीर का दर्द, जुकाम या बुखार तो सिर्फ संदेशवाहक हैं, वे हमें कुछ बताना चाहते हैं, पर हम हैं कि दवा लेकर संदेशवाहक को ही मार डालते हैं। लंका नरेश दशकंधर रावण ने भी यही किया था। दशानन रावण के अपने छोटे भाई विभीषण ने रावण को सीख देनी चाही कि वह जनकसुता वैदेही माता सीता जी को दयानिधि भगवान रामचंद्र जी के पास ससम्मान वापस भेजकर प्रभु की शरण में चला जाए, परंतु अहंकारी रावण ने विभीषण को लात मारकर लंका से बाहर निकाल दिया। वह मानो ऐसा ही था कि शरीर में दर्द हुआ और डाक्टर के पास जाकर कोई पेनकिलर ले लिया।

पवनपुत्र बजरंगबली हनुमान जी ने भी उसे सीख देनी चाही, पर अहंकारी रावण ने क्या किया? दशमुख रावण ने हनुमान जी को साधारण बंदर जानकर उनकी पूंछ में आग लगाने का आदेश दे दिया। मजे की बात यह है कि पूंछ में लपेटने के लिए कपड़ा और रूई रावण के, उस पर लगने वाला घी और तेल रावण का, आग जलाने के लिए अंगार रावण का और लंका जली रावण की। हम भी तो यही करते हैं। बुखार हो जाए तो उसे संदेशवाहक मानने के बजाय हम डाक्टर के पास पहुंच जाते हैं। अब डाक्टर की फीस भी हम देते हैं, दवा का पैसा भी हम खर्च करते हैं, इस सब में समय भी हम लगाते हैं और इससे हमारा इम्यून सिस्टम, हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर होती है, वह भी हमारी ही है, जो भविष्य के लिए हमारी सेहत की खराबी का कारण बनती है। हमारा शरीर एक पूरी फार्मेसी है, दवाखाना है, लेकिन हम अपने ही शरीर पर विश्वास नहीं करते, शरीर की क्षमताओं पर विश्वास नहीं करते और अज्ञानता तथा लापरवाही के कारण डॉक्टर के पास भागे चले आते हैं। इस अर्थ में अगर देखें तो हम सब भी रावण ही हैं जो खुद ही अपना नुकसान करने पर आमादा हैं। अपनी इस अज्ञानता या अहंकार में हम यह भूल जाते हैं कि सेहत हमारा सबसे बड़ा खजाना है। सेहत है तो हम स्वतंत्र हैं और सेहत खराब हुई तो हम अपने परिवार के सदस्यों की सहायता पर निर्भर हो जाएंगे, या छोटी से छोटी बातों के लिए भी डॉक्टर, नर्स, केयरटेकर आदि पर निर्भर हो जाएंगे। हमारी स्वतंत्रता बाधित होगी और पैसा खर्च होगा, सो अलग। सैर करना, घूमना-फिरना, पहाड़ों पर जाना, अच्छे भोजन का स्वाद लेना, ये सब कुछ तभी संभव होता है अगर सेहत अच्छी हो। हमारी सेहत वह चाबी है जो कई ताले खोल सकती है। अपनी सेहत की उपेक्षा करके तो हम जीवन के आनंद की उपेक्षा कर डालते हैं, और फिर भी खुद को शिक्षित, सभ्य और सामर्थ्यवान मानते हैं।

सुविधा होने पर शरीर को आवश्यक रोशनी और हवा का आनंद देना, नियमित सैर अथवा व्यायाम करना, ताजा शुद्ध और स्वास्थ्यकर भोजन लेना हमारी सेहत की गारंटी है। इसके विपरीत यदि बंद कमरों में बैठे रहकर काम करने पर, सैर न करने पर, स्वास्थ्यकर भोजन न लेने पर, पूरी नींद न लेने पर या ऐसे ही किसी और कारण से ब्लडप्रेशर हो जाए, शूगर हो जाए, किडनी खराब हो जाए, हार्ट की बीमारी हो जाए तो दवाइयां लेकर भी हम जीवन भर के लिए दवाइयों के गुलाम ही रहते हैं और मजबूरन कई सारे परहेज करने पड़ते हैं। डॉक्टरों के चक्कर काटकर, पैसे खर्च करके, जीवन भर के लिए बीमारी मोल लेकर और दवाइयों के गुलाम बनकर अगर हम खुश होते हैं तो यह सुविधा नहीं, हमारी नासमझी है और इस नासमझी पर खुश होने का कोई कारण नहीं है।

(यह लेखक के अपने विचार है)

## चाहिए सतर्क दृष्टि

ट्रंप प्रशासन ने टैरिफ वॉर में भारत के प्रति कोई नरमी नहीं बरती है। क्या वार्ता के अगले चरण में वह ऐसा करेगा? या भारत अपनी 'लक्ष्मण रेखाओं' एवं विदेश नीति संबंधी संप्रभुता पर समझौता करने पर राजी हो जाएगा?

अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत के अगले दौर के लिए भारतीय दल वॉशिंगटन पहुंच रहा है, तो उसके सामने वही सवाल और चुनौतियां हैं, जिनकी वजह से पिछले पांच दौर की वार्ताओं में बात आगे नहीं बढ़ी। सवाल है कि क्या भारत व्यापार के साथ-साथ भू-राजनीति संबंधी उन अमेरिकी मांगों पर राजी होगा, जिन्हें डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन टैरिफ वॉर के जरिए पूरा कराना चाहता है? ट्रंप ने यह जताने में कोई कोताही नहीं बरती है कि आयात शुल्क को वे ऐसा हथियार मानते हैं, जिसके उपयोग से वे अपने सारे मकसद साध सकते हैं। भारत खुद उनके इस नजरिए का शिकार बना है। रूस से कच्चा तेल खरीदने के दंड के तौर पर उन्होंने भारत पर 25 फीसदी टैरिफ लगाया हुआ है।

इस तरह ट्रंप ने भारतीय विदेश नीति को अमेरिकी हितों के मुताबिक ढालने का दबाव बना रखा है। व्यापार संबंध में उनका प्रशासन भारत की 'लक्ष्मण रेखाओं' (कृषि एवं डेयरी क्षेत्र को अमेरिकी कंपनियों के लिए ना खोलने के निर्णय) को बिल्कुल तव्वजो देने के मूड में नहीं है। एक बड़ी समस्या ट्रंप का अस्थिर स्वभाव भी है। चीन के मामले में जाहिर हुआ कि जो सहमतियां बनीं, उनके खिलाफ जाते हुए ट्रंप प्रशासन ने कुछ ऐसे कदम उठाए, जिससे बात फिर जहां की तहां पहुंच गई। तब चीन ने रेयर अर्थ सामग्रियों के निर्यात को नियंत्रित करने का एलान किया, जिसके परिणामों को समझते हुए अब फिर ट्रंप प्रशासन ने रुख नरम किया है। बहरहाल, रेयर अर्थ जैसे कुछ क्षेत्रों में अपने लगभग एकाधिकार के कारण चीन जवाबी कदम उठाने की स्थिति में है। भारत के साथ यह सुविधा नहीं है। भू-राजनीतिक मामलों में बेशक भारत के साथ अमेरिका की अपेक्षाकृत अधिक निकटता है, फिर भी ट्रंप प्रशासन ने व्यापार में भारत के प्रति कोई रियायत नहीं बरती है। तो मुद्दा है कि क्या अब वह ऐसा करेगा? या भारत अपनी 'लक्ष्मण रेखाओं' एवं विदेश नीति संबंधी संप्रभुता पर समझौता करेगा? सिर्फ इन दो स्थितियों में ही बात आगे बढ़ सकती है। वरना, संभावना है कि वार्ता के छठे दौर का अंजाम भी पहले जैसा ही रहेगा।

# मोदी का हनुमान क्षण : बाधाओं से भरी दुनिया में भारत की लंबी छलांग

हरदीप एस. पुरी

जब पूरे भारत में दीप जलते हैं, तो रामायण का एक अमर दृश्य आज के समय से संवाद करता है। हनुमान जी अपने बल पर संदेह करते हुए सागर के किनारे खड़े हैं, जब तक कि जाम्बवंत उन्हें यह याद नहीं दिलाते कि वह ताकत तो पहले से ही उनके भीतर है। उसके बाद जो छलांग लगती है, वह कोई चमत्कार नहीं बल्कि आत्मविश्वास का परिणाम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यही आत्मविश्वास भारत की अर्थव्यवस्था में जगाने की तैयारी कर रहे हैं, ताकि भारत अपनी भीतरी शक्ति के सहारे वैश्विक चुनौतियों को पार कर सके। जैसे-जैसे दुनिया नई वीजा बाधाओं और शुल्कों के साथ सिमट रही है, तब मोदी के नेतृत्व में भारत अपने आत्मविश्वास को दुनिया के सामने ला रहा है। भारत विपरीत परिस्थितियों को आगे बढ़ने की ताकत में बदल रहा है।

हाल के महीनों में, अमेरिका ने नए एच-1बी वीज़ा आवेदनों पर 1,00,000 डॉलर की फ़ीस और ब्रांडेड व पेटेंट वाली दवाओं के आयात पर 100त्र शुल्क लगाया है। इन कदमों को रोज़गार सुरक्षा के नाम पर लिया गया बताया गया, लेकिन इसके पीछे एक गहरी चिंता छिपी है। यह है विकसित देशों में बढ़ता संरक्षणवाद और जनसंख्या से जुड़ी असुरक्षा। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने इसका जवाब तीन ऐसे स्तंभों को मज़बूत बनाकर दिया है, जिन्हें कोई भी शुल्क प्रभावित नहीं कर सकता- पैमाना (स्केल), कौशल (स्किल) और आत्मनिर्भरता (सेल्फ रिलायंस)।

दुनिया से भारत का अंतर बहुत साफ दिखाई देता है। चीन की आबादी तेज़ी से बूढ़ी हो रही है। वहां की औसत आयु अब 40 साल से ज़्यादा हो गई है, जबकि भारत में यह 29 साल से कम है। हमारे दो-तिहाई लोग 35 साल से कम उम्र के हैं। इस युवा ऊर्जा को जब कौशल, शिक्षा और उद्यमिता के ज़रिए सही दिशा दी जाती है तो वो भारत को विश्व अर्थव्यवस्था का विकास इंजन बनाती है। जब वैश्विक संस्थाएं बताती हैं कि पिछले साल दुनिया की कुल आर्थिक वृद्धि में भारत का योगदान 16त्र से ज़्यादा था, तो यह कोई नारा नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पिछले एक दशक के सुधार, निवेश और बुनियादी ढांचे के निर्माण का परिणाम है। हाल के आंकड़े इस रफ्तार को और पुख्ता करते हैं। भारतीय रिज़र्व बैंक ने वित्त वर्ष 2026 के लिए भारत की जीडीपी अनुमान को बढ़ाकर 6.8त्र किया है। इसके पीछे कारण बताए गए हैं- मज़बूत घरेलू मांग, स्थिर निवेश प्रवाह और अच्छे मानसून की उम्मीद। सितंबर में जीएसटी संग्रह 1.89 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया। यह लगातार नौवां महीना है जब संग्रह 1.8 लाख करोड़ रु. से ज़्यादा रहा। यह दर्शाता है कि देश में खपत बढ़ रही है और टैक्स का दायरा भी फैल रहा है।

विदेशी मुद्रा भंडार 700 अरब डॉलर तक पहुंच गया है, जो लगभग 11 महीनों के आयात को कवर करने के लिए पर्याप्त है। वहीं जून तिमाही में विदेशी धन प्रेषण 33.2 अरब डॉलर रहा, जो पिछले साल की तुलना में काफी अधिक है। मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई 57.7 और सर्विस सेक्टर पीएमआई 60.9 पर स्थिर रहा, जो यह फिर साबित करता है कि भारत दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है। यह सकारात्मक रुझान बाज़ारों और सड़कों दोनों पर दिखाई दे रहा है। इस दशहरा सीज़न में खुदरा और ई-कॉमर्स बिक्री अपने अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गई। उद्योग संगठनों जैसे कैट और रिटेलर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अनुसार बिक्री 3.7 लाख करोड़ रुपये को पार कर गई, जो पिछले साल से लगभग 15त्र ज़्यादा है। सिर्फ ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर ही त्योहारों के पहले पंद्रह दिनों में 90,000 करोड़ रुपये से ज़्यादा का कारोबार हुआ। सबसे ज़्यादा मांग ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, सोना और कपड़ों में देखी गई। अब उम्मीद है कि दीवाली इस बार सभी पुराने रिकॉर्ड तोड़ देगी, जो न केवल उपभोक्ता विश्वास को दिखाता है, बल्कि सरकार के औपचारिक ऋ़ण, डिजिटल भुगतान और ग्रामीण क्रय शक्ति बढ़ाने के लगातार प्रयासों की सफलता को भी दर्शाता है। भारत की आर्थिक नींव अब मज़बूत हो चुकी है। पिछले दस वर्षों में भारत की जीडीपी लगभग दोगुनी हो गई है और अब वह दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुकी है। जल्द ही जर्मनी को पीछे छोड़ने की उम्मीद है। विदेशी मुद्रा भंडार 600 अरब डॉलर से अधिक है। मुद्रास्फीति नियंत्रित है, और वित्तीय अनुशासन के साथ सरकार ने रिकॉर्ड सार्वजनिक पूंजीगत निवेश किया है। वित्त वर्ष 2024-25 में, भारत का वस्तुओं और सेवाओं का समग्र निर्यात लगभग 825 बिलियन अमरीकी डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया, जबकि अकेले व्यापारिक निर्यात लगभग 437 बिलियन अमरीकी डॉलर था। भारत की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता अब 220 गीगावॉट से अधिक हो गई है।

ये आंकड़े एक ही कहानी कहते हैं- एक ऐसे देश की, जो कभी नाज़ुक था, और अब एक मजबूत राष्ट्र बन गया है। ऐसे नेतृत्व में, जो दूरदृष्टि और क्रियान्वयन दोनों को साथ लेकर चलता है। यह दुखद सच्चाई है कि प्रधानमंत्री मोदी की आत्मनिर्भर भारत की सोच को कुछ लोग राजनीतिक लाभ के लिए गलत तरीके से पेश कर रहे हैं। वे अब भी इसे बीसवीं सदी की पुरानी सोच से देख रहे हैं। आत्मनिर्भरता का मतलब अलग-थलग रहना नहीं है। आत्मनिर्भर भारत का असली अर्थ है- अपनी शक्ति को दुनिया के सामने प्रस्तुत करना। यह वह ताकत है जो भारत को बराबरी के आधार पर वैश्विक स्तर पर भागीदारी करने की क्षमता देती है।

इसका उद्देश्य है- भारत में बनाना, लेकिन दुनिया के लिए अवसरों को विकेन्द्रित करना, ताकि मूल्य उन तक पहुंचे जो उसे बनाते हैं और वैश्विक बाज़ारों में समान शर्तों पर प्रतिस्पर्धा करना। मोबाइल फ़ोन, रक्षा उपकरण, चिकित्सा यंत्रों से लेकर सौर मॉड्यूल तक- उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजनाओं ने भारत में निवेश, रोज़गार और निर्यात तीनों को तेज़ी से बढ़ावा दिया है।

50, 000 करोड़ की लागत से अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन, हमारे अनुसंधान और विकास तंत्र को नई ऊर्जा देने वाला कदम है। स्टार्टअप्स के लिए दूसरा फंड-ऑफ-फंड्स और पीएलआई योजनाओं का विस्तार भारत की तकनीकी नींव को और गहरा बनाएगा। यही है रणनीतिक स्वतंत्रता के रूप में आत्मनिर्भर भारत, जो आत्मविश्वास पर आधारित नीतियों के ज़रिए साकार और वैश्विक साझेदारियों के माध्यम से और भी मजबूत बनता है। प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में भारत ने दुनिया का सबसे समावेशी डिजिटल सार्वजनिक ढांचा तैयार किया है। यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस अब वीज़ा की तुलना में अधिक दैनिक लेनदेन को संभालता है, जो प्रतिदिन 650 मिलियन से अधिक है। आधार, डिजिलॉकर और ओएनडीसी मिलकर एक ऐसा इकोसिस्टम बनाते हैं जो बड़े पैमाने पर नागरिकों, छोटे व्यवसायों और नवप्रवर्तकों को जोड़ता है।

(यह लेखक के अपने विचार है)

# हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे तीन वांछित गिरफ्तार, क्राइम ब्रांच को मिली सफलता



नई दिल्ली,16 अक्टूबर। । नारायणा थाना क्षेत्र में युवक पर फायरिंग करने वाले तीन वांछित बदमाशों को क्राइम ब्रांच की टीम ने गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान कीर्ति नगर के सुमित, कुणाल और आशीष के रूप में हुई है। तीनों इलाके के उभरते हुए बदमाश हैं। उनके कब्जे से तीन मोबाइल फोन बरामद हुए हैं।

उन्होंने अपने गिरोह के चौथे साथी रंजीत उर्फ तोती की 12 सितंबर को पहले जमकर पिटाई की और फिर उस पर हत्या के इरादे से फायरिंग कर दी। वारदात इसलिए अंजाम दी गई क्योंकि वह गिरोह छोड़कर उनके दुश्मन विकास के संपर्क में आ गया था और उसके साथ काम करने लगा था।उपायुक्त हर्ष इंदौरा के मुताबिक, 11 अक्टूबर को एएसआइ विनोद कुमार और एसआइ अमित कुमार को मुखबिस से जानकारी मिली कि तीनों आरोपित धौला कुआं की ओर जाने वाले नारायणा फ्लाई ओवर के नीचे रिंग रोड के स्लिप रोड पर किसी से पैसे लेने आने वाले हैं। सूचना पर कार्रवाई करते हुए एसीपी सतेंद्र मोहन की देखरेख में और इंस्पेक्टर अनिल मलिक के नेतृत्व में टीम ने तीनों को दबोच लिया।पूछताछ में पता चला कि आशीष 12वीं पास है और परिवार की आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण पढ़ाई छोड़ दी थी। उसने टाटा ऐस गाड़ी के चालक के रूप में काम करना शुरू किया। वहीं कुणाल एआरएसडी कालेज धौला कुआं में स्नातक तृतीय वर्ष में पढ़ रहा है। वह वर्तमान में बेरोजगार है और सुमित 12वीं पास है आशीष का छोटा भाई है।

# झारखंड विधानसभा नियुक्ति घोटाला में नया मोड़ जांच एजेंसी की सुप्रीम कोर्ट में हस्तक्षेप याचिका

रांची,16 अक्टूबर [एजेंसी]। झारखंड विधानसभा नियुक्ति घोटाले की सीबीआई जांच आरंभ हो सकती है। सुप्रीम कोर्ट में जांच एजेंसी ने इस संबंध में एक हस्तक्षेप याचिका दाखिल किया है। नियुक्तियों में घोर अनियमितता का मामला 2003 में झारखंड विधानसभा गठन के तुरंत बाद शुरू हुआ, जब नियमों की अनदेखी कर सैकड़ों अवैध नियुक्तियां की गईं।सीबीआई की हस्तक्षेप याचिका में झारखंड हाईकोर्ट के 23 सितंबर 2024 के उस आदेश पर रोक हटाने की मांग की गई है, जिसमें जांच को लेकर स्टे आर्डर दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने विधानसभा सचिवालय की अपील पर इस जांच पर रोक लगा दी थी। इस घोटाले की जड़ें गहरी हैं।

2005-2007 के बीच पूर्व स्पीकर इंदर सिंह नामधारी के कार्यकाल में 274 नियुक्तियां हुईं, जिनमें से 70 प्रतिशत एक ही जिले के उम्मीदवारों को तरजीह दी गई।इसी तरह पूर्व स्पीकर आलमगीर आलम के कार्यकाल में 324 अवैध नियुक्तियां की गईं। शशांक शेखर भोक्ता पर भी मनमानी प्रोन्नतियों का आरोप है। इन नियुक्तियों में योग्यता की बजाय पक्षपात और रिश्वतखोरी का बोलबाला रहा।एक वायरल सीडी में इन अनियमितताओं की बातचीत रिकार्ड हुई, जो बाद में सबूत बनी। इसे सबसे पहले विधानसभा में विधायक सरयू राय ने उठाते हुए जांच की मांग की थी। इसके बाद जांच समिति बनी।अब तक इसकी जांच के लिए तीन आयोग बन चुके हैं। 2012 में तत्कालीन राज्यपाल सैयद अहमद ने इसकी जांच के लिए जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद आयोग गठित किया।2018 में



आयोग ने अपनी रिपोर्ट तत्कालीन राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू को सौंपी, जिसमें सीबीआइ जांच की सिफारिश की गई। रिपोर्ट में खाली उत्तर पुस्तिकाओं पर पास होने और नियमों में छेड़छाड़ का खुलासा हुआ। इसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई। राज्य सरकार ने 2022 में एसजे मुखोपाध्याय गठित किया। सबसे पहले अनियमितता की जांच के लिए जस्टिस लोकनाथ आयोग का गठन किया गया था।इस घोटाले में आरोपित आलमगीर आलम वर्तमान में मनी लान्ड्रिंग के आरोपों में रांची के होटवार जेल में बंद हैं। ईडी ने उन्हें गिरफ्तार किया था, इसके बाद उन्हें मंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा।आलमगीर के कार्यकाल की 324 नियुक्तियां घोटाले के केंद्र में है। इससे पहले नामधारी के कार्यकाल में एक खास क्षेत्र पलामू के लोगों की भर्तियां हुईं। नियुक्ति परीक्षाओं में जमकर खिलवाड़ हुआ। एक अभ्यर्थी ने अंग्रेजी शार्टहैंड की परीक्षा में खाली कापी जमा कर दी। उन्हें चयन सूची में जगह मिल गई।

कईयों को हिंदी शार्टहैंड में शून्य नंबर मिले। नियुक्ति स्टेनोग्राफर के पद पर हो गई।उत्तर पुस्तिकाओं में हेरफेर या मूल्यांकन में मनमानी की गई। एक ही पेपर में जिन पांच उम्मीदवारों की कापियां खाली या अपूर्ण थीं, सभी को चयनित कर लिया गया। ड्राइवरों की भर्ती में तो हद ही हो गई। चार ऐसे ड्राइवर बहाल कर लिए गए, जो टेस्ट में शामिल ही नहीं हुए। कुल 18 ड्राइवरों की नियुक्ति की गई। इसमें 14 टेस्ट में फेल हो गए थे। आयोग ने ऐसी कई अनियमितताओं को उजागर किया।नियुक्ति के दौरान जमकर नेताओं के करीबियों को पद बांटे गए। इसमें सभी दलों के नेता सम्मिलित थे, जिन्होंने अपने करीबियों को नियुक्त कराने में सफलता पाई।

## टिकट न मिलने पर आगबबूला हुए समर्थक, जन सुराज कार्यालय में की तोड़फोड़, पोस्टर जलाया

शिवाजीनगर, 16 अक्टूबर [एजेंसी]। जन सुराज की ओर से घोषित प्रत्याशियों की दूसरी सूची में नाम शामिल नहीं किए जाने से नाराज डॉ. गोविंद के समर्थकों ने प्रखंड पार्टी कार्यालय में तोड़फोड़ की।प्रखंड के परसा पंचायत के सरहिला गांव निवासी एवं वर्तमान प्रखंड प्रमुख डॉ. गोविंद कुमार के समर्थकों ने उग्र प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने सरहिला गांव स्थित जन सुराज कार्यालय में बैनर पोस्टर को फाड़ डाला। तोड़-फोड़ की एवं पार्टी की प्रचार सामग्री, पोस्टर-बैनर और पार्टी कार्ड को आग के हवाले कर दिया।जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर का पुतला फूंकते हुए उन पर गंभीर



आरोप लगाए। उनका कहना था कि डॉ. गोविंद कुमार ने विगत कई महीनों से वारिसनगर क्षेत्र में अथक परिश्रम कर जन सुराज की विचारधारा को घर-घर पहुंचाया। सैकड़ों लोगों को पार्टी से जोड़ा, लेकिन इसके बावजूद उन्हें टिकट नहीं देकर पार्टी ने न सिर्फ मेहनत का अपमान किया है, बल्कि कार्यकर्ताओं की भावनाओं को भी आहत किया है।

प्रदर्शन कर रहे लोगों ने आरोप लगाया कि टिकट वितरण में पारदर्शिता नहीं बरती गई है और इसमें आर्थिक लेनदेन की बू आ रही है। कई कार्यकर्ताओं ने कहा कि जब मेहनत और समर्पण के बावजूद इस व्यक्ति को मौका नहीं मिलेगा, तो पार्टी किस सिद्धांत की बात कर रही है।

डॉ. गोविंद ने स्वयं बताया कि वे बीते कई महीनो से अधिक समय से वारिसनगर क्षेत्र में डोर-टू-डोर जनसंपर्क अभियान चला रहे थे। टिकट की घोषणा में उनकी अनदेखी से साफ है कि पार्टी की कथनी और करनी में फर्क है।हम लोग विधानसभा चुनाव में जन सुराज के प्रत्याशी का खुलकर विरोध करेंगे। हमारी मेहनत और जनसमर्थन का जवाब हमें जनता के बीच मिलेगा, न कि बंद कमरे में तय की गई सूची

# आईजी का बेटा बनकर ठगता था आनंद झारखंड-बिहार में अफसरों को बनाया निशाना

रांची, 16 अक्टूबर [एजेंसी]। झारखंड और बिहार में खुद को आईजी (एडमिन), बिहार पुलिस का बेटा बताकर अधिकारियों से धोखाधड़ी करने वाला युवक आनंद वर्धन आखिरकार रांची पुलिस के हत्थे चढ़ गया।वह अधिकारियों से सरकारी सुविधाएं और वीआईपी व्यवहार लेने के प्रयास में था। रांची पुलिस ने उसे खादगढ़ा बस स्टैंड से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपित पटना में पाटलिपुत्र कालोनी में रहता है। खादगढ़ा टीओपी के प्रभारी दिवाकर कुमार के अनुसार, उन्हें एक मोबाइल नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को आईजी (एडमिन), बिहार पुलिस बताया और कहा कि उनका बेटा रांची से पटना जा



रहा है। उसके लिए बस रिजर्वेशन और सुरक्षा की व्यवस्था की जाए, किराया पटना पहुंचने पर चुका दिया जाएगा। पुलिस को काल की भाषा और रवैये पर संदेह हुआ, जिसके बाद योजनाबद्ध तरीके से बस स्टैंड पर संदिग्ध को पकड़ने की रणनीति बनाई गई।रात में एक युवक नगर निगम की गाड़ी से बस स्टैंड पहुंचा और खुद को आईजी का बेटा आनंद बताते हुए हंगामा करने लगा। वह नशे में था और पुलिस से जोर-जबरदस्ती कर रहा था। पूछताछ में पता चला कि वह दोनों मोबाइल नंबरों से कभी खुद को आईजी तो कभी उनके बेटे के रूप में प्रस्तुत कर रहा था। जब पुलिस ने आनंद से पहचान पत्र मांगा तो वह कोई भी वैध दस्तावेज नहीं दिखा पाया। नगर निगम के ड्राइवर और कर्मियों ने बताया कि युवक ने खुद को आईजी का बेटा बताकर नगर निगम की गाड़ी मंगाई थी। जांच में सामने आया है कि उसने झारखंड और बिहार के कई एसपी, डीएसपी और थानेदारों से संपर्क कर लाभ लिया है। किसी से सिफारिश करवाई, किसी से गाड़ी और सुविधा ली।पुलिस ने जब उसका अल्कोहल टेस्ट कराया तो रिपोर्ट में अधिक शराब का स्तर पाया गया, जो अत्यधिक नशे की स्थिति को दर्शाता है। पूछताछ में आनंद ने कबूल किया कि वह खुद को आईजी, डीएसपी या उनके रिश्तेदार बताकर अधिकारियों से सरकारी सुविधाएं और अनुचित लाभ लेने का प्रयास करता रहा है।

पुलिस को पहले से इनपुट मिला था कि आनंद वर्धन फर्जी पहचान के सहारे कई जगह अफसरों को भ्रमित कर रहा है। अब यह जांच की जा रही है कि उसने किन-किन जिलों में, कितने अधिकारियों से फायदा उठाया। पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि क्या इस ठगी नेटवर्क में और लोग भी शामिल हैं।खादगढ़ा टीओपी प्रभारी दिवाकर कुमार ने बताया कि आनंद वर्धन के खिलाफ ठगी, जालसाजी और सरकारी पद के दुरुपयोग के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई है। विधिक कार्रवाई के तहत उसे जेल भेज दिया गया है।

# यूपी के इस गांव में पत्नी की लंबी आयु के लिए पति रखते हैं व्रत, बड़ी दिलचस्प है कहानी



सफीपुर,16 अक्टूबर [एजेंसी]। विकासखंड क्षेत्र के मिर्जापुर गांव से पत्नी की लंबी आयु के लिए एक व्यक्ति द्वारा शुरू की गई व्रत रखने की प्रक्रिया अब परंपरा बन चुकी है। परंपरा का पालन करने में क्या अधेड़ क्या युवा सब इसे अपनी जीवन संगिनी के लिए जरूरी मानते हुए हर साल कर रहे हैं।शुरुआत में जहां पहले इसका मजाक बना था तो अब युवा भी इससे प्रेरित हैं। जिसे देखते हुए दर्जनों लोग इस व्रत को रखकर समाज में पति-पत्नी के रिश्ते को और मजबूती देने का जरिया मानने लगे हैं। इस वर्ष भी इस परंपरा को दर्जनों जोड़ों ने बाखूबी निभाया। पत्नी पंचमी व्रत रखने की परंपरा कवि एवं साहित्यकार डा प्रमोद कुशवाहा ने शुरू की थी। पहले तो इस व्रत को कई लोगों ने मजाक समझा लेकिन पुरुष प्रधान समाज में जब महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण की बात तेज हुई तो युवाओं ने इसे एक नई सोच के रूप में अपनाया।उनका मानना है कि पति-पत्नी जीवन की एक डोर हैं और इस रिश्ते को और मजबूत बनाने के लिए पुरुषों को भी अपनी जीवन संगिनी के मंगलमय जीवन की कामना करनी चाहिए। लगभग पांच वर्ष पूर्व मिर्जापुर गांव से शुरुआत हुई थी। यह व्रत अब सफीपुर ही नहीं बल्कि आसपास के जनपदों में भी रखा जा रहा है। बड़ी संख्या में पुरुष इस दिन व्रत रखकर सूर्यास्त के बाद अपनी पत्नियों से व्रत तुड़वाते हैं और उनका आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।

इस वर्ष भी डा प्रमोद कुशवाहा, बलराम मिश्र, राजेश शर्मा, शिक्षक उमेश मौर्या, सुधीर मौर्य, रुद्र तिवारी, डा संतोष विश्वकर्मा, प्रधान प्रतिनिधि सुनील कुशवाहा, संजीव कुशवाहा, विमलेश कुशवाहा, राजेश कुशवाहा, पुत्तन सिंह और अनूप हिंदू आदि ने अपनी पत्नियों के लिए व्रत रखा। व्रत के अंत में सभी पत्नियों ने अपने पतियों से व्रत तुड़वाकर उनका आशीर्वाद लिया। पत्नी पंचमी व्रत अब एक नई सामाजिक सोच का प्रतीक बनता जा रहा है।

## वाई पूरन कुमार केस में न्याय की मांग को लेकर निकाला कैंडल मार्च, कांग्रेस ने कहा- दोषियों पर कार्रवाई हो

फरीदाबाद। हरियाणा युवा कांग्रेस ने रविवार को कैंडल मार्च निकालकर भाजपा सरकार में दलितों पर हो रहे लगातार अत्याचार और वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार की मौत के मामले में न्याय की मांग की। मार्च का नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष निशित कटारिया ने किया। कैंडल मार्च सेक्टर-16, सर्किट हाउस से शुरू होकर मुख्य सड़कों से होकर गुजरा। निशित कटारिया ने कहा कि वाई पूरन कुमार का मामला केवल एक व्यक्ति तक सीमित नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जब एक वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी तक सुरक्षित नहीं है, तो आम जनता की सुरक्षा और न्याय पर प्रश्न उठता है। दलित समुदाय लगातार उत्पीड़न और भेदभाव का सामना कर रहा है। सरकार को चाहिए कि इस मामले में दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करे और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाए।कैंडल मार्च में फरीदाबाद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बलजीत कौशिक, हरियाणा युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष गौतम पराग,जिलाध्यक्ष विकास दायमा,प्रदीप सैन,गौरव चौधरी ने यह संदेश दिया कि दलित समुदाय और न्यायप्रिय नागरिकों के अधिकारों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और हरियाणा युवा कांग्रेस इसके लिए लगातार आवाज बुलंद करती रहेगी।



प्रधानमंत्री भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली में आयोजित विशेष कृषि कार्यक्रम के अवसर पर दलहन की खेती
में लगे किसानों के साथ बातचीत करते हुए।

# ताजमहल में शॉर्ट सर्किट से छाया धुएं का गुबार पांच मिनट से अधिक समय तक उठी चिंगारी

आगरा, 16क्टूबर [एजेंसी]। ताजमहल में रविवार को शार्ट सर्किट से आसमान में धुएं का गुबार छा गया। दक्षिणी गेट की दायीं तरफ बनी कोठरियों के ऊपर से निकली एलटी लाइन के केबिल के ज्वाइंटर से अचानक चिंगारी उठी और तेजी से धुआं फैल गया।

अनहोनी की आशंका से पर्यटक भी चिंतित हो उठे।भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के कर्मचारियों ने बिजली आपूर्ति कंपनी टोरेंट को सूचना दी, इसके बाद शटडाउन किया गया। दो घंटे में क्षतिग्रस्त लाइन की मरम्मत की गई। ताजमहल में दक्षिणी गेट से पर्यटकों का प्रवेश सुरक्षा कारणों से वर्ष 2018 से बंद है। इस गेट से पर्यटक बाहर निकलते हैं। दक्षिणी गेट के पास रविवार सुबह करीब 9.30 बजे टोरेंट की एलटी लाइन



के ज्वाइंटर से अचानक चिंगारी उठने लगीं। प्लास्टिक के बने ज्वाइंटर में आग लगने से धुएं का गुबार चारों तरफ छा गया। स्मारक के अंदर के साथ ही दक्षिणी गेट के बाहर से भी धुएं के गुबार नजर आए। करीब पांच मिनट तक चिंगारी व धुएं के गुबार उठते रहे। एएसआई के कर्मचारियों द्वारा टोरेंट को सूचित किए जाने पर शटडाउन किया गया, जिसके बाद चिंगारी निकलना बंद हुई। इसके बाद टोरेंट की टीम ताजमहल पहुंची। उसने शार्ट सर्किट से जले ज्वाइंटर को बदला। इस स्थान पर पर्यटकों को जाने की अनुमति नहीं है।

ताजमहल के वरिष्ठ संरक्षण सहायक प्रिंस वाजपेयी ने बताया कि शार्ट सर्किट की वजह से ताजमहल में कोई व्यवस्था प्रभावित नहीं हुई। शार्ट सर्किट होने पर बिजली आपूर्ति बाधित होने पर तुरंत यूपीएस चालू हो गए थे। टोरेंट की टीम ने करीब दो घंटे में मरम्मत कर ली थी। स्मारक को किसी भी तरह का कोई नुकसान नहीं हुआ है।

## विजय माल्या ने ब्रिटेन में दिवालियापन रद करने का आवेदन लिया वापस

लंदन,16 अक्टूबर। भगोड़ा कारोबारी विजय माल्या ने सोमवार को लंदन में होने वाली सुनवाई से पहले ब्रिटेन के दिवालियापन आदेश को रद करने के अपने आवेदन को वापस ले लिया।इसका मतलब है कि दिवाला व्यक्तियों के मामले की सुनवाई करने वाला ट्रस्टी इन बैंकरप्सी एसबीआई के नेतृत्व वाले बैंकों के एक समूह को 69 वर्षीय माल्या की अब बंद हो चुकी किंगफिशर एयरलाइंस पर लगभग 1.05 अरब पाउंड के अनुमानित कर्ज के भुगतान में मदद करने के लिए संपत्तियों की तलाश जारी रख सकता है।माल्या की कानूनी टीम ने पिछले सप्ताह आवेदन को वापस लेने का नोटिस दायर किया था। उसके बाद आवेदन पर सुनवाई के निर्देश निर्धारित करने के लिए हाई कोर्ट में जारी सुनवाई रद कर दी गई थी। बैंकों का प्रतिनिधित्व करने वाली ब्रिटेन की विधि कंपनी टीएलटी एलएलपी ने बयान में कहा कि विजय माल्या के मामले में ट्रस्टी इन बैंकरप्सी अब किसी भी बाधा के बिना, उनकी दिवालिया स्थिति के तहत आने वाली संपत्तियों की जांच और उसे जारी करने का अपना काम जारी रख सकेंगे। माल्या धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों में भारत में वांछित है।

# यूपी में कफ सीरप को लेकर नया अभियान जारी 782 नमूने लेने के बाद सामने आई बात

लखनऊ,16 अक्टूबर। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) ने रविवार को कफ सीरप के 187 नमूने लेकर जांच के लिए भेजे हैं। प्रदेश में छह अक्टूबर से शुरू हुए अभियान में अब तक 782 नमूने लिए जा चुके हैं। ये नमूने 30 से अधिक कंपनियों के कफ सीरप के हैं। एफएसडीए के अधिकारियों के अनुसार अभी तक जांच के दौरान किसी भी अस्पताल, दवा की दुकान से प्रतिबंधित कोल्ड्रिफ, रिलाइफ और रेस्पिफ्रेश कफ सीरप नहीं मिला है। अधोमानक व मिलावटी कफ सीरप के खिलाफ चल रहे अभियान में शुक्रवार को आरपाइक फार्मास्युटिकल प्राइवेट लिमिटेड से भी नमूने लिए गए थे। इस कंपनी की निर्माण इकाई गुजरात में है और मालिक का नाम मनोहर जायसवाल बताया जा रहा है। इस कंपनी में दवाओं की जांच के दौरान कोडिन सीरप भी मिला है।

## बच्चा का अपहरण करने का प्रयास करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

राजनांदगांव, 16 अक्टूबर ( एजेंसी )। शनिवार को प्रार्थी घनश्याम लहरे पिता स्व0 सतोष लहरे उम्र- 35 साल निवासी कचहरी चौक वार्ड न0- 22 सतनामी पारा डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव छ0ग0 के 10 वर्ष का लड़का अपने घर गेट के सामने बाहर खेल रहा था उसी दौरान 02 अज्ञात व्यक्ति द्वारा अपहरण करने का प्रयास कर रहे थे इस संदर्भ में 02 आरोपियों को पकड़ा गया एवं पुछताछ करने पर दोनों अपना नाम 01. तरीकत शाह 02. दिलदार शाह दोनों निवासी बाबाटोली आमगांव खुर्द थाना साल्हेकसा जिला गोंदिया महा0 का रहने वाला बताये की रिपोर्ट पर थाना डोंगरगढ़ में अपराध क्र0- 518/2025 धारा- 137( 2 ), 139( 1 ), 3( 5 ) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुये श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग, एएसपी श्री राहुल देव शर्मा व एसडीओपी डोंगरगढ़ श्री आशीष कुंजाम को घटना से अवगत कराकर प्राप्त दिशा-निर्देशानुसार विवेचना कार्यवाही करते हुये आरोपिगण से पुछताछ किये जो बच्चे को अकेला एवं सुनसान देखकर अपने साथ अपहरण कर ले जा रहे थे बताये। आरोपीगण के विरूद्ध धारा सदर का अपराध घटित करना सबुत पाये जाने से दिनांक- 11.10.2025 को विधिवत गिरफ्तार कर आज दिनांक को माननीय न्यायालय में पेश कर ज्युडिशियल रिमाण्ड पर भेजा गया है। गिरफ्तार आरोपी:- 01. तरीकत शाह पिता जंकीम शाह उम्र- 33 साल निवासी बाबाटोली, सालेकसा, आमगांव खुर्द, थाना सालेकसा, जिला गोंदिया महा. 02. दिलदार शाह पिता लाल शाह उम्र- 35 साल निवासी बाबाटोली, आमगांव खुर्द, सालेकसा, थाना सालेकसा, जिला गोंदिया महाराष्ट्र।

# सिटी कोतवाली दुर्ग पुलिस की त्वरित कार्यवाही,पुलिस ने चंद घण्टों के भीतर सुलझाई अन्धे कत्ल की गुत्थी

## मामले में एक विधि से संघर्षरत् बालक भी शामिल

दुर्ग, 16 अक्टूबर ( एजेंसी )। शनिवार को प्रार्थी भरत यादव पिता शिव प्रसाद यादव उम्र 28 वर्ष निवासी शिव पारा विजय दाल मील के पिछे वार्ड नं. 33 दुर्ग ने थाना रिपोर्ट दर्ज कराया कि प्रार्थी का भाई अनिल यादव दिनांक 10.10.2025 के रात्रि करीब 11:00 बजे अपनी स्कूटी में घर से बिना बताये निकला था जो रात्रि घर नहीं आया दिनांक 11.10.2025 के सुबह करीब 08 :00 बजे पंचशील नगर बिजली ऑफिस के सामने एक अज्ञात व्यक्ति का शव का पड़ा हैं और काले कलर की एक्टीवा खड़ी है सुनकर जाकर देखा तो उक्त पड़ा हुआ शव प्रार्थी के बडे भाई अनिल यादव का था उसके सिर पर गहरी चोट थी।

मृतक अनिल यादव को कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा मारकर सिर मे गंभीर चोट पहुंचाकर हत्या किया गया हैं। रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली दुर्ग में अपराध क्रमांक 490/2025 धारा 103( 1 ) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। प्रकरण में अज्ञात आरोपी के पतासाजी हेतु तत्काल टीम गठित कर रवाना किया गया। आरोपी पतासाजी क्रम में क्षेत्र में लगे आस-पास सीसीटीव्ही फूटेज को चेक की जाकर अज्ञात आरोपी की पतासाजी की जा रही थी इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिलने पर 03 संदेहियों को पुलिस अभिरक्षा में लेकर पृथक-पृथक पूछताछ किया गया जो अपने कथन में शराब और सिगरेट पीने की बात को लेकर आवेश में आकर मृतक से वाद-विवाद कर हत्या करने की नियत से पास में पड़े पत्थर एवं बल्ली से मारकर गंभीर चोट पहुंचाकर मृत्यु कारित करना तथा मृतक को मृत अवस्था में छोड़कर वहां से भाग जाना एवं अपराध कारित करना स्वीकार किये। घटना में प्रयुक्त आलाजरब को घटना स्थल से समक्ष गवाहों के जप्त किया गया। प्रकरण के दो आरोपीगण साहिल टंडन उर्फ भोको, भुवन साहू एवं एक अपचारी बालक को विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। उक्त कार्यवाही में उनि प्रताप सिंह ठाकुर, सउनि रामकृष्ण तिवारी, प्र.आर. आबिद खान, अजय विश्वकर्मा, आरक्षक केशव कुमार, विकास तिवारी, प्रशांत पाटनकर, कमलकांत अंगूरे, सुरेश जायसवाल की सराहनीय भूमिका रही।

## दुकान से नकदी सहित हजारों रुपए के सामान पार

रायपुर, 16 अक्टूबर ( एजेंसी )। सदाणी दरबार स्थित शंकर बेकरी के शटर उठाकर अज्ञात चोर ने नकदी 400 सहित हजारों रुपए का सामान पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर माना कैंप ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी कपिल दवे भतरा 22 वर्ष गोकुल कॉम्पलेक्स सदाणी दरबार का रहने वाला है। प्रार्थी सदाणी दरबार के पास शंकर बेकरी के नाम से दुकान चलाता है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर ने प्रार्थी के दुकान का शटर उठाकर नकदी 400 सहित चॉकलेट, कोल्ड्रिंक, बिस्किट व सिगरेट पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 35400 रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## छोटे देवड़ा में क्रिकेट का खुमार

जगदलपुर, 16 अक्टूबर ( एजेंसी )। विकासखंड बकावंड की ग्राम पंचायत छोटे देवड़ा में नवयुवक मंडल के तत्वावधान में लगातार 25वें वर्ष पंचायत स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता 2025 का शुभारंभ सरपंच संतोष कुमार कश्यप, समदू राम कश्यप, उप सरपंच राहुल सोनवानी ने किया। उद्घाटन मैच सोनपुर और भाटपाल के मध्य खेला गया। भाटपाल की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।पहले बल्लेबाजी करते हुए सोनपुर की टीम ने निर्धारित 10 ओवर में टीके और लखेश्वर की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत 95 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भाटपाल टीम के एक तरफसे विकेट गिरते रहे और दूसरी तरफखगेश्वर अच्छी बल्लेबाजी करते हुए क्रीज पर डटे रहे। इसके बावजूद भाटपाल की टीम मैच नहीं जीता पाई। सिर्फ चार रनों से भाटपाल को हार का सामना करना पड़ा। अच्छे प्रदर्शन के लिए सोनपुर के लखेश्वर को मैन ऑफ द मैच का खिताब दिया गया। इस दौरान नवयुवक मंडल अध्यक्ष नारायण भारती मदनलाल, कुलेश साहू, लछिमनाथ कश्यप, रूसब, बंटू, कैलाश, मोगरा, कतकुड़ी, विनोद, घासीराम लखेराम और बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## लव जिहाद : युवती बोली- मेरी हत्या कर लाश को डैम में मछलियों को खिलाने की देते हैं धमकी, आरोपी गिरफ्तार

सरगुजा, 16 अक्टूबर ( एजेंसी )। पुलिस ने लव जिहाद के मामले में बड़ी कार्यवाही की है, पीड़िता की रिपोर्ट के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है. पीड़िता पिछले कई महीनो से न्याय के लिए थाना का चक्कर लगा रही थी लेकिन कार्रवाई नहीं हो रही थी. इसके बाद सरगुजा पुलिस अधीक्षक ने मामले को गंभीरता से लिया. सरगुजा पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल के निर्देश के बाद अंबिकापुर के महिला थाने में पीड़िता की रिपोर्ट पर अपराध दर्ज कर कार्रवाई की गई है. लव जिहाद के मामले ने युवती ने किए कई खुलासे पीड़िता अर्पिता ( बदला हुआ नाम ) ने बताया कि आज से 3 साल पहले लखनपुर क्षेत्र के नवापारा निवासी अमजद खान से फोन के माध्यम से उसका परिचय हुआ, इसके बाद अमजद ने उसे अपने प्यार के झांसे में लिया और शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया तब आरोपी अमजद ने पीड़िता को नहीं बताया था कि वह पहले से शादीशुदा है,

इस बीच पीड़िता को वह उदयपुर में किराए के मकान में रख रहा था और उसका शारीरिक शोषण कर रहा था इसी से वह गर्भवती हो गई जब आरोपी को पीड़िता के गर्भवती होने के बारे में पता चला तो वह गर्भपात करने के लिए उसे दवाई खिलाया, लेकिन गर्भपात नहीं हो पाया तब आरोपी उसे एक अस्पताल में लेकर पहुंचा लेकिन डॉक्टरों ने गर्भपात करने से इनकार कर दिया, इसके बाद पीड़िता ने एक बच्चे को जन्म दिया और आरोपी ने उसे इसके बाद छोड़ दिया. मेरी हत्या कर लाश को डैम में मछलियों को खिलाने की देते हैं धमकी पीड़िता ने इसकी शिकायत सखी केंद्र और महिला थाने में की, लेकिन पुलिस की टीम ने यहां काउंसलिंग कर उसे आरोपी के साथ ही उसके घर भेज दिया लेकिन आरोपी ने घर में उसके साथ मारपीट और हत्या करने की धमकी देने लगा, परिवार के दूसरे सदस्य भी उसे धमकाने लगे, पीड़िता ने बताया कि आरोपी अपने बेड के नीचे कुल्हाड़ी लेकर सोता था ताकि मौका मिलने पर उसकी हत्या कर सके, वही परिवार के लोग उसे धमकी देते थे कि हत्या के बाद उसकी लाश को किसी डैम में फेंक देंगे, जहां लाश को मछलियां खा जाएंगी.

आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार लगातार धमकी और विवाद करने के बाद पीड़िता अपने डेढ़ साल के बच्चे के साथ अब किराये के मकान में रह रही है. पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल के निर्देश पर महिला थाने में आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया और आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया. आज पुलिस आरोपी को कोर्ट में पेश करेगी।

# नशामुक्ति एवं यातायात जागरूकता की दिशा में धमतरी पुलिस कर रहा व्यापक अभियान

धमतरी, 16 अक्टूबर ( एजेंसी )। शासकीय उच्च माध्यमिक शाला डोमा में छात्रों को दी गई नशे से दूर रहने व यातायात नियमों का पालन करने की सीख। यातायात प्रभारी ने कहा -सुरक्षित जीवन के लिए संयम और नियमों का पालन आवश्यक। धमतरी पुलिस यातायात प्रभारी द्वारा लगातार जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में शासकीय उच्च माध्यमिक शाला डोमा में नशामुक्ति एवं यातायात नियमों के संबंध में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में यातायात प्रभारी धमतरी ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नशा व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक जीवन को नष्ट कर देता है, इसलिए युवा पीढ़ी को इससे पूरी तरह दूर रहना चाहिए। उन्होंने कहा - नशा एक ऐसी आदत है जो व्यक्ति ही नहीं, परिवार और समाज को भी खोखला कर देती है। नशामुक्त रहकर ही हम एक स्वस्थ और सशक्त भारत का निर्माण कर सकते हैं।

इसके साथ ही छात्रों को यातायात सुरक्षा नियमों की जानकारी दी गई। उन्हें सड़क पर चलते समय हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, ट्रैफिक सिग्नल का पालन करने, नाबालिगों द्वारा वाहन न चलाने, और मोबाइल फोन का उपयोग न करने जैसी बातों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण, यातायात स्टाफ तथा अधिक संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित थे। विद्यार्थियों ने यातायात नियमों को लेकर कई प्रश्न पूछे जिनका उत्तर यातायात प्रभारी ने सरल और प्रभावी ढंग से दिया। अंत में विद्यार्थियों को नशामुक्त जीवन जीने एवं सुरक्षित यातायात का पालन करने की शपथ दिलाई गई। विद्यालय प्राचार्य ने धमतरी पुलिस के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ जिम्मेदारी की भावना भी विकसित करते हैं। नशा त्यागें, नियम अपनाएँ - जीवन सुरक्षित बनाएँ धमतरी पुलिस।

## एचडीएफसी बैंक के कामकाज से ग्राहक नाखुश

बकावंड, 16 अक्टूबर ( एजेंसी )। एचडीएफसी बैंक शाखा बकावंड के अधिकारियों की कार्यप्रणाली से ग्राहक परेशान हो उठे हैं। यहां ग्राहकों को खाता खोलने के नाम पर चक्कर कटवाए जाते हैं, जिससे बैंक के ग्राहक मानसिक रुप परेशान होते हैं। बैंक शाखा में खाता खोलने के लिए उलझाया जाता है। अलग अलग प्रकार के खाते खुलवाने के लिए दबाव डाला जाता है। कोई फर्म या ग्राहक करंट खाता खोलने के लिए जाता है, तो एचडीएफसी बैंक शाखा में पहले बचत खाता खुलवाने के लिए कहा जाता है इस प्रकार ग्राहकों को मानसिक रुप से परेशान किया जाता है।ग्राहक ओमप्रकाश रजक बकावंड की एचडीएफसी बैंक शाखा में 8 अक्टूबर को करंट खाता खुलवाने के लिए गया था, लेकिन बैंक के डिप्टी मैनेजर ने कहा कि सबसे पहले आपको हमारे बैंक में बचत खाता खोलना होगा तभी करंट खाता खोला जाएगा। ओमप्रकाश रजक ने बैंक में बचत खाता खुलवा लिया और करंट खाता के लिए कागजात जमा कर दिए। उसके बाद बैंक के डिप्टी मैनेजर कह दिया कि आपका करंट खाता निरस्त हो गया है। यह बैंक का नियम है, या बैंक द्वारा ग्राहकों को गुमराह करने का तरीका

## हथियार लहराकर सोशल मीडिया पर रील पोस्ट करने वालों के खिलाफपुलिस सख्त

बिलासपुर, 16 अक्टूबर ( एजेंसी )। सोशल मीडिया पर हथियार लहराकर रील बनाना अब पांच युवकों को भारी पड़ गया है. बिलासपुर पुलिस ने कुख्यात लुद्दू पांडेय गैंग के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है, जो सोशल मीडिया पर रिवॉल्वर और चाकू के साथ वीडियो बनाकर डर फैलाने का काम कर रहे थे। गिरफ्तार आरोपियों में लुद्दू पांडेय, शिवम मिश्रा, लक्की यादव, शैलेश चौबे और शंभू यादव शामिल हैं. पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक रिवॉल्वर, एक एयर गन, एक चाकू, एक बेसबॉल स्टिक और एक बुलेट जब्त की है. जानकारी के अनुसार, ये आरोपी लगातार सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर हथियारों से वीडियो बनाकर अपराध का प्रचार और दहशत फैलाने का काम कर रहे थे. पुलिस ने साइबर सेल की मदद से इनकी लोकेशन ट्रैक की, जो उत्तर प्रदेश के बनारस, मिर्जापुर और इलाहाबाद के अलग-अलग इलाकों में छिपे हुए थे. विशेष टीम ने लगातार निगरानी रखते हुए आरोपियों को रतनपुर के पास घेराबंदी कर गिरफ्तार किया. पुलिस ने इनके खिलाफसंगठित अपराध की धाराएं भी जोड़ी हैं. बिलासपुर पुलिस का कहना है कि सोशल मीडिया पर अपराध की छवि गढ़ने वालों पर अब सख्त कार्रवाई की जाएगी. रील के बहाने हथियारों का प्रदर्शन कर अपराध का महिमामंडन करने वालों को जेल की राह पकड़नी पड़ेगी।

## जवानों की संयुक्त कार्यवाही में 3 लाख रुपए के ईनामी 3 माओवादी सहित 8 माओवादी गिरफ्तार

बीजापुर, 16 अक्टूबर ( एजेंसी )। जिले के थाना बासागुड़ा क्षेत्रान्तर्गत डीआरजी, थाना बासागुड़ा एवं केरिपु 168 वाहिनी की संयुक्त टीम द्वारा पुतकेल से पोलमपल्ली जाने वाले रास्ते में पोलमपल्ली के पास विस्फोटक एवं प्रतिबंधित संगठन के प्रचार प्रसार की सामग्री के साथ 08 सक्रिय माओवादियों को पकड़ा गया। पूछताछ पर अपना नाम :- कोसा सोड़ी ( नेण्ड्रा आरपीसी छ्हरूअध्यक्ष ) पिता बुधरा उर्फजोगा उम्र 28 वर्ष निवासी गोटटूम पारा नेण्ड्रा थाना बासागुड़ा जिला बीजापुर, ईनाम 02.00 लाख रुपए। जय सिंह माड़वी ( कमलापुर आरपीसी सीएनएम सदस्य ) पिता कोसा माड़वी उम्र 25 वर्ष निवासी कमलापुर जोन्नागुड़ा पारा थाना बासागुड़ा जिला बीजापुर, ईनाम 50 हजार रूपये। मड़कम अंदा ( कमलापुर आरपीसी सीएनएम सदस्य ) पिता स्व0 मड़कम बोटी उम्र 27 वर्ष निवासी कमलापुर जोन्नागुड़ापारा थाना बासागुड़ा जिला बीजापुर, ईनाम 50 हजार रूपये। सोड़ी हिड़मा ( कमलापुर आरपीसी मिलिशिया सदस्य ) पिता अंदा उर्फसोमड़ा उम्र 22 वर्ष निवासी कमलापुर जोन्नागुड़ापारा थाना बासागुड़ा जिला बीजापुर। मुचाकी बुधरा उर्फभद्रा ( कमलापुर आरपीसी भूमकाल मिलिशिया सदस्य ) पिता सुक्का उम्र 33 वर्ष निवासी कमलापुर जोन्नागुड़ापारा थाना बासागुड़ा जिला बीजापुर। माड़वी राजू ( कमलापुर आरपीसी मिलिशिया सदस्य ) पिता स्व0 हिड़मा उम्र 24 वर्ष निवासी कमलापुर जोन्नागुड़ापारा थाना बासागुड़ा जिला बीजापुर। माड़वी हिड़मा ( कमलापुर आरपीसी मिलिशिया सदस्य ) पिता माड़वी कोसा उम्र 24 वर्ष निवासी कमलापुर जोन्नागुड़ापारा थाना बासागुड़ा जिला बीजापुर। देवा माड़वी पिता हड़मा माड़वी ( कमलापुर आरपीसी आर्थिक शाखा सदस्य ) उम्र 28 वर्ष निवासी कमलापुर जोन्नागुड़ापारा थाना बासागुड़ा जिला बीजापुर। पकड़े गये माओवादियों के कब्जे से टिफिन बम, डेटोनेटर, सेफ्टी फ्यूज, कार्डेक्स वायर, बैटरी, बिजली का तार, जमीन खोदने का औजार एवं शासन विरोधी नारों के पाम्पलैट बैनर बरामद किया गया। पकड़े गए माओवादियों के विरुद्ध थाना बासागुड़ा में वैधानिक कार्यवाही उपरांत न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया है।

# पुलिस ने चंद घण्टों के भीतर सुलझाई अन्धे कत्ल की गुत्थी

दुर्ग, 16 अक्टूबर ( एजेंसी )। शनिवार को प्रार्थी भरत यादव उम्र 28 वर्ष निवासी शिव पारा दुर्ग थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसका भाई अनिल यादव दिनांक 10.10.2025 के रात्रि करीब 11:00 बजे अपनी बिना नंबर प्लेट की काले रंग की एक्टीवा स्कूटी में घर से बिना बताये निकला था, जो रात्रि घर नहीं आया ।दिनांक 11.10.2025 के सुबह करीब 08:00 बजे पता चला कि पंचशील नगर परस सेन के मकान के बगल मे बिजली ऑफिस के सामने एक अज्ञात व्यक्ति का शव का पड़ा हैं और काले कलर की एक्टीवा खड़ी है । जानकारी मिलने पर जाकर देखा तो शव इसके बडे भाई अनिल यादव का था तथा नाली में ही खड़ी काले रंग की एक्टीवा इसके भाई की थी । इसके भाई के सिर पर गहरी चोंट थी। मृतक अनिल यादव को कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा मारकर सिर मे गंभीर चोट पहुंचाकर हत्या किया गया हैं। रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली दुर्ग में अपराध क्रमांक 490/2025 धारा 103( 1 ) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । प्रकरण के अज्ञात आरोपी की पतासाजी हेतु तत्काल टीम गठित कर किया गया। आरोपी पतासाजी क्रम में क्षेत्र में लगे आस-पास सीसीटीव्ही कैमरों के फूटेज को चेक किया गया। मुखबिर लगाए गए। इसी दौरान मुखबिर से संदेहियो के संबंध में सूचना मिलने पर 03 संदेहियों को पुलिस अभिरक्षा में लेकर पृथक-पृथक पूछताछ किया गया जो शराब और सिगरेट पीने की बात को लेकर आवेश में आकर तीनों मृतक से वाद-विवाद कर हत्या करने की नियत से पास में पड़े पत्थर एवं बल्ली से मारकर गंभीर चोट पहुंचाकर मृत्यु कारित करना तथा मृतक को मृत अवस्था में छोड़ कर वहां से भाग जाना स्वीकार किये। घटना में प्रयुक्त आलाजरब को घटना स्थल से विधिवत जप्त किया गया। प्रकरण के आरोपी साहिल टंडन उर्फ भोको, भुवन साहू एवं अपचारी बालक को विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक तापेश्वर सिंह नेताम, उनि प्रताप सिंह ठाकुर, सउनि रामकृष्ण तिवारी, प्र.आर. आबिद खान, अजय विश्वकर्मा, आरक्षक केशव कुमार, विकास तिवारी, प्रशांत पाटनकर, कमलकांत अंगूरे, सुरेश जायसवाल की सराहनीय भूमिका रही।

# अज्ञात वाहन की ठोकर से लकड़बग्घे की मौत

कांकेर, 16 अक्टूबर ( एजेंसी )। पीवी31 से पीवी08 चाणक्यपूरी जाने वाले रास्ते में अज्ञात गाड़ी की टक्कर से लकड़बग्घे की मौत हो गई। वन परिक्षेत्र कापसी का मामला ।सड़क किनारे लकड़बग्घे की लाश मिली। राहगीरों की सूचना पर वन विभाग की टीम पहुंची और मृत लकड़बग्घे को मटोली डिपो में लाया गया। जांच और पंचनामे के बाद पशु विभाग के डॉक्टर ने लकड़बग्घे का पोस्टमॉर्टम किया। इसके बाद डिपो में ही उसका अंतिम संस्कार किया गया। अज्ञात वाहन चालक के खिलाफमामला दर्ज किया गया है। उसकी तलाश की जा रही है।

## पुरानी रंजिश के कारण हत्या का प्रयास, के फरार आरोपीयो को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

रायपुर, 16 अक्टूबर ( एजेंसी )। 25 मई 2025 के लगभग दोपहर 01.40 बजे के नागेश्वर नगर उर्मिया मार्केट के पास अपने मुतर्जरर लव साहु अपने अन्य साथीयो के साथ बैठा था उसी समय लव साहु पानी पाउच लेने जा रहा हु बोलकर वहां से चला गया कुछ ही देर मे लव साहु ने बचाओ बचाओ कहकर चिल्लाया , जहा लव साहु खुन से लथपथ रोड मे पडा था जिसे किसी ने पेट के दाहिने तरफपीठ में 4-5 जगह मारकर चोट पहुचाया था। जिसे तत्काल इलाज के लिए एन के डी अस्पताल ले जाकर ईलाज हेतु भर्ती कराया गया। रिपोर्ट पर थाना उरला में अपराध क्र 102/25 धारा 190,191( 3 ),109( 1 ) बी एन एस दर्ज कर विवेचना में लिया गया दौरान जांच के तकनीकी साक्ष्य के आधार पर पता चला कि रेहान खान जुबैर, तुफानअली, सोएब, मोह. सैफएवं उनके अन्य साथी सभी ने मिलकर पुरानी रजिश के कारण चाकु से जान से मारने की नीयत से लव पेट पीट में 4-5 जगह वार कर चोट पहुंचाया है। दौरान विवेचना के आरोपी रेहान खान को दिनांक 26.05.2025 को विधिवत गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। तथा अन्य फरार आरोपीगण के विरूध्द धारा 193( 9 ) बी एन एस एस के तहत विवेचना जारी रखते हुए अभियोग पत्र तैयार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया था। श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक महोदय, रायपुर रेंज रायपुर के निर्देशन पर ऑपरेशन निश्चय के तहत विशेष अभियान के तहत के दिनांक 11.10.2025 को तडके सुबह चेंकिग के दौरान प्रकरण के फरार आरोपीयो के घर दबिश दिया जिसमें सभी फरार आरोपीगण को पकड़ा गया , द्य ,पूछताछ पर सभी ने घटना करना स्वीकार किया आरोपी सोएब अहमद द्वारा घटना में प्रयुक्त एक लडकी का स्टीक एवं आरोपी मोह. सैफ उर्फ मारूफ द्वारा घटना में प्रयुक्त एक लोहे का बटनदार चाकू जप्त किया गया, प्रकरण के आरोपीगण 01 सोहेब अहमद पिता रफीक अहमद उम्र 20 साल साकिन गाजी नगर बीरगांव थाना उरला जिला रायपुर 02 मोह. सैफ उर्फ मारूफ अनवर राईन पिता मोह. निसार अहमद उम्र 19 साल साकिन दुर्गा नगर बीरगांव थाना उरला जिला रायपुर 03 मोह. जुनैद राईन पिता फारूक अब्दुला उम्र 21 साल साकिन गाजी नगर बीरगांव थाना उरला जिला रायपुर 04 तुफान

## भारी बारिश से प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क क्षतिग्रस्त, नेशनल हाईवे भी लबालब

कांकेर, 16 अक्टूबर ( एजेंसी )। छत्तीसगढ़ के कांकेर में बीते दिन से लगातार हो रही बारिश ने ग्रामीण अंचलों की सड़कों को क्षतिग्रस्त कर दिया है. चारामा अंचल में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है. लगभग 7 से 8 घंटे तक जारी रही मूसलाधार बारिश के चलते नदी, नाले और बांध पूरी तरह जलमग्न हो गए हैं. ग्रामीण क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति बन गई है, वहीं सिरसिदा गांव में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है. जानकारी के अनुसार, सिरसिदा जलाशय के ओवरफ्लो से निकले तेज बहाव वाले पानी ने प्रधानमंत्री सड़क पर बने ह्यूम पाइप पुल को तोड दिया.

## शब्द सामर्थ्य -054

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. ठुड्डी पर के बाल, ठुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

**ऊपर से नीचे**

1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादार 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए. गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 053 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खा | म | खां | | | इं | | | |
| स | ह | | ब | र | सा | त | | प |
| | क | हा | नी | | न | क | च | ढ़ा |
| त | | | स्ब | | | ली | | ई |
| क | या | म | त | | क | फ | न | |
| दी | | र्दा | | बा | बू | | ह | वा |
| र | ह | ना | | ल | त | खो | र | |
| | वा | | नौ | क | र | | | सा |
| भा | ई | | का | | | बा | द | ल |



## भारत के खिलाफ शतकीय पारी खेलकर गदगद हुए जॉन कैंपबेल, इस शॉट को बताया पसंदीदा, बोले- यह कारगर रहा

नई दिल्ली,16 अक्टूबर ( एजेंसी )। दूसरी पारी में कैंपबेल ने 199 गेंदों पर 155 रन की पारी खेली और शाई होप ( 103 रन ) के साथ तीसरे विकेट के लिए 177 रन की साझेदारी की जिससे वेस्टइंडीज शानदार वापसी करते हुए मैच को पांचवें दिन तक खिंचने में सफल रहा।

वेस्टइंडीज के सलामी बल्लेबाज जॉन कैंपबेल भारत के खिलाफ दिल्ली में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच की दूसरी पारी में अपनी शतकीय पारी से गदगद हो गए। कैंपबेल की पारी की मदद से ही वेस्टइंडीज इस मैच में बढ़त हासिल करने में सफल रहा। भारत भले ही इस मैच को जीतने के कगार पर है, लेकिन कैंपबेल ने शानदार पारी खेलकर यह सुनिश्चित किया कि टेस्ट मैच का नतीजा चौथे दिन नहीं निकल सके। भारत जीत के करीब

वेस्टइंडीज ने दूसरी पारी में 390 रन बनाए और भारत को 121 रनों का लक्ष्य दिया। स्टंप्स के समय भारत 2-0 की क्लीन स्वीप से 58 रन दूर था। भारत ने वेस्टइंडीज को फॉलोऑन दिया था। दूसरी पारी में कैंपबेल ने 199 गेंदों पर 155 रन की पारी खेली और शाई होप ( 103 रन ) के साथ तीसरे विकेट के लिए 177 रन की साझेदारी की जिससे वेस्टइंडीज शानदार वापसी करते हुए मैच को पांचवें दिन तक खिंचने में सफल रहा। कैंपबेल अपना पहला टेस्ट शतक लगाने के बाद भावुक हो गए और कहा कि समझदारी से शॉट चयन करना उनके लिए कारगर रहा। वेस्टइंडीज के लिए 23 साल बाद किसी बल्लेबाज ने भारत में जड़ा टेस्ट शतककैंपबेल इस तरह 23 साल बाद भारत में टेस्ट शतक बनाने वाले वेस्टइंडीज के पहले सलामी बल्लेबाज बन गए। उनसे पहले वेवेल हाइंड्स ने 2002 में ईडन गार्डन्स में शतक बनाया था कैंपबेल ने कहा, इस पारी में मेरा शॉट चयन काफी सधा हुआ था। मुझे स्वीप शॉट खेलने में हमेशा से मजा आता है। शुक्र है, यह मेरे लिए कारगर रहा। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने रवींद्र जडेजा की गेंद पर लांग ऑन पर छक्का लगाकर अपना शतक पूरा किया। उन्होंने छक्का लगाकर शतक पूरा करने के बारे में पूछ जाने पर कहा, इस गेंद से पहले मैंने देखा कि जडेजा मिड-ऑन के क्षेत्ररक्षक को करीब बुला रहे है। ऐसे में मैंने क्षेत्ररक्षक के ऊपर से शॉट खेलने का मन बनाया। मैं दूसरी पारी में टीम के लिए योगदान देखकर खुश हूं।अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करें

# ग्रीव्स-सील्स ने जीत का इंतजार बढ़ाया, सीरीज अपने नाम करने से 58 रन दूर भारतीय टीम, कुलदीप चमके




नई दिल्ली,16 अक्टूबर ( एजेंसी )। भारत ने दिन के खेल की समाप्ति तक दूसरी पारी में एक विकेट पर 63 रन बना लिए हैं और जीत के लिए अब 58 रन और बनाने हैं। स्टंप्स के समय क्रीज पर साई सुदर्शन 30 और केएल राहुल 25 रन बनाकर मौजूद हैं।

वेस्टइंडीज के निचले क्रम के बल्लेबाज जस्टिन ग्रीव्स और जेडन सील्स ने दूसरे टेस्ट मैच में 10वें विकेट के लिए शानदार साझेदारी कर भारत की जीत का इंतजार बढ़ा दिया। भारत चौथे दिन जीत हासिल करने के करीब था, लेकिन ग्रीव्स और सील्स अंतिम विकेट के लिए टिके रहे जिससे वेस्टइंडीज 120 रनों की बढ़त लेने में सफल रहा। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने दिन के खेल की समाप्ति तक दूसरी पारी में एक विकेट पर 63 रन बना लिए हैं और जीत के लिए अब 58 रन और बनाने हैं। स्टंप्स के समय क्रीज पर साई सुदर्शन 30 और केएल राहुल 25 रन बनाकर मौजूद हैं।

दूसरी पारी में यशस्वी के रूप में भारत को लगा पहला झटका

वेस्टइंडीज को दूसरी पारी में समेटन के बाद उतरी भारतीय टीम को पहला झटका यशस्वी जायसवाल के रूप में लगा। यशस्वी जायसवाल आठ रन बनाकर वारिकन का शिकार बने। बड़े शॉट के चक्कर में यशस्वी कैच आउट हो गए। इसके बाद दिन के खेल की समाप्ति तक केएल राहुल और साई सुदर्शन ने भारत को अन्य झटका लगने नहीं दिया। भारत दूसरा टेस्ट जीतने के करीब है और उसकी कोशिश पांचवें दिन बिना कोई विकेट गंवाए मैच समाप्त करने पर टिकी होंगी। इससे पहले वेस्टइंडीज की दूसरी पारी 390 रन पर सिमट गई। फॉलोऑन खेलते हुए वेस्टइंडीज ने अपने बल्लेबाजों के दम पर 390 रन बना डाले। भारत ने अपनी पहली पारी में पांच विकेट पर 518 रन बनाकर पारी घोषित की थी। जवाब में वेस्टइंडीज की पहली पारी 248 रन पर सिमट गई थी। तब भारत 270 रन से आगे था। ऐसे में भारत ने फॉलोऑन खिलाने का फैसला लिया और जवाब में वेस्टइंडीज की टीम ने 390 रन बनाए। वेस्टइंडीज की कुल बढ़त 120 रन की हुई और भारत को 121 रन का लक्ष्य मिला।

वेस्टइंडीज के लिए कैंपबेल-होप ने जड़े शतक

वेस्टइंडीज ने सोमवार को दो विकेट पर 173 रन से आगे खेलना शुरू किया और 217 रन बनाने में बाकी के आठ विकेट गंवा दिए। विंडीज के लिए जॉन कैंपबेल और शाई होप ने शतक जड़े। कैंपबेल 115 रन और होप ने 103 रन की पारी खेली। कप्तान रोस्टन चेज ने 40 रन बनाए, जबकि जस्टिन ग्रीव्स ने नाबाद 50 रन की पारी खेली। यह ग्रीव्स के टेस्ट करियर का पहला अर्धशतक रहा। वहीं, कैंपबेल ने भी पहला टेस्ट शतक जड़ा। तेजनारायण चंद्रपॉल ने 10 रन और एलिक अथानाजे ने सात रन बनाए। तेवलिन इमलाक ने 12 रन और वारिकन ने तीन रन बनाए। एंडरसन फिलिप दो रन बनाकर आउट हुए। खेरी पियरे खाता नहीं खोल सके। जेडन सील्स 32 रन बनाकर आखिरी विकेट के रूप में आउट हुए। भारत की ओर से कुलदीप यादव और जसप्रीत बुमराह ने तीन-तीन विकेट लिए, जबकि सिराज को दो विकेट मिले। जडेजा और सुंदर ने एक-एक विकेट लिया।

# ट्रियोन-काप के बाद डि क्लेक की दमदार पारी से जीता दक्षिण अफ्रीका, तीसरे स्थान पर पहुंचा

विशाखापत्तनम,16 अक्टूबर ( एजेंसी )। क्लोए ट्रियोन और मारिजाने काप की अर्धशतकीय पारी के बाद नादिने डि क्लेक की शानदार पारी से दक्षिण अफ्रीका ने महिला विश्व कप के मुकाबले में बांग्लादेश को तीन विकेट से हराया। बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में छह विकेट पर 232 रन बनाए। जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने तीन गेंदें शेष रहते सात विकेट पर 235 रन बनाकर जीत दर्ज कर ली। दक्षिण अफ्रीका की टीम इसके साथ ही अंक तालिका में तीसरे स्थान पर आ गई है, जबकि भारतीय टीम चौथे नंबर पर खिसक गई है। काप और ट्रियोन ने दक्षिण अफ्रीका को संभालाबांग्लादेश के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पांच विकेट 78 रन पर ही गंवा दिए। दक्षिण अफ्रीका की टीम मुश्किल स्थिति में नजर आ रही थी और लग रहा था कि बांग्लादेश इस मैच में उलटफेर कर देगी। दक्षिण अफ्रीका के लिए सेमीफाइनल की दौड़ में बने रहने के लिहाज से इस मैच में जीत दर्ज काफी जरूरी थी। लगातार झटके लगने के बाद काप और ट्रियोन ने दक्षिण अफ्रीका की पारी को संभाला और छठे विकेट के लिए 85 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी की। काप और ट्रियोन के आउट होने के बाद डि क्लेक ने एक बार फिर टीम को आखिरी में संभाला और दमदार पारी खेलते हुए जीत दिलाई। बांग्लादेश की चार मैचों में यह तीसरी हार है। दक्षिण अफ्रीका की पारीदक्षिण अफ्रीका के लिए ट्रियोन ने 69 गेंदों पर छह चौकों और एक छक्के की मदद से 62 रन बनाए, जबकि काप 71 गेंदों पर चार चौकों और एक छक्के की मदद से 56 रन बनाकर आउट हुईं। अंत में डि क्लेक ने 29 गेंदों पर चार चौकों और एक छक्के के सहारे नाबाद 37 रन बनाए। कप्तान लौरा वोलवार्ट 31, एनेके बोश 28, सिनालो जाफ्ता ने 5 और एनेरी डर्कसेन 2 रन बनाकर आउट हुईं। वहीं, मसाबाता क्लास 10 रन बनाकर नाबाद लौटीं। बांग्लादेश की ओर से नाहिदा अख्तर ने दो विकेट झटके, जबकि राबेया खान, फाहिमा खातून और ऋतु मोनी को एक-एक विकेट मिला। इससे पहले, बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। बांग्लादेश के लिए महिला क्रिकेट में सबसे तेज अर्धशतक जमाने वाली बल्लेबाज बनीं शोरना अख्तर के आखिरी ओवरों में आतिशी प्रदर्शन से उनकी टीम ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखा। एक समय लग रहा था ।

## व्यापार

## बिना कमांड खुले आरएटी पर डीजीसीए सख्त, बोइंग से मांगी पूरी रिपोर्ट; एयर इंडिया को भी दिए सख्त निर्देश

नई दिल्ली ,16 अक्टूबर । एयर इंडिया की एक अंतरराष्ट्रीय उड़ान में सुरक्षा से जुड़ी एक गंभीर घटना सामने आई है, जिसने विमानन नियामक संस्था डीजीसीए को भी हरकत में ला दिया है। अमृतसर से बर्मिंघम जा रही एयर इंडिया की बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर फ्लाइट में 5 अक्टूबर को लैंडिंग से ठीक पहले विमान की इमरजेंसी पावर यूनिट 'रैम एयर टर्बाइन' बिना किसी कमांड के अपने आप खुल गई। गनीमत रही कि पायलटों ने सूझबूझ से विमान को सुरक्षित लैंड करा लिया और कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ।

घटना के बाद, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ( डीजीसीए ) ने इसे गंभीरता से लेते हुए विमान निर्माता कंपनी बोइंग से विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। एक वरिष्ठ डीजीसीए अधिकारी ने बताया, बोइंग को घटना की पूरी जांच रिपोर्ट, दुनियाभर में बोइंग 787 विमानों में हुई ऐसी घटनाओं का डेटा और रोकथाम के लिए उठाए जा रहे कदमों की जानकारी जमा करने का निर्देश दिया गया है।

डीजीसीए ने एयर इंडिया को भी कड़े निर्देश जारी किए हैं। एयरलाइन को उन सभी बोइंग 787 विमानों में क्रञ्ज स्टोरेज और हाल ही में बदले गए पावर कंट्रोल मॉड्यूल की तत्काल जांच करने को कहा गया है। अधिकारी ने बताया कि 5 अक्टूबर को जब विमान बर्मिंघम में लैंड करने वाला था, तब 400 फीट की ऊंचाई पर यह घटना हुई। हालांकि, पायलट ने किसी भी असामान्य स्थिति की सूचना नहीं दी और विमान सुरक्षित उतर गया।इस बीच, फेडरेशन ऑफ इंडियन पायलट्स ( एफआईपी ) ने एयर इंडिया के विमानों, खासकर बोइंग 787 बेड़े के रखरखाव और सुरक्षा मानकों पर गंभीर चिंता जताई है। एफआईपी के अध्यक्ष कैप्टन सीएस रंधावा ने मांग की है कि एयर इंडिया के सभी बोइंग 787 विमानों को तत्काल प्रभाव से जमीन पर रोका जाए और उनके इलेक्ट्रिकल सिस्टम की गहन जांच की जाए।पायलट संघ ने एयर इंडिया द्वारा मेंटेनेंस के लिए सरकारी एजेंसी का अनुबंध समाप्त कर कम अनुभवी नए इंजीनियरों को नियुक्त करने पर भी चिंता जताई है। रंधावा ने कहा, नए इंजीनियरों के अनुभव की कमी के कारण विमान के रखरखाव में समस्याएं आ रही हैं, जिससे सुरक्षा से समझौता हो सकता है।हाल की दो घटनाओं ने बढ़ाई चिंताअपनी मांगों को और बल देते हुए तथा सुरक्षा मानकों पर गंभीर चिंता जताते हुए, फेडरेशन ऑफ इंडियन पायलट्स ( एफआईपी ) ने हाल ही में महज चार दिनों के अंतराल में हुई दो बड़ी घटनाओं का हवाला दिया है। इनमें पहली घटना 5 अक्टूबर को अमृतसर-बर्मिंघम फ्लाइट में हुई, जहां विमान की इमरजेंसी रैम एयर टर्बाइन बिना किसी कमांड के हवा में ही खुल गई।

इसके ठीक चार दिन बाद, 9 अक्टूबर को, वियना से दिल्ली आ रही फ्लाइट को इलेक्ट्रिकल और ऑटो-पायलट सिस्टम में आई गंभीर खराबी के कारण अपनी उड़ान बीच में ही रोककर दुबई की ओर मोड़ना पड़ा। पायलट संघ के अनुसार, ये घटनाएं एयर इंडिया के रखरखाव में हो रही गंभीर चूक की ओर इशारा करती हैं, जो यात्रियों की सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा है।हालांकि, एयर इंडिया ने -154 विमान में किसी भी तरह की इलेक्ट्रिकल खराबी की बात से इनकार किया है। बहरहाल, डीजीसीए इस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रहा है ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोका जा सके।

# सोने की चमक ने तोड़े सभी रिकॉर्ड, सितंबर तक 57 फीसदी रिटर्न, क्या अगली दिवाली भी होगी गोल्डन?

नई दिल्ली ,16 अक्टूबर। 2025 में सोने की कीमतों ने नया रिकॉर्ड बनाया। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के अनुसार, सितंबर तक सोने ने 57% तक रिटर्न दिया है। जानिए क्यों बढ़ रहा है सोना, क्या आगे भी जारी रहेगी तेजी और निवेश के लिए कौन-सा विकल्प बेहतर है।सोने की चमक ने पूरी दुनिया को चौंका दिया है। 2025 में सोना जिस रफ्तार से बढ़ा है, उससे पहले कभी नहीं बढ़ा। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के मुताबिक, इस साल सितंबर तक सोने ने 57 फीसदी तक रिटर्न दिया है। विशेषज्ञों का कहना है कि ऊंची कीमतों के बाद भी सुरक्षित निवेश के लिए सोने की मांग लगातार मजबूत बनी हुई है, क्योंकि वैश्विक बाजार में आर्थिक जोखिम बढ़ रहे हैं। सोने से जुड़े विशेषज्ञों के मुताबिक, अमेरिका में ब्याज दर जितनी घटेगी, सोना उतना बढ़ेगा। मौजूदा हालात सोने में और तेजी का इशारा कर रहे हैं।अंतरराष्ट्रीय बाजार में 8 अक्तूबर को सोना पहली बार 4,059 डॉलर प्रति औंस ( कॉमेक्स ) पर बिका। भारत में मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर 9 अक्टूबर को सोना रिकॉर्ड 1,23,000 रुपए प्रति 10 ग्राम से ऊपर पहुंच गया ।अमेरिका में



शटडाउनमुद्रास्फीति की आशंका, कमजोर रोजगार आंकड़ेमिराए असेट शेयरखान के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और हेड ( कमोडिटी एंड करेंसी बिजनेस ) जिगर पंडित कहते हैं, दुनियाभर के केंद्रीय बैंक डॉलर पर अपनी निर्भरता कम करने के लिए, अपने विदेशी मुद्रा भंडार में सोने की हिस्सेदारी 2022 से लगातार बढ़ा रहे हैं। इससे भी सोने की तेजी को बल मिल रहा है। 2025 में अगस्त तक दुनियाभर के केंद्रीय बैंकों ने 138 टन सोना खरीदा है।इस तेजी के बीच सोना खरीदना चाहिए या नहीं?जवाब है- हां, लेकिन सोच-समझकर। कमोडिटी समाचार सिक्यूरिटीज के सह-संस्थापक और रिसर्च हेड अंकित कपूर कहते हैं, अगर आप शॉर्ट-टर्म ट्रेडर हैं, तो थोड़ी सावधानी रखें। क्योंकि लगातार 50 दिनों की तेजी के बाद एक सीमित प्रॉफिट बुकिंग आ सकती है। यदि आप लॉन्ग-टर्म निवेशक हैं यानी अगले 6 महीने से 3 साल का दृष्टिकोण रखते हैं, तो पोर्टफोलियो में सोने की भागीदारी बढ़ाने का समय है।ऑगमोंट गोल्ड की रिसर्च हेड, डॉ. रेनिशा चैनानी के मुताबिक, लंबी अवधि के लिए सोना अभी खरीदा जा सकता है। रिकॉर्ड लेवल पर मुनाफा वसूली होने से सोने की कीमतों में 5-10% करेक्शन की उम्मीद है। हर गिरावट पर सोने में निवेश का अच्छा मौका होगा।सोने में निवेश- फिजिकल या डिजिटल?डिजिटल विकल्प अधिक व्यवहारिक और सुरक्षित हैं। डिजिटल गोल्ड, गोल्ड ईटीएफ में निवेश से स्टोरेज, चोरी और मेकिंग चार्ज जैसी दिक्कतें नहीं रहतीं। लॉक-इन पीरियड होता है, जो इसे लंबी अवधि के निवेश के लिए उपयुक्त बनाता है।

## सोने के बदले कर्ज, आरबीआई ने क्यों बदले नियम ग्राहकों को क्या मिलेगा फायदा?

नई दिल्ली,16 अटक्बूर । सोने की महंगाई के साथ भारत का गोल्ड लोन बाजार सालाना औसतन 30% की दर से बढ़ रहा है। इक्रा और रिजर्व बैंक के अनुसार, इस साल अगस्त तक बैंकों और एनबीएफसी के सोने के बदले कर्ज 2.94 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गए। सीआरआईएफ की रिपोर्ट बताती है कि जून तक भारत में बैंक व एनबीएफसी के गोल्ड लोन पोर्टफोलियो 13.4 लाख करोड़ पर थे। रिजर्व बैंक ने नई मौद्रिक नीति में गोल्ड लोन से जुड़े नियमों में बदलाव किए हैं। नए नियम एक अप्रैल, 2026 से लागू होंगे।आरबीआई ने क्यों बदले नियम?गोल्ड लोन में छोटे ग्राहकों ( 2.5 लाख तक ) की हिस्सेदारी 60% है। औसत ऋण आकार 70,000 रुपये है। ज्वेलरी मुख्य तौर पर गिरवी रखी जाती है। गोल्ड लोन रोलओवर



में तेज वृद्धि, गिरवी रखे सोने को लौटाने में देरी और सोने का अनुचित मूल्यांकन। बैंक कई शुल्क वसूल रहे थे, जब्त सोने की नीलामी पारदर्शी नहीं थी, उपभोक्ताओं की शिकायतें लगातार बढ़ रही थीं।सोना, सिक्के या ईटीएफ खरीदने के लिए बैंकों से कर्ज नहीं मिलेगा। स्वर्ण आभूषण या सिक्कों के बदले कर्ज की अनुमति है।लोन टू वैल्यू के नियम बदले हैं। इसका मतलब गिरवी रखे सोने के मूल्य और उस पर मिलने वाले कर्ज का अनुपात है।2.5 लाख रुपये तक के कर्ज पर पर एलटीवी ( लोन-टू-वैल्यू ) 85%, 2.5 से 5 लाख रुपये पर 80% और 5 लाख से अधिक पर 75% होगी।छोटे ग्राहकों को सोने के बदले अधिक राशि मिलेगी।सोने का मूल्यांकन- सोने का मूल्य आईबीजेए या सेबी विनियम दरों के अनुसार 30 दिन की औसत कीमत या पिछले दिन की कीमत के निचले स्तर पर तय होगा।कर्ज का भुगतान- 12 महीने के भीतर मूलधन और ब्याज चुकाना होगा। पहले लोग ब्याज राशि चुकाकर ऋण नवीनीकरण करवा लेते थे। रोलओवर रुकने से डिफॉल्ट का जोखिम कम होगा।सोने की वापसी- 7 कार्य दिवसों के भीतर गिरवी सोना वापस करना होगा। देरी पर बैंक या एनबीएफसी 5,000 रुपये प्रतिदिन जुर्माना देगा।नीलामी प्रक्रिया- डिफॉल्ट के मामले में नीलामी से पहले ग्राहक को सूचना देनी होगी। आरक्षित मूल्य बाजार मूल्य के 90% पर निर्धारित होगा सभी दस्तावेजों एलटीवी विवरण, सोने की शुद्धता और ऋण शर्तों को जांच लें और मूल्यांकन प्रमाणपत्र संभालकर रखें। जो सोना आपके पास नहीं है, या पहले से गिरवी रखा है, उसे दोबारा गिरवी न रखें। अलग-अलग बैंकों और एनबीएफसी की ब्याज दर की तुलना करें

## ट्रंप के 'टैरिफ बम' से क्रिप्टो बाजार में सुनामी, निवेशकों के 1.7 लाख करोड़ रुपए स्वाहा

नई दिल्ली ,16 अक्टूबर । अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार सुबह अपने एक ऐलान से वैश्विक बाजार में भूचाल ला दिया है। अपने पुराने प्रतिद्वंदी चीन के खिलाफ 'ट्रेड वॉर' को एक नए स्तर पर ले जाते हुए ट्रंप ने चीनी सामानों पर 100त्न अतिरिक्त टैरिफ लगाने की घोषणा कर दी है, जिसके बाद अमेरिकी बाजार से लेकर क्रिप्टो मार्केट तक में हाहाकार मच गया। बिटकॉइन समेत तमाम बड़ी क्रिप्टोकरेंसी धड़ाम हो गईं और निवेशकों को एक ही दिन में 1.7 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का भारी नुकसान हुआ।

## शेयर बाजार में एनआरआई लोगों की सहभागिता बढ़ाने पर जोर, सेबी प्रमुख तुहिन कांत पांडे का बयान

मुंबई ,16 अक्टूबर। सेबी प्रमुख ने कहा कि एक हालिया राष्ट्रव्यापी सर्वे से पता चला है कि 63 प्रतिशत लोग प्रतिभूति उत्पादों से वाकिफ हैं, लेकिन केवल 9.5 प्रतिशत ही सक्रिय तौर पर इसमें भाग लेते हैं। शहरी इलाकों में थोड़े ज्यादा 15 प्रतिशत लोग शेयर बाजार में सक्रिय हैं।भारत में प्रतिभूति बाजार की नियामक संस्था सेबी के प्रमुख तुहिन कांत पांडे ने कहा है कि भारतीय शेयर बाजार में अनिवासी भारतीयों ( एनआरआई ) की सहभागिता बढ़ाने के लिए केवाईसी की



प्रक्रिया को आसान और सुरक्षित बनाने पर उनका फोकस है। सेबी प्रमुख ने कहा कि देश में अभी भी शेयर बाजार को लेकर जागरुकता की कमी है। मुंबई में बीएफएफ कैपिटल मार्केट कॉन्फ्लुएंस 2025 को संबोधित करते हुए तुहिन कांत पांडे ने कहा कि सेबी ने केवाईसी की प्रक्रिया को आसान बनाया है, लेकिन अनिवासी भारतीयों के लिए इसे और आसान बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि %निवेशकों को जागरुक करने के लिहाज से हमने लंबा रास्ता तय किया है। हमने केवाईसी प्रक्रिया का आसान बनाया है और प्रक्रिया के पूरा होते ही लेन-देन की भी मंजूरी मिल जाती है, लेकिन अभी हमें इसे अनिवासी भारतीयों के लिए और आसान बनाने की जरूरत है ताकि अनिवासी भारतीयों की शेयर बाजार में सहभागिता को बढ़ाया जाए। यही हमारा फोकस है।सेबी प्रमुख ने कहा कि एक हालिया राष्ट्रव्यापी सर्वे से पता चला है कि 63 प्रतिशत लोग प्रतिभूति उत्पादों से वाकिफ हैं, लेकिन केवल 9.5 प्रतिशत ही सक्रिय तौर पर इसमें भाग लेते हैं। शहरी इलाकों में थोड़े ज्यादा 15 प्रतिशत लोग शेयर बाजार में सक्रिय हैं, वहीं ग्रामीण इलाकों में 6 प्रतिशत लोग ही शेयर बाजार में सक्रिय हैं। सर्वे में पता चला है कि 36 प्रतिशत निवेशक ही शेयर बाजार के बारे में ज्यादा या ठीक-ठाक जानकारी रखते हैं। इससे पता चलता है कि लोगों में जागरुकता की कमी है।

# दीपोत्सव में इस बार दो दिन की होगी अमावस्या

## पांच की बजाए छह दिनों की होगी दीपावली



कोरबा (छ.ग.गौरव)। मां महालक्ष्मी की पूजा प्रदोष काल, महानिशा काल में की जाती है। इस बार अमावस्या दो दिनों की है। अमावस्या 20 अक्टूबर दोपहर 3.52 बजे से प्रारंभ होगी 21 अक्टूबर शाम 5.59 बजे तक रहेगी।

उजास, उल्लास और उत्साह का पर्व दीपोत्सव इस बार भी छह दिन का होगा। अमावस्या दो दिनों का होगा। 20 अक्टूबर का लक्ष्मी पूजा की जाएगी। यह लगातार लगभग चौथा वर्ष होगा, जब दीपोत्सव पांच की बजाए छह दिनों की होगी। पर्व को लेकर बाजार गुलजार हो गया है। पर्व को लेकर लोगों में खासा उत्साह का माहौल है। कार्तिक मास की अमावस्या तिथि को मां लक्ष्मी की पूजा के साथ-साथ घर को रंग-बिरंगी झालर लाइट और दीपों से सजाया जाता है। इस बार 18 अक्टूबर से दीपोत्सव की शुरुआत होगी। अमावस्या दो दिनों की होगी। ऐसे में 20 अक्टूबर को मां लक्ष्मी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाएगी। 21 अक्टूबर को स्नानदान अमावस्या होगी। लक्ष्मी पूजा के एक दिन बाद 22 अक्टूबर को गोवर्धन पूजा और दो दिन बाद 23 अक्टूबर को भाई दूज मनाई जाएगी। बताया जा रहा है कि दीपावली पर यह लगातार चौथा साल है। जब दीपोत्सव पांच की बजाए छह दिनों का हो रहा है। पिछले साल भी अमावस्या तिथि दो दिन थी। वर्ष 2023 में भी अमावस्या तिथि दो दिन थी और अगले दिन सोमवती अमावस्या, स्नानदान अमावस्या थी। वर्ष 2022 में दीवाली के दिन सुर्यग्रहण होने के कारण भाई दूज तीसरे दिन मनाई गई थी। दीपोत्सव को लेकर बाजार गुलजार हो गया है। घर-घर में सफाई और रंग-बिरंगी झालर लाइटों से सजाने का काम जोरों पर हैं। प्रतिष्ठानों में नए-नए व आकर्षक सामाग्रियों की मांग बढ़ गई है।

सुबह होते ही शहरी क्षेत्र के इतवारी बाजार, पावर हाउस रोड, टीपी नगर, घंटाघर, कोसाबाड़ी से लेकर उप नगरीय व ग्रामीण क्षेत्र के बाजार में चहल-पहल बढ़ गई है। शाम होते ही मुख्य मार्गों पर भीड़ बढ़ने लगी है। यही स्थिति बुधवार को भी रही। बुधवार को पुष्य नक्षत्र पर बुध पुष्य योग का शुभ मुहूर्त था। इस पर लोगों ने सुबह लगभग 12 बजे तक जमकर खरीददारी की।

# पंचतत्व में विलीन हुए पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष बनवारी लाल



कोरबा (छ.ग.गौरव)। छत्तीसगढ़ विधानसभा के प्रथम पूर्व उपाध्यक्ष और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता बनवारी लाल अग्रवाल (78) का लंबी बीमारी के बाद बुधवार की रात को निधन हो गया। निधन की खबर आते ही उनके गृह जिला कोरबा समेत पूरे प्रदेशभर में शोक की लहर है। उन्हें अंचल में उनके स्नेही नाम बनवारी भैया के तौर पर जाना जाता था। उनकी अंतिम यात्रा गुरुवार को दोपहर 3 बजे उनके निवास स्थान (दुरपा रोड) से शुरू होकर मोतीसागर पारा कोरबा स्थित मुक्तिधाम पहुंची। जहां नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी गई।

बनवारी लाल अग्रवाल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की विचारधारा के प्रति प्रतिबद्ध और एक सिद्धांतवादी भाजपा नेता थे। छत्तीसगढ़ राज्य गठित होने के बाद वह राज्य के पहले विधानसभा उपाध्यक्ष बने थे। इसके अलावा उन्होंने विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष के रूप में भी कार्य किया। बनवारी लाल अग्रवाल का जन्म 1 मई 1947 को कोरबा जिले के जपेली गांव में हुआ था। उनके पिता का नाम स्व. श्री श्रीधर अग्रवाल था। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा के बाद रायपुर से एमएससी, बीएड, एलएलबी की पढ़ाई पूरी की, जिसके बाद उन्होंने वकालत का काम भी किया। अग्रवाल छत्तीसगढ़ उच्चतर माध्यमिक शाला बिलासपुर में व्याख्याता भी रह चुके हैं। पढ़ाई के दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़कर उन्होंने सामाज और शिक्षा के लिए समर्पित भाव से कार्य किया। 1990-92 में विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण कोरबा के अध्यक्ष चुने गए थे। वहीं बनवारी लाल अग्रवाल बिलासपुर भाजपा कमेटी के संगठन महामंत्री भी रह चुके हैं। उन्होंने पहली बार 1993 में विधानसभा चुनाव लड़ा था। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस के प्रत्याशी को हराकर जीत हासिल की थी। इसके बाद 1998 में वे एक बार फिर मैदान में उतरे और पुन: जीत का परचम लहराया।

बनवारी लाल अग्रवाल 1996-97में भाजपा प्रदेश अनुशासन समिति के सदस्य बने। इसके बाद 2000 में वे सामान्य प्रयोजन समिति छत्तीसगढ़ विधानसभा के सदस्य रहे। वहीं 2001 में भाजपा के प्रदेश कोषाध्यक्ष चुने गए, इसके अलावा वे सरस्वती शिशु मंदिर, रोटरी क्लब एवं लायंस क्लब से संबद्ध रहे हैं। लंबे समय की राजनीतिक सफ़र के बाद वे 28 मार्च 2001 से 9 मार्च 2003 तक छत्तीसगढ़ विधानसभा के उपाध्यक्ष पद पर आसीन रहे। वे पिछले एक लंबे अरसे से अस्वस्थ थे। उनका उपचार बालको हॉस्पिटल और कुछ दिन एक निजी अस्पताल में किया गया, लेकिन उनकी स्थिति में सुधार नहीं हो पाया। उन्होंने बुधवार रात अपने निवास स्थान पर अंतिम सांस ली। गुरुवार को स्व अग्रवाल का अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान शहर के विभिन्न राजनैतिक दलों के नेता, भाजपा पदाधिकारी, व्यापारी, समाजसेवी, विभिन्न संगठनों के लोग, पत्रकार और नगरजनों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# बीमार ऊंट की मौत, छोड़कर भागा मालिक

## छत्तीसगढ़ हेल्थ वेलफेयर सोसाइटी ने किया अंतिम संस्कार



कोरबा (छ.ग.गौरव)। बालको नगर स्थित सतनाम नगर इलाके में एक बीमार ऊंट की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि उसका मालिक उसे रस्सी से बांधकर भाग गया था। स्थानीय लोगों की सूचना पर छत्तीसगढ़ हेल्थ वेलफेयर सोसाइटी ने ऊंट का अंतिम संस्कार किया।

पिछले कुछ दिनों से सतनाम नगर क्षेत्र में ऊंट बीमार अवस्था में देखा जा रहा था। उसकी शारीरिक दशा लगातार बिगड़ रही थी। पशु के शरीर के अलग-अलग हिस्सों में खराबी आने लगी थी, जिसके बाद उसकी मौत हो गई। वेलफेयर सोसाइटी ने जेसीबी की मदद से उसे दफनाया। स्थानीय लोगों ने बताया कि कुछ लोग बाहर से ऊंट को लेकर आए थे और उसे जंगल में रस्सी से बांधकर भाग गए। उन्होंने 112 और वेलफेयर सोसाइटी को इसकी सूचना दी थी, जिसके बाद पशु चिकित्सक उसका इलाज कर रहे थे। लोगों ने ऊंट को छोड़कर भागने वाले लोगों पर कार्रवाई की मांग की है। पशु चिकित्सक ने जानकारी दी कि पिछले दो दिनों से ऊंट का इलाज चल रहा था। उसके मुंह में संक्रमण फैल गया था, जिसके कारण उसकी मौत हुई। छत्तीसगढ़ हेल्थ वेलफेयर सोसाइटी के जिला अध्यक्ष अविनाश कुमार गुप्ता ने बताया कि सूचना मिलते ही उनकी टीम ने ऊंट का रेस्क्यू कर इलाज शुरू किया था। हालांकि इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई, जिसके बाद समिति ने उसका अंतिम संस्कार किया। यह पहली बार नहीं है जब कोरबा जिले में सामाजिक संगठनों ने ऐसे पशुओं के प्रति अपना सरोकार दिखाया है। इससे पहले भी गोवंश और अन्य पशुओं की मृत्यु होने पर इन संगठनों ने उनका अंतिम संस्कार किया है।

# लापरवाह शिक्षक की रोकी गई वेतन वृद्धि

कोरबा (छ.ग.गौरव)। स्कूल देरी से आना, मोबाइल पर व्यस्त रहना और बच्चों से काम कराना एक शिक्षक को महंगा पड़ गया। डीईओ ने गोकनई स्कूल में पदस्थ सहायक शिक्षक अर्जुन कुमार चौबे पर कार्रवाई करते हुए एक वेतनवृद्धि रोक दिया है।

मामला विकासखंड पाली के ग्राम पंचायत धौराभांठा में संचालित शासकीय प्राथमिक शाला गोकनई की है। ग्रामीणों ने 28 जुलाई को पाली एसडीएम से शिकायत की थी। ग्रामीणों ने बताया था कि शासकीय प्राथमिक शाला गोकनई में पदस्थ सहायक शिक्षक अर्जुन कुमार चौबे और प्रधान पाठक रामप्रसाद श्याम समय पर कक्षा में नहीं पहुंचते। ड्यूटी के दौरान मोबाइल व्यस्त रहते हैं और बच्चों को पढ़ाने के बजाए काम कराते हैं। एसडीएम ने मामले में संज्ञान लिया और जांच टीम बनाई। टीम ने ग्रामीणों का बयान दर्ज किया। बच्चों के शैक्षणिक स्तर एवं शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के रजिस्टर का अवलोकन किया। इस आधार पर टीम ने शिकायत को सही पाया। तहसीलदार ने जांच रिपोर्ट एसडीएम को दिया। जांच रिपोर्ट के आधार पर डीईओ ने सहायक शिक्षक अर्जुन चौबे को कार्य में लापरवाही मानते हुए यह गलती दोबारा नहीं होने की चेतावनी दी। इसके साथ ही एक वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से रोका गया है।

# त्योहारी सीजन में सुरक्षा को लेकर पुलिस ने किया अलर्ट




कोरबा (छ.ग.गौरव)। दीपावली पर्व को लेकर सुरक्षा एवं सावधानी के संबंध में आम नागरिकों को पुलिस अलर्ट किया है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन में पुलिस द्वारा दीपावली पर्व को सुरक्षित, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने नागरिकों से सावधानियों का पालन करने की अपील की गई है। पुलिस ने कहा है कि खरीदारी के समय सावधानी बरतें। भीड़भाड़ वाले बाजारों में अपने कीमती आभूषण, पर्स, मोबाइल आदि का विशेष ध्यान रखें। खरीदारी के बाद अपने बैग, थैले या वाहन के डिब्बे (डिग्गी) में मूल्यवान वस्तुएँ खुले रूप में न रखें। वाहन को सुरक्षित स्थान पर ही पार्क करें और लॉक अवश्य करें। बैंक एवं एटीएम लेनदेन के समय सतर्क रहें। बैंक या एटीएम से पैसे निकालते समय आसपास की गतिविधियों पर नजर रखें। किसी अजनबी की अनावश्यक सहायता स्वीकार न करें। निकाली गई राशि को सुरक्षित रखें और उसे खुले में प्रदर्शित न करें। दुकानदारों एवं व्यापारियों से अपील की गई है कि अपनी दुकान/प्रतिष्ठान में पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरे लगाएँ और उनकी कार्यप्रणाली की नियमित जाँच करें। भारी नकदी साथ लेकर अकेले न निकलें। बैंक में जमा या निकासी करते समय विशेष सावधानी बरतें। बैंक से पैसा निकालने के बाद सीधे घर जाएँ; रास्ते में किसी अनजान व्यक्ति के कहने पर रुकें नहीं। दीपावली का पर्व शालीनता, संयम एवं आपसी सद्भाव के साथ मनाएँ। किसी भी प्रकार की तोड़फोड़, असामाजिक या सांप्रदायिक उकसावे वाली गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तुरंत निकटतम पुलिस थाना या कंट्रोल रूम को दें। पटाखों का सुरक्षित उपयोग एवं बच्चों की सुरक्षा को लेकर कहा कि पटाखे केवल अनुमोदित निर्माता के ही प्रयोग करें और उनके निर्देशों का पालन करें। छोटे बच्चों को पटाखों से दूर रखें तथा उनकी निगरानी अवश्य करें। पास में पानी, बाल्टी या प्राथमिक चिकित्सा सामग्री रखें। अपने घर व मोहल्ले की सुरक्षा पर ध्यान दें। घर से बाहर जाते समय दरवाजे-खिड़कियाँ सुरक्षित रूप से बंद करें तथा अपने विश्वसनीय व्यक्ति को घर की देखरेख हेतु सूचित करें। घर एवं दुकान में सीसीटीवी कैमरे लगवाएँ और उन्हें चालू अवस्था में रखें।नागरिकों से अपील की है कि अपने मोहल्ले में आपसी समन्वय बनाते हुए सामूहिक रूप से सीसीटीवी कैमरे लगवाएँ, जिससे किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर निगरानी रखी जा सके। किसी भी आपात स्थिति, अपराध या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस थाना, पुलिस कंट्रोल रूम या 112 पर दें।

# बिजली कर्मियों को दीपावली से पहले खुशखबरी, बढ़ा 3 फीसदी महंगाई भत्ता

कोरबा (छ.ग.गौरव)। बिजली कंपनी प्रबंधन ने बिजली कर्मचारियों का महंगाई भत्ता तीन प्रतिशत बढ़ा दिया है। प्रबंधन की ओर से महंगाई भत्ता वृद्धि का आदेश जारी कर दिया गया है। बिजली कर्मचारियों ने दीपावली से पहले महंगाई भत्ते में तीन प्रतिशत वृद्धि का आदेश जारी करने की मांग की थी। बिजली कर्मचारियों की यह मांग पूरी हो गई है।

छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ महासंघ के प्रदेश महामंत्री नवरतन बरेठ ने बताया कि बिजली कंपनी में कार्यरत नियमित, संविदा एवं बाह्य स्त्रोत कर्मचारियों और अधिकारियों को दिवाली पूर्व बोनस( अनुग्रह ) राशि दिए जाने का आदेश जारी किया गया है। महासंघ की ओर से पिछले दिनों कंपनी प्रबंधन को पत्राचार कर दीपावली के पूर्व बोनस राशि और जुलाई 2025 से बढ़ी हुई तीन प्रतिशत महंगाई भत्ता दिए जाने की मांग की गई थी। उसी प्रकार सभी क्षेत्र के क्षेत्रीय सचिवों की ओर से ठेका कर्मचारियों को दिवाली पूर्व बोनस भुगतान करने कार्यपालक निदेशक को पत्राचार किया गया था। इसी कड़ी में महासंघ के 9 अक्टूबर के विशाल आमसभा एवं धरना प्रदर्शन के कारण कंपनी प्रबंधन के द्वारा 9 अक्टूबर को ही विद्युत कंपनी में कार्यरत अधिकारी, कर्मचारियों, संविदा कर्मचारियों के लिए दिवाली पूर्व 12 हजार (बोनस) भुगतान का आदेश जारी किया गया। और बाह्य स्त्रोत कर्मचारियों के लिए उनके नियोक्ता ठेकेदार को बोनस देने निर्देशित किया गया। इसके साथ ही केंद्र सरकार द्वारा जारी महंगाई भत्ते में तीन वृद्धि को नियमित विद्युत अधिकारी, कर्मचारी और पेंशनर्स को भुगतान करने आदेश जारी किया गया, जो कि 58 प्रतिशत हो गया है।महासंघ का कहना है कि लेकर 9 अक्टूबर को पावर कंपनी मुख्यालय की समक्ष विशाल आमसभा में प्रदर्शन किया था तथा 10 अक्टूबर से लगातार मुख्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन क्रमिक धरना प्रदर्शन किया जा रहा है।

# मौसमी बीमारी का बढ़ा प्रकोप

कोरबा (छ.ग.गौरव)। बारिश अब थम गई है और हल्की ठंड लगने लगी है। मौसम में बदलाव होने लगा है मगर बारिश के दौरान होने वाली वायरल इंफेक्शन की समस्या पीछा नहीं छोड़ रही है। बुखार, हरारत और जुकाम जैसी परेशानी देर से ठीक हो रही, जिसकी वजह से अस्पतालों में नए के बजाए पुराने मरीजों की संख्या अधिक है। अब वाली परेशानी लोगों की समस्या बढ़ाएगी। चिकित्सकों के मुताबिक वायरल इंफेक्शन की समस्या महीनेभर से अपना असर दिखा रही है। थोड़ी लापरवाही होने पर इंलुएंजा के वायरस बुखार, कमजोरी अथवा सर्दी-जुकाम के रूप में लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। बारिश के सीजन में होने वाला यह संक्रमण इतना पॉवरफुल है कि मौसम बदलने के बाद भी लोगों का पीछा नहीं छोड़ रहा है। चिकित्सकों के अनुसार वर्तमान में विभाग आने वाले नए मरीजों की संख्या पुराने मरीजों की तुलना में कम है। जिन्हें संक्रमण हो चुका है, वे पोस्ट वायरल की समस्याओं के साथ अस्पताल के एक दो दिन चक्कर लगा रहे हैं। आने वाले दिनों में जब ठंड अपना असर दिखाना शुरू करेगी, तब एक बार फिर मौसम से संबंधित बीमारी अपना असर दिखा रही है।

# हाथियों ने दर्जनों किसानों की रौंदी फसल



कोरबा (छ.ग.गौरव)। कोरबा वनमंडल के करतला परिक्षेत्र में 52 हाथी बड़मार व कोटमेर बीट में विचरण कर रहे हैं। जिसमें से 15 हाथी बड़मार तथा 37 कोटमेर क्षेत्र में सक्रिय हैं। हाथियों के इन दोनों हाथी के झुंडों ने बीती रात उत्पात मचाते हुए दो दर्जन से अधिक ग्रामीणों के धान की फसल को रौंद दिया। जिससे की उन्हें काफी नुकसान उठाना पड़ा है। हाथियों के उत्पात की ग्रामीणों द्वारा वन विभाग को सूचना दी गई। सूचना पर अधिकारी व कर्मचारी सुबह मौके पर पहुंचे और रात में हाथियों द्वारा किये गए नुकसानी का आंकलन करने के साथ रिपोर्ट अधिकारियों को सौंपी, जिसे क्षतिपूर्ति के लिए वनमंडल कार्यालय भेजा जाएगा। जहां से स्वीकृति उपरांत पीड़ितों को क्षतिपूर्ति राशि दी जाएगी। इससे पहले हाथियों का यह झुंड कोरबा रेंज के कोरकोमा सर्किल अंतर्गत गेराव व बताती में विचरण कर रहा था। हाथियों ने वहां भी बड़ी मात्रा में पहुंचकर फसलों को ग्रामीणों की मेहनत पर पानी फेर दिया था। ग्रामीणों द्वारा खदेड़े जाने पर हाथियों का दल दो झुंड में बंट गए और बड़मार तथा कोटमेर पहुंचकर उत्पात मचाने लगे हैं। उधर कटघोरा वन मंडल में सक्रिय 54 हाथियों ने दल ने भी लगातार दूसरे दिन बनिया व आसपास के गांव में उत्पात मचाते हुए धान फसल को भारी नुकसान पहुंचाया है।

# त्योहारी सीजन में जाम से राहत के लिए पावर हाउस रोड में चला अभियान

## नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते व यातायात पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

कोरबा (छ.ग.गौरव)। त्योहारों से सीजन में कोरबा शहर में भीड़ और जाम लगने का सिरदर्द हर साल देखने को मिलता है। खासकर दीपावली के वक्त शारदा विहार, सुनालिया चैक और पावर हाउस रोड में खरीदारी के लिए पहुंचने वाले लोगों को काफी परेशानी होती है। ऐसे में यातायात व्यवस्था बाधित न हो, इसे ध्यान में रखते हुए बुधवार को नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते एवं यातायात पुलिस की टीम ने अभियान चलाया। इस दौरान सड़क पर खड़े वाहनों को हटवाने के साथ व्यवसायी बंधुओं और आम लोगों से भी यातायात व्यवस्था बहाल रखने में मदद की गुजारिश की गई। बुधवार को यातायात पुलिस की टीम के सहायक उप निरीक्षक मनोज राठौर एवं नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते से इम्तियाज अली की टीम ने मुख्य मार्ग पर पैदल चलकर अभियान चलाया। इस दौरान संयुक्त टीम ने शारदा विहार फाटक से लेकर सोनालिया पुल और पावर हाउस रोड में लगे ठेले हटा लेने का आग्रह किया। साथ ही व्यवसायियों एवं आम लोगों को समझाइश देते हुए उन्हें त्योहार के समय यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की।

# दिवंगत पुलिस कर्मी के परिजनों को सौंपा गया एक करोड़ का चेक

कोरबा (छ.ग.गौरव)। जिला पुलिस कोरबा द्वारा भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के साथ समन्वय स्थापित कर जिले में कार्यरत पुलिस बल के सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को पुलिस सैलरी पैकेज योजना का लाभ प्रदान किया गया है।

उक्त योजना अंतर्गत सड़क दुर्घटना बीमा योजना के तहत पुलिस विभाग के दीपका थाना में पदस्थ रहे आरक्षक भूपेन्द्र सिंह कंवर के दिवंगत होने पर उनके परिजनों को एक करोड़ रुपए रुपए की सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया है। आरक्षक भूपेन्द्र सिंह कंवर दीपका थाना में पदस्थ थे। रात्रि ड्यूटी के लिए अपने निवास स्थान कटघोरा से दीपका थाना जा रहे थे। इस दौरान जवाली के पास तेलर मोड़ के समीप उनकी मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसमें उनकी मृत्यु हो गई थी। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की ओर से पुलिस सैलरी पैकेज योजना के तहत सड़क दुर्घटना बीमा योजना से प्राप्त एक करोड़ रुपए की सहायता राशि का चेक सौंपा गया।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक किशोर शर्मा द्वारा कावेरी प्रिंटर्स, सी-35,प्रेस काम्पलेक्स टी.पी. नगर कोरबा (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित संपादक किशोर शर्मा, पंजीयन क्रमांक 7585/61 फोन नं. 07759-357623